4 रायपुर संभाग
एक और एक 11 की तर्ज पर...

6 अभिमत
बड़बोले बयान भारतीयता पर...

09 छत्तीसगढ़
कबीरधाम में अवैध रेत खनन...

10 छत्तीसगढ़
ग्राम गुडेलिया बना छत्तीसगढ़ का मॉडल विकसित गांव : बृजमोहन

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

Established 1865

पायनियर

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-267
रायपुर, मंगलवार 20 मई 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

चिक न्यूज

जीईएम से लालफीताशाही खत्म, बचत भी सुनिश्चित : पीएम मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकारी ई मार्केट प्लेस, जीईएम लालफीताशाही को खत्म कर वंचित लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है जिससे उन्हें बचत भी हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का जीईएम पर लिखा गया एक लेख साझा किया है। मोदी ने इस पोस्ट में लिखा है, सरकार के पारदर्शी शासन के प्रयासों को डिजिटल बढ़ावा मिला है। जीईएम इंडिया हाशिए पर पड़े लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, लालफीताशाही को खत्म कर रहा है और भारी बचत सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा है कि गोयल ने इस विषय पर पूरी जानकारी देने वाला ज्ञानवर्धक लेख लिखा है।

साइबर अपराध समन्वय केन्द्र ने जीरो एफआईआर पहल शुरू की

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि साइबर अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए ई- जीरो प्राथमिकी दर्ज करने की नयी पहल शुरू की गयी है। शाह ने कहा कि अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए ई जीरो एफआईआर पहल शुरू की गयी है। उन्होंने कहा कि अभी इसे राजधानी दिल्ली में शुरू किया जा रहा है और जल्द ही देश भर में लागू किया जायेगा।

अमेरिकी सरकार की क्रेडिट रेटिंग घटाए जाने से बाजार में गिरावट

मुंबई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज के अमेरिकी सरकार की रेटिंग घटाए जाने से वैश्विक धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 271.17 अंक लुढ़ककर 82,059.42 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 74.35 अंक टूटकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24945.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली हुई।

जो सरकार अच्छा काम करती है, वह जनता के बीच जाने से नहीं कतराती : विष्णु देव

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उड़न खटोला बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आमागोहन में उतरा। वनांचल के आदिवासी ग्राम में मुख्यमंत्री साय को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल था। वे चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर अपने राज्य के मुखिया को एक झलक देखने और उन्हें सुनने के लिए घण्टो डटे रहे। मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में जहाँ ग्रामीणों से संवाद किया वहीं मुख्यमंत्री ने समाधान पेटी में डाले गए आवेदनों की निराकरण की स्थिति भी जानी। उन्होंने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि आज सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव में आई है। हमने बीते डेढ़ वर्षों में राज्य के लोगों के हित में कार्य किया है। जो सरकार अच्छा काम करती है उनकी ही हिम्मत होती है जनता के बीच जाने की। सुशासन तिहार एक तरह से हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का आंकलन करने का अवसर भी। इसके माध्यम से सरकार योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रही है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक के अंतर्गत दूरस्थ आदिवासी ग्राम आमागोहन के समाधान शिविर में मुख्यमंत्री साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में हमारी सरकार बनी और डेढ़ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में लोकसभा, नगरीय निकाय, नगर पंचायत में हमारी सरकार बनी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वादों को पूरा किया है।

मुख्यमंत्री के कड़े तेवरः लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज

मुंगेली। सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के. मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मनियारी जलाशय और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री साय ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में जिले का अत्यंत खराब प्रदर्शन जिले में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री साय के इस तीखे रुख से स्पष्ट है कि सरकारी कार्यों में शिथिलता और जवाबदेही से बचने का युग समाप्त हो चुका है। अब काम नहीं, तो बख्शे नहीं जाएंगे।

पहाड़ी क्षेत्र में बसे ग्राम बिजराकछार में पहुँचे मुख्यमंत्री

मुंगेली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तीसरे चरण में सोमवार को मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के सुदूर और दुर्गम ग्राम बिजराकछार में आयोजित समाधान शिविर में पहुँचे। घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच बसे इस इलाके में पहली बार मुख्यमंत्री का आगमन होते ही ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह दिखा। यह इलाका आदिवासी और बैगा विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल है और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित है। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं और किसानों ने पारंपरिक खुमरी के साथ मुख्यमंत्री का गजमाला से अभिनंदन किया। समाधान शिविर में मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में आत्मीयता के साथ ग्रामीणों से मुलाकात की और जनसमस्याओं को सुना। उन्होंने डिंडोरी में नए कॉलेज की स्थापना, खुड़िया में पीएचसी का उन्नयन एवं लोरमी में छात्रावास के निर्माण की ऐतिहासिक घोषणाएँ कीं। सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिजराकछार, बोईरहा, खुड़िया, महामाई, निवासखार, सुरही, कटामी, लमनी, छपरवा, अचानकमार, दरवाजा, कारीडोंगरी, डोंगरीगढ़, झिरिया क्लस्टर के रूप में शामिल की गई थीं। मुख्यमंत्री ने क्लस्टर की 14 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों से सीधा संवाद कर शासन की योजनाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभान्वित किया।

ट्रेन टिकटों पर ऑपरेशन सिंदूर मोदी की फोटो छापना शर्मनाक : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने कहा है कि सरकार संवेदनशील मुद्दों को भी प्रचार के रूप में इस्तेमाल कर रही है और इसी का परिणाम है कि रेल टिकटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑपरेशन सिंदूर की फोटो लगाई जा रही है। कांग्रेस ने कहा ट्रेन के टिकट पर 'ऑपरेशन सिंदूर' और नरेंद्र मोदी की फोटो छापी जा रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर'- आतंक के खिलाफ भारत का करारा जवाब था। हमारे जांबाज सैनिकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा थी। लेकिन मोदी सरकार ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर भी प्रचार करने से बाज नहीं आ रही है। पार्टी में इसे सरकार की असंवेदनशीलता करार दिया और कहा कि वह हर मौके का इस्तेमाल खुद के प्रचार के लिए करती है। इससे पहले पीएम मोदी कोविड वैक्सीन के सर्टिफिकेट, खाद के बोरे, अनाज के थैले और बच्चों के बैग पर अपनी फोटो छपवा चुके हैं। ये बेहद शर्मनाक है। इस बी कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा देशहित के मुद्दों पर ओछी राजनीति कर रही है। उसके बाद भी सोचती है कि विपक्ष चुप रहेगा और देश की सुरक्षा से जुड़े सवाल नहीं पूछेगा। हम सवाल पूछते रहेंगे और नहीं पूछेंगे तो देश में आतंकी घटनाएं होती रहेंगी।

बाइडेन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को प्रोस्टेट कैंसर से ग्रसित हैं और यह उनकी हड्डियों तक फैल गया है। जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति का पद छोड़ने वाले बाइडेन को शुक्रवार को बीमारी का पता चला, जब उन्होंने पिछले सप्ताह मूत्र संबंधी लक्षणों के लिए एक डॉक्टर को दिखाया था। यह जानकारी उनके कार्यालय से एक बयान में दी। डॉक्यटरों के मुताबिक यह कैंसर रोग का ज्यादा आक्रामक रूप है, जिसका ग्लीसन स्कोर 10 में से 9 है। कैंसर रिसर्च यूके के अनुसार, इसका मतलब है कि उनकी बीमारी को 'हाई ग्रेड' में रखा गया है और कैंसर कोशिकाएं तेजी से फैल सकती हैं। जानकारी के अनुसार, बाइडेन और उनका परिवार उपचार के विकल्पों पर विचार कर रहा है। उनके कार्यालय ने कहा कि कैंसर हॉरमोन-संवेदनशील है, जिसका मतलब है कि इसे नियंत्रित किया जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 'शुक्रवार को उनमें प्रोस्टेट कैंसर का निदान किया गया, जिसमें ग्लीसन स्कोर 9 (ग्रेड ग्रुप 5) था तथा हड्डी में मेटास्टेसिस था।

सेना प्रमुख द्विवेदी ने लोंगेवाल का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में जैसलमेर से कच्छ तक फैले रेगिस्तान में दुश्मन के नापाक इरादों को विफल करने के लिए सेना, वायु सेना और सीमा सुरक्षा बलों (बीएसएफ) के जवानों और अधिकारियों की सराहना की तथा स्थिति की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने सोमवार को कोणार्क कोर के अग्रिम क्षेत्रों में लोंगेवाला का दौरा किया और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने विशेष रूप से सेनाओं और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान तालमेल की समीक्षा की। इन संयुक्त कार्रवाइयों में न केवल दुश्मन के इरादों को कुंद किया गया बल्कि पश्चिमी मोर्चे पर संचालन प्रभुत्व बनाए रखने में भी सफलता मिली और। इस ऑपरेशन से सेनाओं ने एक 'न्यू नार्मल' भी स्थापित किया। ऑपरेशन सिंदूर के हिस्से के रूप में सेना ने वायुसेना और बीएसएफ के साथ समन्वय में निगरानी परिसंपत्तियों और वायु रक्षा प्रणालियों की तेजी से तैनाती की। नागरिक प्रशासन के सामंजस्य से हथियार प्रणालियों और अन्य परिचालन क्षमता ने प्रभावी वर्चस्व के साथ संभावित खतरों को बेअसर किया।

सुप्रीम कोर्ट ने डीआईसीसीआई को दी अंतरिम राहत

एजेंसी ➤ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय में लंबित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में दलित इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को अंतरिम राहत दी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी और निर्देश दिया कि डीआईसीसीआई को कार्यवाही में एक पक्ष के रूप में शामिल किया जाए। डीआईसीसीआई शुरू में उच्च न्यायालय की कार्यवाही में पक्ष नहीं था, जिसकी अगली सुनवाई 21 मई को होनी है। यह मामला तमिलनाडु सरकार की वार्षिक अंबेडकर बिजनेस चैंपियंस योजना (एबीसीएस) के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार का आरोपों से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया, मौजूदा याचिकाकर्ताओं को प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाए। उच्च न्यायालय आवेदन पर विचार करे और सभी पक्षों को सुनने के बाद आदेश पारित करे। ऐसा आदेश पारित होने तक, इस आदेश (उच्च न्यायालय के) को स्थगित रखा जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि मामले में कोई भी आगे की कार्रवाई करने से पहले उच्च न्यायालय को डीआईसीसीआई को अवश्य सुनना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान यह भी सवाल किया कि उच्च न्यायालय ने अपनी गर्मी की छुट्टियों के दौरान इस मामले को इतनी जल्दी क्यों उठाया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश गवई ने पूछा, आखिर इतनी जल्दी क्या थी कि न्यायालय ने छुट्टियों के दौरान इस मामले को उठाया? यह मामला यूट्यूबर सवुक्कू शंकर द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से शुरू किया गया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि एएबीसीएस योजना को मनमाने ढंग से और अवैध रूप से डीआईसीसीआई को सौंपा गया था। उन्होंने आगे दावा किया कि डीआईसीसीआई नेताओं के तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष और विधायक के सेल्वापेरुन्थगई से संबंध थे। साथ ही, यह भी दावा किया गया था कि इस योजना का लाभ इच्छित दलित लाभार्थियों के बजाय राजनीतिक रूप से जुड़े लोगों को दिया गया। शंकर ने मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की है, जिसमें गड़बड़ी और राजनीतिक पक्षपात का आरोप लगाया गया है। जनहित याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जी.आर. स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति वी. लक्ष्मीनारायणन की अवकाश पीठ सुनवाई कर रही है।

देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैः पायलट

संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए कई कांग्रेसी दिग्गज

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली जांजगीर चांपा में संपन्न हुई। इस रैली में एआईसीसी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिवगण एस. सम्पत, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेतागण शामिल हुये। जांजगीर चांपा जिला में आयोजित संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुये एआईसीसी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि ये बात सच है कि कांग्रेस पार्टी ने देश भर में जन जागरूकता के लिए चिलचिलाती गर्मी में आयोजन किया। इस आयोजन का कारण भाषण देना नहीं है, बल्कि देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रहीं है, उसको बचाने के लिए लोगों के बीच पहुंच कर जागरूक करना है। लोक सभा चुनाव में 400 पार का नारा देने वाले को 240 में लाकर लटका दिया। पाकिस्तान वो धरती है, जहां आतंकवाद पनपने का अड्डा है। पहलगाम की घटना आतंकवादी घटना नहीं बल्कि लोगों को तड़पा कर मारने और आतंक फैलाने की नियत से की गई कारवाई थी। सेना ने उनके छक्के छुड़ा दिए। कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। व्यापार का भय दिखा कर सीजफायर की घोषणा अमेरिका ने कर दी। किसी तीसरे का समझौता कराना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने आतंकवाद को झेला है। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी को आतंकवादियों ने बम से उड़ा दिया। यह भी कहा कि बीजेपी को समझना चाहिए सेना के पराक्रम को, लेकिन बीजेपी के दो मंत्री फौजी का अपमान कर रहे हैं। बीजेपी का दोहरा चेहरा जनता के बीच लाना होगा।

विदेश सचिव ने संसदीय स्थायी समिति को दी ऑपरेशन सिन्दूर जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की एक बैठक हुई जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच हाल के तनाव के बारे में सिलसिलेवार जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मिस्री ने संसदीय स्थायी समिति को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सिलसिलेवार ढंग से घटनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर से भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का समुचित जवाब दिया और आतंकवादियों के ठिकानों, प्रशिक्षण स्थलों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार विदेश सचिव ने स्पष्ट किया कि आतंकवादी ठिकानों पर हमले के बाद पाकिस्तान को जानकारी दे दी गई थी। विदेश सचिव ने यह स्पष्टीकरण विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान को लेकर कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा किए गए एक्स पोस्ट पर हुए सवाल-जवाब के संदर्भ में दिया था। मिस्री ने कहा कि विदेश मंत्री के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि समिति की बैठक में सोशल मीडिया में विदेश सचिव की अपमानजनक ट्रोलिंग के खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया गया और माना गया कि मिस्री एक पेशेवर, दक्ष एवं ईमानदार राजनयिक हैं और बहुत ही सूझबूझ एवं कुशलता से देश की सेवा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता कांग्रेस के सांसद शशि थरूर कर रहे हैं। यह समिति भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद कूटनीतिक, सैन्य और क्षेत्रीय प्रभावों का अध्ययन कर रही है। यह बैठक पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण सीमा पार बढ़े तनाव के मद्देनजर हो रही है जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे मिशन का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ में शुरू होगा भू-जल संवर्धन मिशन, भू-जल और वर्षा जल संरक्षण पर शहरों में होंगे प्रभावी काम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज इसका शुभारंभ करेंगे। मिशन के तहत प्रदेश के शहरों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रभावी काम किए जाएंगे। भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग, राज्य शासन के विभिन्न विभाग तथा विशेषज्ञ जल संरक्षण, इसके उपायों और परिणामों पर मंथन भी करेंगे। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में दोपहर तीन बजे से आयोजित भू-जल संरक्षण मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेषज्ञ जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव इस दौरान शहरों में जल संरक्षण पर विशेषज्ञों से चर्चा करेंगे। वे प्रदेश के नगरीय निकायों में जल संरक्षण की भावी कार्ययोजना भी साझा करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वितीय सत्र में शाम छह बजे मिशन का शुभारंभ करेंगे। वे नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री साय कार्यक्रम में भू-जल संवर्धन मिशन के ब्रोशर का विमोचन और इस पर तैयार वीडियो भी लॉन्च करेंगे। वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोती लाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, इन्द्र कुमार साहू तथा रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि भू-जल संवर्धन मिशन का शुभारंभ कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम सत्र में देश के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ एवं अधिकारी भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर देश-विदेश में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनके परिणामों पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ में इसके क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव 20 मई को दोपहर तीन बजे इस सत्र का शुभारंभ करेंगे। इस सत्र में प्रदेश के ख्याति प्राप्त हाइड्रोलॉजिस्ट रेन वॉटर हॉर्वेस्टिंग की जरूरत, उत्कृष्ट कार्ययोजना और बेस्ट प्रेक्टिसेस पर जानकारी देंगे। क्रेडाई के कॉलोनाइजर्स कॉलोनियों में तथा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि उद्योगों में भू-जल संचय के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रस्तुतिकरण देंगे। वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी भू-जल एवं वर्षा जल के संरक्षण के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उनके परिणामों को प्रस्तुत करेंगे।

कानून का शासन समाज का आधार : जगदीप धनखड़

वार्ता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कानून के शासन को सामाजिक व्यवस्था का आधार करार देते हुए कहा है कि न्यायपालिका को मजबूत करने की आवश्यकता है। धनखड़ ने एक पुस्तक 'दी कॉन्स्टिट्यूशन वीं एडोप्टिड (विद आर्ट वर्क)' के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायपालिका की रक्षा करनी होगी।यह सुनिश्चित करना होगा कि न्यायाधीश भयमुक्त होकर निर्णय ले सकें। वे कार्यपालिका की शक्तियों से निपटना, उद्योग की शक्तियों से जूझना, आर्थिक और संस्थागत ताकतों से टकराना जैसे कठिन काम करते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को मजबूत सुरक्षा देनी चाहिए। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि न्यायाधीश जांच से बचें रहे।इसके लिए एक पारदर्शी, उत्तरदायी और त्वरित 'इन-हाउस' जांच प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। धनखड़ ने कहा कि वर्ष 1991 के 'के. वीरस्वामी निर्णय' पर अब पुनर्विचार करने का समय आ गया है। इस अभेद्य सुरक्षा कवच की उत्पत्ति उच्चतम न्यायालय के के. वीरस्वामी निर्णय (1991) से हुई है। इसने जवाबदेही और पारदर्शिता की हर कोशिश को निष्प्रभावी किया है। अब समय आ गया है कि इसमें बदलाव होना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि एक मजबूत न्यायिक व्यवस्था लोकतंत्र के अस्तित्व और उसकी समृद्धि के लिए अनिवार्य है। यदि कोई एक घटना इस व्यवस्था को कलंकित करती है, तो जल्द से जल्द सच सामने लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में जांच कार्यपालिका का और न्यायिक निर्णय न्यायपालिका का कार्य है।

सुप्रीम कोर्ट न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की याचिका पर सुनवाई को सहमत

एजेंसी ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ कथित नकदी बरामदगी विवाद मामले में मुकदमा दर्ज करने की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा के इस मामले में तत्काल सुनवाई के अनुरोध के बाद कहा कि यदि प्रक्रिया संबंधी खामियां दूर हो गई हों तो इस मामले को मंगलवार के लिए (सुनवाई) सूचीबद्ध किया जा सकता है। शीर्ष अदालत के समक्ष अधिवक्ता नेदुम्परा ने 14 मई को भी मामले का उल्लेख किया था, लेकिन तब अदालत ने उनसे प्रक्रिया का पालन करने को कहा था। अपनी याचिका में नेदुम्परा ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई है। इसके लिए याचिका में कहा गया है कि चूंकि इन-हाउस न्यायाधीशों की जांच समिति ने मामले में उन्हें (न्यायामूर्ति वर्मा) दोषी ठहराते हुए प्रतिकूल रिपोर्ट दी थी। शीर्ष अदालत ने 28 मार्च को अधिवक्ता नेदुम्परा द्वारा न्यायाधीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की इसी तरह की याचिका को समय से पहले की गई याचिका पाया था। अदालत ने तब कहा था कि एक बार आंतरिक जांच पूरी हो जाने के बाद सभी रास्ते खुले हैं। अदालत ने यह भी कहा था कि यदि आवश्यक हो, तो भारत के मुख्य न्यायाधीश मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दे सकते हैं। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति वर्मा के पद छोड़ने से इनकार के बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने 8 मई को केंद्र सरकार को एक पत्र भेजा था।

ट्रम्प के बयान पर केन्द्र सरकार को करना चाहिए अपना रुख स्पष्ट: गहलोत

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर दिया बयान मायना रखता है और इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार ने अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया हैं, क्या उन्हें किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार थी। गहलोत ने मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में चाहे किसी भी दल की सरकार रही हो कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी तीसरे पक्ष की भूमिका रही हो और किसी ने भी हमारे मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया, जो भी मुद्दा था उस पर भारत और पाकिस्तान के बीच की बातचीत हुई, चाहे कश्मीर का मुद्दा रहा हो या अन्य मुद्दा। यह पहली बार हुआ है कि अमेरिका के राष्ट्रपति इसमें पंचायती कर रहे हैं और कह रहे हैं कि मैंने सीजफायर करवाया, कश्मीर का मसला भी सुलझाएंगे। गहलोत ने कहा कि ट्रंप दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति हैं और उनके कहने के मायने होते हैं लेकिन केन्द्र सरकार ने इस पर चुप्पी साध रखी है। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार ने अभी तक इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है कि क्या उन्हें किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार थी। उन्होंने कहा कि ट्रंप लगातार बयान दे रहे हैं इसको लेकर देश की जनता में भी गांव तक गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है लेकिन सरकार समझ नहीं रही है। मोदी सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार और भाजपा डैमेज कंट्रोल के लिए तिरंगा यात्रा निकाल रही है और इसके पीछे भी राजनीति की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग लगातार सरकार से कह रहे हैं कि अमेरिका राष्ट्रपति जो बार-बार बयान दे रहे हैं, उस पर आपकी क्या राय है। इस पर जवाब देना चाहिए लेकिन सरकार की तरफ से कोई इस पर जवाब नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता शशि थरूर को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने पर गहलोत ने कहा कि अब इस मामले में पार्टी की राय भी स्पष्ट हो गई है, जिसे जाना है वो जाए। भाजपा और मोदी सरकार ऐसे संवेदनशील मामलों में भी राजनीति कर रही है और विपक्ष को एक प्रकार से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।

'शिक्षक रह चुकी हूं, पढ़ाई की महत्वता समझती हूँ': ऋतु भूषण

एजेंसी ➤ कोटद्वार/देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण का सोमवार को कोटद्वार के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में कहा, मैं खुद शिक्षक रह चुकी हूं, इसलिए पढ़ाई का महत्वत्ता समझती हूं। विधानसभा अध्यक्ष का आज आर्य कन्या इंटर कॉलेज पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कार्य करवाना उनकी हमेशा पहली प्राथमिकता रही है। कोटद्वार के विभिन्न विद्यालयों में वर्तमान में विकास कार्य चल रहा है। उन्होंने आर्य समाज के लोगों को भी कहा कि समाज में पढ़ाई को आगे बढ़ाने उनका विशेष योगदान है। विद्यालय में पढ़ रही बालिकाओं को उन्होंने मन लगा कर पढ़ाई कर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व, विद्यालय प्रबंधक आनंद प्रकाश और प्रधानाचार्य रेनू नेगी ने भूषण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भूषण ने विधायक निधि के 9.90 लाख रुपये से विद्यालय की छत की ग्राउटिंग एवं छत की बाउंड्रीवाल का कार्य कराया। जबकि इससे पूर्व, विद्यालय को 150 जोड़ी फर्नीचर दिए थे। साथ ही उन्होंने बीएल के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिक इंजीनियरिंग एवं गणित प्रयोगशाला भी खुलवाई। इस अवसर पर, पार्षद प्रेमा खंतवाल, प्रधान आर्य समाज राजेंद्र ग्रोवर ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

मोदी 31 मई को भोपाल में महिला सम्मेलन को करेंगे संबोधित: यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेशवासियों के लिए यह गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 31 मई को भोपाल आगमन प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री मोदी भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। डॉ यादव मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष के शुभारंभ का प्रतीक यह सम्मेलन महिला सशक्तिकरण और स्वावलम्बन को समर्पित होगा। सम्मेलन में लगभग एक लाख महिलाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम का संयोजन प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है, इसमें भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय भी सहयोग करेगा। कार्यक्रम में भारत सरकार की ओर से लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और सिक्के का विमोचन भी प्रस्तावित है।डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन ही राज्य शासन का मिशन है। उन्होंने ज्ञान के कल्याण के अंतर्गत गरीब-युवा-किसान और नारी सशक्तिकरण के लिए मिशन आरंभ किए हैं। प्रदेश में नारी सशक्तिकरण के लिए संचालित सभी प्रमुख गतिविधियों और उपलब्धियों को महिला सम्मेलन में प्रदर्शित किया जाएगा। सम्मेलन में स्व सहायता समूहों के नवाचारों, उद्योग-रोजगार और स्टार्ट-अप में महिलाओं द्वारा की जा रही पहल, सेव सिटी प्रोजेक्ट सहित विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों पर केंद्रित स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाएं, नगरीय निकायों- पंचायतों, शासकीय सेवाओं और स्व सहायता समूहों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इंजीनियरिंग, चिकित्सा और शिक्षण सहित सभी विशेषज्ञतापूर्ण गतिविधियों में भी महिलाओं का योगदान बढ़ा है।

वीडियो तुरंत हटायें या कानूनी कार्रवाई का सामना करें: धामी

एजेंसी ➤ अमृतसर
www.dailypioneer.com

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करके बनाये गये एक एनीमेशन वीडियो पर कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह और साहिबजादों को दिखाया गया है। उन्होंने मांग की है कि वीडियो को तुरंत हटाया जाए और इसके साथ ही सरकार से इसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है। एडवोकेट धामी ने सोमवार को कहा कि सिख गुरुओं और सिख हस्तियों का इतिहास एक पवित्र और अटूट विरासत है, और किसी भी व्यक्ति को इसे विकृत या गलत तरीके से प्रस्तुत करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गुरुओं या उनके परिवारों को चित्रित करने वाली कोई भी फिल्म या एनीमेशन नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि एसजीपीसी ने पहले ही ऐसे चित्रण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव पारित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक अशुद्धियों के अलावा ध्रुव राठी के वीडियो में सिख गुरुओं को दर्शाने वाले एआई-जनरेटेड विजुअल शामिल करने से सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस तरह के चित्रण सिख सिद्धांतों और परंपराओं का उल्लंघन करते हैं, क्योंकि सिख धर्म में गुरुओं, साहिबज़ादों और उनके परिवारों को मानवीय रूप में या फिल्मों में नहीं दिखाया जा सकता है। इसलिए, इस यूट्यूबर ने सिख सिद्धांतों के विपरीत काम किया है। एसजीपीसी अध्यक्ष ने यूट्यूबर से वीडियो तुरंत हटाने को कहा है और चेतावनी दी है कि अगर वीडियो नहीं हटाया गया तो एसजीपीसी उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करेगी।

सैनिकों, गौरव सेनानियों और वीरांगनाओं के लिए आरटीडीसी होटलों में विशेष छूट

जयपुर। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना के सम्मान में देश में तिरंगा यात्रा सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है और इसी तरह राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) ने सराहनीय पहल करते हुए अपने सभी होटलों एवं गेस्ट हाउस में सैनिकों, गौरव सेनानियों एवं वीरांगनाओं के लिए विशेष छूट की घोषणा की है। इसके तहत देश की सेवा में समर्पित रहे सैनिकों एवं गौरव सेनानियों को आरटीडीसी के होटलों और गेस्ट हाउस में ठहरने पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी वहीं वीरांगनाओं को 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह निर्णय वीरता, बलिदान और देशभक्ति को सम्मान देने की दिशा में एक छोटा सा प्रयास है। केंद्र और राज्य सरकार इस कदम से यह संदेश देना चाहती है कि हमारे देश की रक्षा में लगे वीरों और उनके परिवारों के प्रति समाज सदैव ऋणी है और डबल इंजन की सरकार सदैव सैन्य परिवारों के साथ खड़ी है। यह छूट राज्य के सभी आरटीडीसी होटलों एवं गेस्ट हाउस में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इच्छुक लाभार्थियों को पहचान पत्र अथवा संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। राजस्थान पर्यटन विभाग का यह निर्णय न सिर्फ सम्मान का प्रतीक है।

विपक्ष एकजुटता के समय कर रहा है छिद्रांवेषण: राठौड़

एजेंसी ➤ पाली
www.dailypioneer.com

राजस्थान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि देश के शीर्ष नेतृत्व ने हमारी बहनों के सिंदूर पौछने वालों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवादियों को सबक सिखाने का काम किया है। ऐसे में विपक्ष को राष्ट्र के लिए एकजुटता दिखानी चाहिए और उसे ऐसे समय में छिद्रांवेषण नहीं करना चाहिए। राठौड़ ने अपने पाली प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवादियों पर बड़ा प्रहार किया है। आतंकवादियों के साथ ही आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्र, आतंकवादियों के सरंक्षकों को भी नष्ट करने का काम किया है। देश के शीर्ष नेतृत्व ने हमारी बहनों के सिंदूर पौछने वालों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवादियों को सबक सिखाने का काम किया है। ऐसे में विपक्ष को राष्ट्र के लिए एकजुटता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब दो देशों के बीच तनाव की स्थिति हो तब पूरे राष्ट्र को एकजुट होकर सरकार को समर्थन देना चाहिए लेकिन विपक्ष ऐसे समय में भी छिद्रांवेषण की बात कर रहा है। यह किसी भी देश के लिए सही नहीं है। राष्ट्र की नीतियों पर सवाल उठाने वालों ने भी गोपनीयता की शपथ ली है और हमारे शीर्ष नेतृत्व ने भी गोपनीयता की शपथ ली है।

आपसी रंजिश को लेकर युवक की चाकू मारकर हत्या

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र में कल रात कुछ युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि गत रात करीब 10 बजे

के कलेक्ट्र चौराहे पर पंचायत समिति के बाहर कुछ युवक आपस में झगड़ रहे थे, इस दौरान युवकों ने शोभित रजक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिये और फरार हो गये। आसपास मौजूद लोगों ने उसे घायलावस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि देर रात उपचार के दौरान शोभित की मौत हो गयी। सुबह शव पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। आरोपी तीन युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके उनकी तलाश की जा रही है। मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा है।

रयात बाहरा कॉलेज के पास स्थित शराब के ठेके को स्थायी रूप से हटाया जाए: इशरप्रीत

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के अध्यक्ष इशरप्रीत सिंह ने सोमवार को पंजाब आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त जितेन्द्र जोरवाल को एक ज्ञापन सौंप कर रयात बाहरा कॉलेज, खरड़ के पास स्थित शराब के ठेके को स्थायी रूप से हटाने की मांग की गयी। सिंह ने यहां जारी बयान में कहा कि शराब का यह ठेका एक गुरुद्वारा साहिब और एक मस्जिद के अत्यंत निकट स्थित है, जो धार्मिक भावनाओं को भी आहत करता है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक ठेके की बात नहीं है, यह हमारी बहनों, बेटियों और विद्यार्थियों की गरिमा और सुरक्षा की बात है। मैं तब तक चैन से नहीं बैठूंगा, जब तक यह ठेका स्थायी रूप से बंद नहीं किया जाता। आयुक्त जितेन्द्र जोरवाल ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वह इस मामले को पूरी संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ देख रहे हैं और विभाग द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी।

टेंट पर बिजली का तार गिरने से दो ग्रामीणों की मौत, आठ घायल

एजेंसी ➤ बालोतरा
www.dailypioneer.com

राजस्थान में बालोतरा जिले के पचपदरा थाना क्षेत्र में शोकसभा के लिये लगाये गये टेंट के ऊपर बिजली का तार गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि आठ घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उमरलाई गांव में किसी की मौत होने पर शोकसभा के लिये टेंट लगाया गया था, जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण जुट थे। पूर्वाह्न करीब सवा ग्यारह बजे अचानक टेंट के ऊपर बिजली का तार गिर गया, जिसमें टेंट में लगे लोहे के पाइपों में करंट दौड़ गया।

इससे लोग बदहवास होकर भागने लगे। वहां चीख-पुकार मच गयी। इस दौरान कुल 10 लोग करंट में चपेट में आये, जिन्हें ग्रामीणों ने एंबुलेंस और निजी वाहनों से बालोतरा के राजकीय नाहटा जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों ने अमराराम (70) और हरमलराम (35) को मृत घोषित कर दिया, जबकि कोहलाराम (80), जुंझाराम (80), सांगाराम (40), हराराम (65), नारायणराज, तलाराम (80) चेनाराम (55) और बुधसिंह (40) को भर्ती कर लिया गया है।

एचजेयू ने खत्म किया तुर्किए के विश्वविद्यालय से एमओयू

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) ने अकादमिक आदान-प्रदान के लिए तुर्किए की अफ्योन कोकाटेपे यूनिवर्सिटी (एकेयू) के साथ किए गए एमओयू को रद्द कर दिया है। यह करार एचजेयू और एकेयू के बीच 22 जून 2024 को हुआ था। एचजेयू की कुलगुरु प्रो. सुधि राजीव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि तुर्किए के भारत विरोधी रुख के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के लिए यह कदम उठाया जाना जरूरी था। हमने अफ्योन कोकाटेपे यूनिवर्सिटी तुर्किए को अवगत करवा दिया है कि 22 जून 2024 को हुआ एमओयू तुरंत प्रभाव से निलंबित समझा जाए और समझौते के मुताबिक तीन महीने बाद यह एमओयू स्वतः ही रद्द हो जाएगा। विश्वविद्यालय के समन्वयक, अकादमिक एवं प्रशासनिक डा रतन सिंह शेखावत ने कहा कि एमओयू दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक आदान-प्रदान के लिए किया गया था। तुर्किए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर लगातार भारत विरोधी रुख अपनाता रहा है। पहलगांव हमले के भारत-पाक टकराव में पाकिस्तान का साथ देकर तुर्किए ने सभी सीमाएं पार कर दी। ऐसे में तुर्किए के किसी भी संस्थान के साथ संबंध देशहित में उचित नहीं है। उल्लेखनीय है कि सीमा पार आतंकवाद और पहलगांव हमले के बाद टकराव में तुर्किए का पाकिस्तान को अंधसमर्थन से देश में गहरी नाराजगी और आक्रोश है।

पार्टी प्रतिनिधि को भेजने के लिए तैयार, बशर्ते सीधे अनुरोध करे केन्द्र : ममता

एजेंसी ➤ कोलकाता
www.dailypioneer.com

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दोहराया कि वह 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में विभिन्न देशों में जाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के प्रतिनिधि को भेजने के लिए तैयार हैं बशर्ते केन्द्र सरकार इसका अनुरोध सीधे पार्टी से करे। बनर्जी ने आज यहां दमदम हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा बात यह नहीं है कि तृणमूल कांग्रेस से कोई भी बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में भाग नहीं ले रहा है। आजकल वे (केंद्र सरकार) पार्टी को सूचित नहीं करते हैं बल्कि केवल संसदीय दल को सूचित करते हैं। संसदीय दल हालांकि केवल संसद सत्र के लिए काम करता है। वह नीतिगत निर्णय नहीं ले सकता। हमारे पास कोई अनुरोध नहीं आया। यदि अनुरोध हमारे पास आता है, तो निश्चित रूप से हम इस पर विचार कर सकते हैं। हम पूरी तरह से देश के सर्वोत्तम हितों के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा मैंने पहले भी कहा था कि विदेश मामलों के मामले में हमने हमेशा केंद्र सरकार की नीति का समर्थन किया है। अगर कुछ खास होगा, तो हम इस पर विचार करेंगे, लेकिन अभी नहीं। फिलहाल हम केंद्र सरकार के विचारों और कार्यों का समर्थन कर रहे हैं। वे अपने दम पर सदस्य का नाम तय नहीं कर सकते। यह उनकी पसंद नहीं बल्कि पार्टी की पसंद होनी चाहिये। अगर वे मुझसे किसी को भेजने का अनुरोध करते हैं, तो हम नाम तय करेंगे और उन्हें बताएंगे। गौरतलब है कि केन्द्र ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान को शामिल किया था लेकिन पार्टी ने उन्हें प्रतनिधिमंडल से अलग कर दिया। बनर्जी ने कहा कि वह पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा के संसदीय दल की अध्यक्ष भी हैं और उन्हें नाम के संबंध में कोई सूचना नहीं दी गयी थी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी प्रतिनिधिमंडल का बहिष्कार नहीं कर रही हैं बल्कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में पूरी तरह सरकार के साथ हैं, लेकिन प्रतिनिधिमंडल में नाम पार्टी से पूछकर ही जोड़ा जाना चाहिये।

शर्तों का उल्लंघन करने वाली दो स्कूल बसों के चालान किए: अरोड़ा

शहीद भगत सिंह नगर। सुरक्षित स्कूल वाहन नीति को सख्ती से लागू करने के लिए उठाये जा रहे कदमों के तहत सोमवार को जिले में स्कूली वाहनों की जांच की गई, जिसके दौरान 12 स्कूलों की 20 स्कूल बसों के दस्तावेजों की जांच की गयी और नीति की शर्तों का उल्लंघन करने वाली दो स्कूल बसों के चालान काटे गये। जिला बाल संरक्षण अधिकारी कंचन अरोड़ा ने बताया कि इस संबंध में गठित टीम ने स्कूल बस चालकों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की शर्तों जैसे स्कूल बस में सीसीटीवी कैमरे, खिड़की पर लोहे की ग्रिल, प्राथमिक उपचार बॉक्स, महिला कंडक्टर, बस चालक का स्कूल यूनिफॉर्म में होना, सीट बेल्ट लगाना, स्कूल बस में क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाना आदि के बारे में जानकारी दी। टीम ने स्पष्ट किया कि नीति की शर्तों को पूरा न करने वाले स्कूल वाहनों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अरोड़ा ने बताया कि जिला बाल संरक्षण कार्यालय द्वारा समय-समय पर स्कूल प्रधानाचार्यों और स्कूल वाहन चालकों को सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की शर्तों के बारे में जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि स्कूल वाहन चालकों के पास भी वाहन के सम्पूर्ण दस्तावेज होने चाहिए। जिला परिवहन अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने स्कूल बस चालकों को चेतावनी भी दी कि सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का उल्लंघन करने पर स्कूल बसों को रोकने या चालान जारी करने में कोई ढील नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि चालकों को बस को सड़क पर चलाने से पहले अपने तथा अपनी बस के दस्तावेज पूरे कर लेने चाहिए।

उच्चतम न्यायालय के आदेश से भाजपा का चरित्र होगा उजागर: पटवारी

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य के मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में दिए गए बयान के मामले में आज उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी के वास्तविक चरित्र का भी पता चल सकेगा। पटवारी ने एक बयान में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने मंत्री शाह की माफी को नामंजूर कर दिया है। इस मामले की जांच के विशेष जांच दल (एसआईटी) भी गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में सेना के गौरव पर हमला करने वालों पर कसा यह शिकंजा प्रमाण है कि कानून और संविधान ही सर्वोपरि है। पटवारी ने कहा कि अब असली मुद्दा यह है कि भाजपा के चेहरे और चरित्र का पता चल सकेगा और अब यह भी देखना होगा कि क्या बदजुबान नेता को भाजपा सरकार मंत्री पद से हटाएगी। या फिर तभी हटाएगी, जब कोर्ट कहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अहंकारी भाजपा याद रखे कि यह देश तानाशाही तरीकों को नकार देगा और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों से ही चलेगा।

चिकित्सक से मारपीट मामले में छह पुलिस कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज

शहडोल। मध्यप्रदेश के शहडोल जिला अस्पताल में पदस्थ एक चिकित्सक से मारपीट के मामले में एक एएसआई सहित छह पुलिस कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देश पर सोहागपुर पुलिस ने एएसआई सुखवंत चतुर्वेदी, एक प्रधान आरक्षक और चार आरक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज की। दरअसल, 16 मई की रात चिकित्सक कौशलेन्द्र द्विवेदी अपने घर का गेट खुलवा रहे थे। तभी आरोपी पुलिस कर्मचारियों ने उनसे मारपीट की और थाने ले जाकर लॉकअप में बन्द कर दिया। इसके बाद लॉकअप में फिर मारपीट की। अगले दिन 17 मई की सुबह जब उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया, तो पता लगा कि शरीर में चोटों के अलावा रीढ़ की हड्डी में दो जगह फ्रेक्चर हो गया है। कल डॉ द्विवेदी की पत्नी के साथ जिले के कई चिकित्सकों ने पुलिस अधीक्षक शहडोल से मिलकर अपराध दर्ज करने की मांग की थी, जिस पर आज एएसआई सुखवन्त चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक हरेन्द्र सिंह सहित छह पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है और एसपी ने सुखवन्त को पुलिस लाइन में अटैच कर दिया है।

मेजर जनरल हरकीरत सिंह ने चंडीमंदिर कमांड अस्पताल की कमान संभाली

चंडीगढ़। प्रसिद्ध न्यूक्लियर मेडिसिन विशेषज्ञ एवं सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज (ए एफ एम सी) के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र मेजर जनरल हरकीरत सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक प्रतिष्ठित चंडीमंदिर कमांड अस्पताल (पश्चिमी कमान) की कमान संभाली है। औपचारिक रूप से यह कार्यभार 17 मई को सौंपा गया। सेना की जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि क्लिनिकल उत्कृष्टता और प्रशासनिक दक्षता में अपनी व्यापक पृष्ठभूमि के साथ, मेजर जनरल हरकीरत सिंह अस्पताल के मानकों और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। उनका नेतृत्व विश्व स्तरीय चिकित्सा देखभाल, अनुसंधान और प्रशिक्षण प्रदान करने पर केंद्रित होगा। मेजर जनरल हरकीरत सिंह सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के एक बेहद कुशल अधिकारी हैं। वह देश भर के प्रमुख एएफएमएस प्रतिष्ठानों और प्रमुख संगठित मुख्यालयों में विभिन्न नियुक्तियों पर कार्यरत रहे हैं।

नशा विरोधी यात्रा सिर्फ़ एक राजनीतिक ड्रामा बनकर रह गई है: अरविंद खन्ना

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई 'युद्ध नशे के विरुद्ध' यात्रा मात्र एक राजनीतिक नाटक बनकर रह गई है। खन्ना ने यहां जारी एक बयान में कहा कि प्राप्त जानकारी अनुसार, आम आदमी पार्टी के मंत्री, विधायक और अन्य नेता लोगों को इकट्ठा कर यह दावा तो कर रहे हैं कि सरकार नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है, लेकिन उनके पास ऐसा कोई ठोस प्रमाण नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि उन्होंने कितने लोगों को वास्तव में नशे से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि जबरन इकट्ठा किए गए बुजुर्गों और महिलाओं के हाथों में तख्तियां पकड़ा देने से पंजाब नशा मुक्त नहीं हो सकता। इसके लिए सरकार को ऐसी नीति बनानी चाहिए, जिससे नशा छोड़ने वाले युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके। उन्होंने मांग की कि सरकार घोषणा करे कि जो युवा नशा छोड़ते हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नौकरी दी जाएगी और उनके पुनर्वास की भी व्यवस्था की जाएगी, ताकि वे प्रोत्साहित होकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित हो सकें। खन्ना ने कहा कि आम आदमी पार्टी को अब यह महसूस होने लगा है कि वह प्रदेश की जनता का विश्वास खो चुकी है। यही कारण है कि वह इस तरह के नाटकों के ज़रिए लोगों को गुमराह करने की असफल कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता अब इस पार्टी की हकीकत को भली-भांति जान चुकी है और आगामी विधानसभा चुनावों में उसे सबक सिखाने का मन बना चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के पास ऐसा कोई भी ठोस कार्य नहीं है जिसके बल पर वह लोगों का भरोसा दोबारा जीत सके। उन्होंने प्रदेश में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति को अत्यंत दयनीय बताया और कहा कि रोज़ाना हो रही हत्याओं ने लोगों के मन में डर का माहौल पैदा कर दिया है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वनमंत्री केदार कश्यप करन्दोला समाधान शिविर में शामिल हुए

प्रभारी मंत्री ने किया करन्दोला में महतारी सदन के लिए 29 लाख की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा साथ में वनमंत्री केदार कश्यप करन्दोला में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का विभागीय अधिकारी उत्साह के साथ कर निराकरण कर समाधान शिविर में जानकारी दे रहे है, यह आम नागरिकों को तत्काल सुविधा देने की पहल है। इस दौरान उन्होंने करन्दोला में महतारी सदन के लिए 29 लाख की घोषणा भी की। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार ने सभी नागरिकों के हितों को ध्यान रखकर जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। सरकार गांव, ग्रामीणों की समस्या को समझती है, गांवों की आवश्यकता को पूरा ध्यान रखती है, इसलिए सुशासन तिहार का कार्यक्रम संचालित की है। आपके द्वारा दी गई आवेदनों पर विभागों के द्वारा तत्काल कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार, समाधान शिविर में आवेदन पर विभागीय अधिकारी तत्काल निराकरण कर रहे है इसका जरूर लाभ लें। कार्यक्रम में मेघावी छात्रों को सम्मानित किया गया साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, आवास की स्वीकृति आदेश पत्र, दिव्यांगजनों को ट्राई सायकल, किसानों को बीज वितरण भी किए । कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री और वन मंत्री ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। कार्यक्रम में जगदलपुर नगर निगम महापौर संजय पाण्डेय, जनपद पंचायत बस्तर के अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला और जनपद पंचायत के सदस्य, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित ब्लॉक के अधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि जिले के दो विकासखंड में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। विकासखण्ड बस्तर के करन्दोला (लेम्प्स के पास) में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्रामों में विश्रामपुरी, भानपुरी, मुरकुची, कुम्हली, मुंडागुड़ा, नंन्दपुरा, अमलीगुड़ा, बनियागांव, करन्दोला, बोडनपाल, बेसोली, बाकेल, कुगांरपाल, गुमगा शामिल थे। इस शिविर में 4915 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 4909 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 6 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। इसके अलावा विकासखण्ड-बकावण्ड के मूली में आयोजित शिविर में बोरीगांव, करंजी, कुम्हरावण्ड, बारदा, मूली, चापापदर, चिखलकरमरी, खमेसरी, किंजोली, पंडानार, नेगानार, मोहलई, रामपाल ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर में 3364 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 3357 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 7 लंबित हैं।

तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों को मिला 7 लाख 34 हजार की छात्रवृत्ति

शासन के द्वारा छात्रवृत्ति की राशि सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। यह राशि लाभार्थियों अथवा उनके माता-पिता के बैंक खातों में सीधे अंतरित की गई। वन मंडलाधिकारी सुकमा अक्षय भोंसले ने जानकारी देते हुए बताया कि मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत 46 छात्रों को कुल रू.1,24,500 की राशि वितरित की गई है। वहीं प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 34 छात्रों को रू.5,70,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इसके अलावा व्यवसायिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 6 विद्यार्थियों को कुल 40,000 की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई है। वनमंडलाधिकारी भोंसले ने यह भी बताया कि एक अभिनव पहल के रूप में वन विभाग के कर्मचारियों को यह निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार को इस आर्थिक सहायता की जानकारी दें और यह सुनिश्चित करें कि लाभार्थियों को राशि की जानकारी समय पर मिले। इसके साथ ही उन्होंने जंगल में रहने वाले समुदायों से आह्वान किया है कि वे आगे आएं और तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में भाग लें, जिससे वे भी शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हो सकें। यह योजनाएँ न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि वनवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करती हैं। जिले के प्रभारी मंत्री और वन मंत्री केदार कश्यप एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्रीनिवास राव के निर्देशानुसार वन विभाग का यह प्रयास समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

किरन्दुल नगरपालिका की टीम ने कोड़ेंनार क्रमांक 1 स्कूल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरपालिका परिषद की टीम के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेंनार क्रमांक 01 का निरीक्षणकिया गया।निरीक्षण टीम में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, इंजीनियर,वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर सभी ने स्कूल की समस्या को देखो और स्कूल की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया हैं। कोड़ेंनार क्रमांक 01 स्कूल विगत 1975 से निर्मित हैं। स्कूल का कुछ हिस्सा पूर्व में कन्या आश्रम हुआ करता था।आज की स्थिति में पुरी तरह जर्जर अवस्था में है जिसे तोड़कर बच्चों के लिये खेल का मैदान बनवाने के लिये कहा गया। जिससे बच्चों को खेलने-कूदने में सुरक्षित जगह मिल जायेगा और स्कूल का जगह भी पुरी तरह सुरक्षित रह पायेगा। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शेलेन्द्र सिंह, उप अभियंता तिरथ राम सिन्हा तथा वार्ड वासी उपस्थित थे।

2 लाख की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

सुकमा। मुखबिर की सूचना पर थाना जगरगुण्डा के हमराह जिला बल, डीआरजी का बल एवं कैम्प बेदरे से एवं 165 वाहिनी सीआरपीएफ बल की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन, नक्सलियों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम गोंदपल्ली व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम गोंदपल्ली की घेराबंदी कर 1 फरार नामजद इनामी महिला नक्सली मिडियम बुधरी पति मिडियम मल्ला उर्फ कूटा (डीकेएमएस अध्यक्षा इनामी 2 लाख) उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी गोंदपल्ली सोढ़ीपारा थाना जगरगुण्डा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिला नक्सल ग्राम गोंदपल्ली के ग्रामीणों की बैठक लेकर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर लकड़ी के डण्डे से पीट-पीट कर गले में रस्सी से गला घोटकर हत्या करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रही है। घटना के संबंध में पूर्व से थाना जरगुण्डा में अपराध क्रमांक 24/2024 धारा 190, 191(2), 140, 103 (1) भारतीय न्याय संहिता, 25 आर्म्स एक्ट, 38, 39, 16 (क) विधि विरूद्ध क्रिया कलाप अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है। उपरोक्त घटना में कार्यवाही के उपरांत विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड मिलने पर जेल दाखिल किया गया।

सुशासन तिहार : ग्राम धनेसरा में हुआ जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम धनेसरा में आज सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नवीन आधार कार्ड पंजीयन, राशन कार्ड वितरण, मनरेगा जॉब कार्ड सहित कई योजनाओं से संबंधित दस्तावेजों का वितरण कर लाभान्वित किया गया। ग्राम धनेसरा में आज आयोजित शिविर में उपस्थित जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की प्रत्येक योजना आम जनता के कल्याण के लिए सरकार द्वारा बनाई जाती है और इसका लाभ लेने के लिए उन्हें अवश्य आगे आना चाहिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं व मांगों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए आज जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया है तथा सभी ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ जरूर लेना चाहिए। आज आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीणों को लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान 10 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 5 को मनरेगा जॉब कार्ड, 2 को किसान क्रेडिट कार्ड और 12 हितग्राहियों को किसान किताब वितरित की गई। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा 4 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई रस्म संपन्न की गई तथा 2 शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार किया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 दिव्यांगजनों को मौके पर छड़ी एवं 01 हितग्राही को व्हीलचेयर प्रदान की गई। शिविर में एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा, जनपद पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष सोमन कावड़े, डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज एवं जनपद सदस्यगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जनमन का किया गया वितरण – जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन आज ग्राम पंचायत धनेसरा में किया गया, जिसमें काफी संख्या में आसपास के ग्रामों के ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान जनसम्पर्क विभाग की ओर से प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित मासिक पत्रिका जनमन तथा विभिन्न योजनाओं पर आधारित ब्रोशर 'सुशासन तिहार-2025 : मोर दुआर साय सरकार' का वितरण उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को किया गया। साथ ही मौके पर प्रस्तुति देने आए लोक नर्तक दल के सदस्यों को भी पत्रिका व ब्रोशर बांटे गए।

किरन्दुल नगरपालिका को मिले 2 नए फोंगिंग मशीन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह के पहल से पालिका परिषद में 02 फोंगिंग मशीन लाएं गए।नगरपालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी की उपस्थिति में रविवार फोंगिंग मशीन से छिड़काव कार्य करवाया गया।सीएमओ शशिभूषण महापात्र ने बताया कि जून जुलाई माह में नगर के बहुत से वार्डों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता हैं, जिसके कारण डेंगू मलेरिया का खतरा बना रहता हैं,जिसे ध्यान में रखकर फोंगिंग मशीन लाया गया हैं।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजनांतर्गत स्वरोजगार स्थापना के लिए 10 जून तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा जिले में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र व्यक्तियों के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत स्वरोजगार स्थापना करने 10 जून 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण निर्धारित है, इसके लिए एक परिवार से केवल एक व्यक्ति पात्र होगा। योजना में हितग्राही प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ उठा सकते हैं, अधिकतम अनुदान 10 लाख रूपए प्रति उद्यम तक हो सकती है। लाभार्थी का अंशदान न्यूनतम 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक के ऋण के रूप में देय होगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों को लाभ प्रदान किया जायेगा जैसे- सीताफल से आईसक्रीम निर्माण, इमली कैण्डी, इमली पर आधारित उत्पाद, मुरमुरा निर्माण, पोहा उद्योग, आचार निर्माण, मसाला निर्माण एवं पैकेजिंग, बड़ी, पापड़, रेडी टू ईट, टमाटर पर आधारित उत्पाद जैसे टमाटर चटनी, सॉस, फलों से मुरब्बा, जूस निर्माण, मक्का प्रोसेसिंग, मक्का फ्लेक्स, पॉप कार्न, गेहूं, बाजरा, कोदो-कुटकी आधारित उत्पाद, महुआ प्रसंस्करण, महुआ लड्डू एवं बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे- केक, बिस्किट, ब्रेड, चॉकलेट, सेवइयां, नूडल्स निर्माण, चिप्स, कुरकुरे, सेव भुजिया नमकीन, जैम, जैली, डेयरी उत्पाद जैसे दूध से पनीर, घी, दही, मिठाई, पशु आहार, मछली आहार, रिफाइन्ड तेल, सॉफ्ट ड्रिंक्स, गुड़ निर्माण इत्यादि प्रकार के उद्योग स्थापना पर लाभ प्रदान किया जायेगा। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पैन कार्ड, बैंक पास बुक, राशन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन अनिवार्य होगा। योजनांतर्गत जिले के राष्ट्रीयकृत बैंकों को लक्ष्य आबंटित किया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक युवक-युवतियां वेबसाईट का अवलोकन तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर (तृतीय तल) कांकेर में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा बंद पड़े हैंडपम्प को करवाया गया चालू

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष रुबी सिंह के पहल पर वार्ड क्रमांक 03 गजराज कैम्प स्थित हैंडपम्प पर नए पंप स्थापित कर 200 परिवारों के लिए सोमवार पानी की सप्लाई चालू कर दी गई।बता दें हैंडपम्प विगत कई वर्षों से बंद पड़ी थीं।जिसे चालू करवाने वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर ने नगरपालिका अध्यक्ष से मांग की थीं। हैंड पम्प चालू होने पर वार्ड निवासियों ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र,इंजीनियर तीर्थ राम सिन्हा एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

सुशासन तिहार का समाधान शिविर ग्राम पंचायत भेलवापाल में हुआ संपन्न

समाधान शिविर में राज्य महिला आयोग सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने ग्रामीणों से किया संवाद

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार के तीसरे चरण का समाधान शिविर सुकमा विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र के कलस्टर ग्राम पंचायत भेलवापाल में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी सहित जिला पंचायत सदस्य बारसे माड़े, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, विश्वराज चौहान, दिलीप पेद्दी,सभी पंचायतों के सरपंच एवं जनपद सदस्य एवं अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कलस्टर पंचायत में शामिल 5 पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में सभी विभागों के जिला, अनुविभाग एवं खण्डस्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहे।

श्रम विभाग में पंजीयन करवा कर लाभ लें : दीपिका

समाधान शिविर में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने अपील करते हुए कहा कि श्रम विभाग में पंजीकृत होकर इसका लाभ लें पहले बच्चे के जन्म पर 20 हजार रु एवं ऐसे बहुत से लाभ है जो हम इस विभाग से ले सकते हैं उनका लाभ लें,आज हमारे जिले में मनरेगा जॉब कार्ड में पंजीकृत मजदूरों की संख्या लगभग 2 लाख हैं वहीं दूसरी ओर श्रम विभाग में पंजीकृत मजदूरों की संख्या लगभग 50 हजार है यह अंतर क्यों हैं इसका कारण सिर्फहमारी अज्ञानता ही है जिस प्रकार हम मनरेगा जॉब कार्ड से लाभ ले रहे हैं उसी प्रकार श्रम पंजीयन करवाकर दर्जनों योजनाओं का लाभ ले सकते हैं इसलिये आप सभी इसमें शिविर के माध्यम से पंजीयन अवश्य करवाएं। सुकमा के संवेदनशील कलेक्टर देवेश ध्रुव के निर्देशानुसार समाधान शिविर में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को उनकी समस्या का निराकरण शिविर के दौरान ही किया गया। इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता शोरी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनके माँग और पेयजल आपूर्ति पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी विस्तार से दी। इस समाधान शिविर में झापरा, पुष्पल्ली, भेलवापाल, कोकरपाल, बुडदी आदि पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदन के निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा मांग से संबंधित आवेदनों में मुख्य रूप से पीएम आवास, पेयजल की समस्या,महतारी वंदन योजना आदि मांग शामिल है। शोरी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने तीन चरणों में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सभी विकासखंडों में समाधान शिविर लगाकर आवेदकों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है।आप सभी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस शिविर का लाभ लें एवं सर्वप्रथम अपनी मूल समस्याओं को एवं मांगों को लेकर आवेदन दें जिसे शीघ्रता से पूर्ण किया जा सके।

महिला आयोग के कार्यो को बताया – शिविर में उपस्थित सभी मातृ शक्तियों को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने महिला आयोग के कार्यों को विस्तृत रूप से बताया साथ ही अपील भी किया कि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ लें हम आयोग के माध्यम से महिलाओं को निःशुल्क एवं त्वरित न्याय दिलाते हैं। शिविर में धनीराम बारसे, बारसे माड़े, विश्वराज चौहान, दिलीप पेद्दी ने भी उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए राज्य एवं भारत सरकार की योजनाओं को बताया।

अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आज कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) की फ्लैगशिप योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, डीएमएफ मद से संचालित सौर पेयजल परियोजनाएं, स्वास्थ्य केंद्रों हेतु सोलर पावर प्लांट स्थापना, सोलर हाईमास्ट, ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट, सोलर स्ट्रीट लाइट, होम लाइट और हितग्राही एवं सामुदायिक मूलक बायोगैस सयंत्र स्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर दुदावत ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परियोजना को तभी पूर्ण माना जाएगा जब टैंक निर्माण से लेकर पाइपलाइन और नल कनेक्शन तक की संपूर्ण प्रणाली कार्यशील हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन एवं सौर सुजला योजना जैसे शासन की प्राथमिक योजनाओं को पूरी प्राथमिकता देते हुए चिन्हित ग्रामों के हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारण कर शासन स्तर पर भेजा जाए। उन्होंने निर्माणाधीन सोलर स्ट्रक्चर एवं फाउंडेशन आधारित कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया और कहा कि कार्यदायी एजेंसियों की नियमित बैठक लेकर उनके कार्यों की सतत निगरानी विभाग प्रमुखों द्वारा सुनिश्चित की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम मूलेर अन्तर्गत 6 नग, बासनपुर 01, कामालूर 01, झिरका 01 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही इन सभी ग्रामों में दो-दो हाई मास्ट संयंत्र लगाए जा चुके है।

एक और एक 11 की तर्ज पर महापौर कलेक्टर दे रहे शहर विकास की गति

खेल प्रेमियों को मिलेगी बहुत जल्द सर्वसुविधायुक्त बॉक्स क्रिकेट केस की सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन जब एक दूसरे से शहर विकास को लेकर अपने विचार का आदान प्रदान करते हैं तो यहां से एक नई इबारत की शुरूवात होती है। शहर धमतरी वैसे तो अति प्राचीन जिलों में एक है जहां स्वतंत्रता संग्राम का भी बिगुल बज चुका है। महात्मा गांधी दो बार धमतरी जिले की यात्रा कर चुके हैं। ऐसे जिले में शहरवासियों को अब तक उनकी मूलभूत सुविधाएं तो मिल रही हैं। लेकिन खेल प्रेमियों के नाम पर अनेक स्टेडियम बनाये गये हैं, जो पिछले जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में अधूरे रहे। लेकिन अब जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के प्रयास से एकलव्य खेल परिसर मैदान में बॉक्स क्रिकेट का निर्माण अतिशीघ्र होगा। यह मैदान 10 हजार 80 वर्गफिट तक सुसज्जित बॉक्स क्रिकेट केस बनाये जाने का निर्णय लिया जा चुका है जिससे क्रिकेट प्रेमियों के मध्य इस खबर से प्रसन्नता की लहर देखी गई है। खेल प्रेमियों ने इसके लिये महापौर रामू रोहरा एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि एक और एक 11 होते हैं और इस कहावत को चरितार्थ हमारे शहर के युवा महापौर और कलेक्टर कर रहे हैं। नागरिकों का ऐसा मानना है कि इस बार विकास की गति धमतरी में काफी तेज रहेगी और अब तक खेल प्रेमियों को जो मैदान के अभाव में निराशा होती थी, वह अब नहीं रहेगा और आने वाले समय में खेल प्रेमियों के लिये और भी स्टेडियम का योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जायेगा ताकि धमतरी के खिलाड़ी अपना नाम जिला, प्रदेश, देश में रोशन करने में कामयाब होंगे। नगर निगम के जुझारू, निष्पक्ष, निर्भीक महापौर रामू जगदीश रोहरा ने पदभार संभालते ही नगर निगम के चौखट पर मत्था टेकते हुए यह प्रण किया था कि मैं अपने शहर के विकास के लिये हर संभव प्रयास करूंगा। विकास के लिये राशि आबंटन करवाऊंगा। अब उनका यह प्रयास परवान चढ़ रहा है और शहर के विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये बिगुल बजा दिया गया है। इसके लिये वे सुबह, शाम, समय-बेसमय निर्माण कार्यों, समस्याओं की गतिविधियों पर पूरा ध्यान केंद्रित किये हुए हैं जिन्होंने शहर के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिये एकलव्य परिसर में बॉक्स क्रिकेट खेल के लिये आधारभूत संरचना एवं व्यवस्थाएं स्थापित करने में बहुमूल्य योगदान दिया है। चूंकि जिले के 20वें कलेक्टर के रूप में आईएएस अबिनाश मिश्रा ने पदभार संभालते ही जिले को विकास की ओर अग्रसर करने को लेकर अपने अधिनस्थों के साथ विचार विमर्श किया और इसके बाद उन्होंने मीडिया के प्रतिनिधियों को बुलाकर प्रेस कांफ्रेंस भी ली और अपने विचार से उन्हें अवगत कराया जिनके द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की तमाम योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अपना सारा समय लगा दिया है जिससे जिलेवासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता आई है और वे उसका लाभ लेने के लिये संबंधित कार्यालयों में पहुंचकर आवेदन दे रहे हैं। सुशासन तिहार में मिले 2 लाख 27 हजार आवेदनों को निराकृत करने में भी इनका विशेष प्रयास है जिसके चलते जिलेवासियों को मिले आवेदन धड़ाधड़ निराकृत किये जा रहे हैं। सुशासन तिहार के अंतिम पड़ाव में जितने भी लंबित प्रकरण हैं, उनमें जिनमें शासन से संबंधित मांग अथवा समस्याएं थी, उसे अग्रेषित कर दिया गया है जबकि स्थानीय आवेदनों को शिविरों के माध्यम से निराकृत किया जा रहा है। इसे लेकर वे बैठकों में भी इसकी समीक्षा करते हैं। समाधान शिविर 5 मई से प्रारंभ है जो 30 मई तक आयोजित है और कलेक्टर मिश्रा का लक्ष्य है कि एक भी आवेदन लंबित प्रक्रिया में न रहे। इसी बीच महापौर रामू रोहरा ने क्रिकेट खिलाड़ियों के लिये बॉक्स क्रिकेट केस बनाये जाने की चर्चा की जिसे कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपनी भी स्वीकृति प्रदान की जिसके चलते अब जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के प्रयास से यह क्रिकेट केस अतिशीघ्र क्रिकेट प्रेमियों को सौगात के रूप में मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। कलेक्टर ने पदभार संभालने के बाद जिस तरह अधिनस्थों से चर्चा कर मीडिया से मुखातिब होते हुए धमतरी को विकास मॉडल के रूप में लाने की घोषणा की, उसी का यह परिणाम है कि महापौर रोहरा के तालमेल से उक्त बॉक्स क्रिकेट केस की मंजूरी मिल पाई है जिससे शहर में हर्ष का वातावरण निर्मित हो चुका है।

समाज, धर्म और न्याय के प्रति समर्पित थी अहिल्या बाई : शंकर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी देश भर में पुण्यश्लोका रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर पखवाड़े भर के विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई है। यह कार्यक्रम 21 मई से 31 मई तक चलेंगे। इसके अंतर्गत प्रदर्शनी, गोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता, स्वच्छता कार्यक्रम जैसे अनेक कार्यक्रम जिला से लेकर पंचायत स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। इसी को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन अग्रसेन भवन धमतरी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता शंकर अग्रवाल ने कहा कि एक नारी होते हुए भी रानी अहिल्या बाई होल्कर आज से 300 वर्ष पूर्व एक धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय वीर शासिका के रूप में सत्ता की जो बागडोर संभाली उसके लिए उन्हें पुण्यश्लोका, लोकमाता जैसी उपाधियों से नवाज़ा गया। छोटी उम्र में उनका विवाह मल्हार राव के पुत्र खांडेराव से हुआ और युवावस्था में ही परिवार के सभी पुरुष सदस्यों के वियोग के पश्चात उन्होंने सत्ता की बागडोर संभाली। उन्होंने दृढ़ता के साथ एक शासक के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाली। रानी अहिल्या बाई समाज, धर्म और न्याय के प्रति समर्पित थी। भारत में ऐसा कोई भी प्राचीन धार्मिक स्थल नहीं है जिसको संवारने में उनका योगदान न रहा हो। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर का जो शासन करने का तरीका था वो भारतीय राजनीति में भी पूरी तरह प्रासंगिक है। मोदी की कार्यशैली में रानी अहिल्या बाई के शासन नीति की झलक स्पष्ट देखी जा सकती है। ऐसी महान शख्सियत के विषय में इस देश के बहुत कम लोगों को जानकारी है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को पढ़ने और जानने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि रानी अहिल्या बाई की जन्मजयंती के कार्यक्रमों को मंडल स्तर तक ले जाने के लिए मंडल में टीम बनाई गई है। जिले से प्रत्येक मंडलों में 2-2 वक्ता भेजे जायेंगे जो नीचे तक जाकर उनके विषय में गोष्ठियां करेंगे। पूर्व विधायक रंजना साहू ने विस्तार से रानी अहिल्या बाई की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पति के साथ सती होने की इच्छा रखने वाली रानी अहिल्या बाई को नियती ने इस देश की सेवा के लिए भेजा था। उन्होंने तीस वर्षों तक देश की सेवा की।

नगर पंचायत कुरूद द्वारा मिशन सिंदूर देश को गौरवान्वित करने सफल अभियान के लिए तिरंगा यात्रा निकाला

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूदे
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ के हर जगह मे मिशन सिंदूर के सफल अभियान पर सेना के शौर्य गाथा को लिखने के लिए नगर पंचायत कुरूद द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, नगर के गणमान्य नागरिकों, शासकीय सेवकों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय से कारगिल चौक और नया बाजार, पुराना बाजार भ्रमण कर पुनःनगर पंचायत परिसर में समापन किया गया। इस पुण्य अवसर पर ज्योति भानु चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, पूर्व अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहु, नेतागण भोजराज चन्द्राकर, मालकराम साहू, त्रिलोकचंद जैन, कुलेश्वर चन्द्राकर, प्रभात बैस, मुलचंद सिन्हा, पार्षदगण मिथलेश बैस, मनीष साहु, सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, अर्जुन ध्रुव, गणमान्य नागरिकों मे भारत भूषण पंचायन, खिलेन्द्र देवांगन, नंदू चन्द्राकर, रवि चन्द्राकर, सुरेखा चन्द्राकर, अनुराधा साहू, ममता साहु, विकास चन्द्राकर, कमलेश ध्रुव, प्रवीण शर्मा, भूपेन्द्र सिन्हा, पंकज नायडू, के के बैस, विनोद चन्द्राकर, उत्तम साहु, शरद पंडा, कमल शर्मा, खिलेन्द्र साहु, गुप्ता, तहसीलदार दुर्गा साहु, थाना प्रभारी जगत, इंजीनियर सिन्हा सहित, स्कूल के अध्यापकगण, नगर पंचायत के कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, मिडिया के बंधुओं का नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने कृतज्ञता व्यक्त किये।

वर्तमान समय भारत के लिये कठिन व निराशाजनक है : कविता योगेश बाबर

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत वर्तमान समय में जिस दौर से गुज़र रहा है यह बेहद कठिन व निराशाजनक दौर है भारत की सेना शुरू से ही शक्तिशाली व समर्पित रूप से काम करने वाली देश की सुरक्षा करने वाली सेना रही है आज सेना की बदौलत ही विश्व में भारत को सम्मान की नज़र से देखा जाता है लेकिन वर्तमान समय में मोदी सरकार राष्ट्रवाद के नाम पर देश में धर्म और जाति आधारित राजनीति करते हुए निर्णय ले रही है जो कि भविष्य के लिए घातक साबित होगा भारत देश शुरू से ही सर्व धर्म समभाव व वसुधैव कुटुम्बकम् पर आधारित है लेकिन वर्तमान समय में देश के अंदर जाति विशेष को लेकर जो नफरत व जहर घोलने का माहौल पैदा किया जा रहा है वह उचित नहीं है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को कुचलने का कार्य वर्तमान मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू से ही इस बात पर बल दिया जा रहा है कि भारत का संविधान ख़तरे में है और इसे हमें बचाना बहुत ही ज़रूरी है। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में संविधान बचाव यात्रा पर रैली निकाली जा रही है। हम इस मोदी सरकार पर अगर नज़र डालें तो वाक़ई में लगता है कि देश में आंतरिक रूप से विस्फोटक स्थिति बन रही है। मीडिया सरकार के चहेते व्यापारिक घरानों के क़ब्ज़े में हैं जनता को सही जानकारी न देकर सरकार द्वारा प्रायोजित समाचारों में सरकार का महिमागान किया जाता व उन बातों को दिखाया जाता है। विपक्ष को पूरी तरीक़े से एजेंसियों का दुरुपयोग कर ख़त्म करने का प्रयास चल रहा है। आज देश में बेरोज़गारी महँगाई भुखमरी बढ़ते ही जा रही है इन सब चीज़ों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए धर्मों का सहारा लिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के पास आज के समय में किसी प्रकार का कोई रोज़गार नहीं है। मनरेगा जैसे रोज़गार की व्यवस्था को बिलकुल ख़त्म कर दिया गया है। मोदी सरकार द्वारा अभी तक जितने भी बड़े फैसले लिए गए हैं जैसे की नोट बंदी ग़लत जीएसटी कृषि के तीन काले क़ानून जो कि असफल साबित हुए हैं। अपनी इन असफलताओं को छुपाने हेतु सरकार ने हमेशा धर्म व जाति का आड़ लिया है तथा विपक्षी लोगों को अनावश्यक परेशान करना डराना धमकाना उनके ऊपर मामले दर्ज कराना यही इनकी असली नीति नियत व चेहरा है देश में व्याप्त मूलभूत समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए मंदिर मस्जिद का सहारा लिया जाता है आने वाला समय देश में आंतरिक गृह युद्ध की ओर संकेत करता हुआ दिखाई देता है। जुमलेबाजी करना झूठ बोलना लोगों के सामने ग़लत चीज़ों को सही साबित करने की कोशिश करना यही रह गया है। आज भी कश्मीर में कहीं शांति व्याप्त नहीं है पिछले 10 वर्षों में कश्मीर में आतंकवाद की ढेर सारी घटनाएँ घटित हुई है जिनमें हज़ारों बेक़सूर व निर्दोष लोग मारे गए हैं पुलवामा कांड में हमारे 42 सैनिक मारे गये इस कांड के साजिशकर्ता आज भी चंगुल से बाहर है। अभी वर्तमान में पहलगाम में जो घटना घटित हुई उसमें निर्दोष लोगों को उनकी जाति व धर्म पूछ पूछ कर मारा गया। ऐसा इतिहास में कभी भी घटना नहीं हुई थी उसके गुनाह गार बाहर है व आज भी पकड़े नहीं गए हैं वह चंगुल से बाहर आज़ाद घूम रहे हैं ये सरकार की खुफिया तंत्र व जाँच एजेंसियों की नाकामी ही साबित हो रही है पाकिस्तान पर आतंकवादी कैंपों पर हमला कर नष्ट करना ये हमारी सेना की बहुत बड़ी सफलता है लेकिन निर्णायक समय में अचानक युद्धविराम की घोषणा वो भी किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा करना, यह मोदी सरकार की कमज़ोरी को साबित करता है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच जो कश्मीर समस्या है वह दोनों देशों का आंतरिक मामला है और उस समझौते के तहत इसमें किसी भी तीसरे देश की दखलंदाजी को मान्य नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने घुटने टेक कर जीती हुई बाज़ी को सीज़फायर के माध्यम से बंद किया गया, इसमें जनता अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रही है।

ग्राम बोदाछापर खार में जुआरियों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंग परिहार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को जुआ, सटटा, अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए हैं। इसी क्रम में धमतरी पुलिस थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बोदाछापर खार में कुछ लोग 52 पत्ती ताश से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर थाना प्रभारी कुरूद द्वारा हमराह स्टॉफ के मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया और जुआ खेलते 10 जुआरी रंगे हाथ पकडे गये। पकडे गये जुआरियों का नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम बताये-दूजलाल डहरिया पिता गंगू डहरिया उम्र 50 वर्ष निवासी सिवनी थाना मुजगहन जिला रायपुर, प्रीतम कुमार साहू पिता हीरा लाल साहू उम्र 25 वर्ष चर्रा थाना कुरूद जिला धमतरी, गोपेश कुमार पिता स्व. नत्थू राम निर्मलकर उम्र 44 वर्ष अर्जुंदा थाना अर्जुदा जिला बालोद, पुर्वेश चंद्राकर पिता चन्दु चंद्राकर उम्र 25 वर्ष दोनर थाना अर्जुनी, सुरेश पंसारी पिता स्व. फल्लू राम पंसारी उम्र 59 वर्ष साकिन बनियापारा, गेंद लाल साहू पिता गोपाल राम साहू उम्र 30 वर्ष बरगाही थाना लालबाग जिला राजनांदगांव, वासुदेव ढीमर पिता संतोष ढीमर उम्र 30 वर्ष साकिन काकेतरा थाना चिखली जिला राजनांदगांव, गज्जू उर्फ गजेन्द्र साहू पिता तोरण साहू उम्र 28 वर्ष साकिन मोंगरा थाना कुरूद जिला धमतरी, राजेश कुमार देवांगन पिता रूपलाल देवांगन उम्र 40 वर्ष साकिन चर्रा थाना कुरूद जिला धमतरी, सुरेन्द्र साहू पिता हरवंश साहू उम्र 46 वर्ष साकिन मोंगरा थाना कुरूद, जिला धमतरी का रहने वाला बताया जिनके पास एवं फंड से कुल कुल 1,38,900 रूपये एवं 52 पत्ती तास गवाहों के समक्ष जप्त किया।

विशाल ठाकुर प्रेस क्लब अध्यक्ष बने, पत्रकारों में दिखा भारी उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रेस क्लब धमतरी के विशाल ठाकुर अध्यक्ष बने। क्लब के सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। गौरतलब है कि प्रेस क्लब धमतरी का चुनाव प्रेस क्लब भवन में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। यही वजह है कि मतदान शत प्रतिशत हुआ जिसमें विशाल ठाकुर अध्यक्ष चुने गए। ज्ञात हो कि विशाल ठाकुर पूर्व में जिला महासचिव का दायित्व बखूबी निभा चुके हैं जिसका पूरा लाभ अध्यक्ष बनने में मिला। चुनाव क्लब के महा संरक्षक दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता एवं वरिष्ठ रंजीत भट्टाचार्य आदि चुनाव अधिकारी के मार्गदर्शन में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने कहा कि जिस विश्वास के साथ सदस्यों ने अपना स्नेह देकर मुझे यह दायित्व सौपा है, उसे वे कायम रखेंगे। सभी को साथ लेकर चल सभी पत्रकारों एवं संगठन हित में कार्य करने की बात कही। प्रेस क्लब चुनाव में 24 वोट से विजय होने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल ठाकुर और महासचिव धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा से सौजन्य भेंट की। उनसे प्रेस क्लब की मांगों के लिए मुख्यमंत्री से मिलवाने का वादा किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मेघराज ठाकुर, एम ए फहीम, दीप शर्मा, मोहम्मद शाह अहमद, सुनील शर्मा, राजेंद्र माहेश्वरी, प्रेम मगेंद्र, आशीष मिन्नी, राजेश रायचुरा, सुभाष साहेब, नरेश श्रोती, उमेश वशिष्ठ, पवन तिवारी, राज सोनवानी, सत्येंद्र शर्मा, कमलेश पांडे, संजय जैन, नरेश राखेचा, रामकृष्ण ठाकुर, जुनैद रिजवी, लोकेश साहू, मोइन खान, डॉ.भूपेंद्र साहू, दिलीप देवांगन, यशवंत साहू, राजू देवांगन, संतोष सोनकर, दीप नारायण शर्मा, बसंत सचदेव, दीपेश देवांगन, दिनेश देवांगन, चंद्रकांत साहू, पवन साहू सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

रामचरित मानस पाठ में जिपं सदस्य लोकनाथ बारी सहित कई नेता हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के ग्राम पंचायत नूनपानी में अखंड रामचरित मानस का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान की शोभा जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी की विशेष उपस्थिति से बढ़ी। कार्यक्रम में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। स्थानीय ग्रामवासियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने रामचरित मानस के पाठ का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। यह धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया, जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर युवा नेता लोकनाथ बारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिला।

समाज के विकास का मूल आधार शिक्षा व संगठन

यादव समाज भगवान श्री कृष्ण के गौरवशाली इतिहास के वंशज : द्वारकाधीश यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नवोदित कोसरिया यादव समाज भाटापारा के तत्वावधान नगर भवन भाटापारा में प्रदेश स्तरीय भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें यादव समाज के नवनिर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न पदों पर नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व आभार रामनरेश यादव महापौर नगर निगम चिरमिरी के द्वारा किया। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथियों में द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, देवनारायण यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत सरगुजा, संदीप यदु उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, दिवाकर यादव, सचिव छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, धनमती यादव पूर्व सभापति जिला पंचायत गरियाबंद किरण यदु पूर्व सदस्य, अनुप यादव पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका दीपिका, गोविन्द यादव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर, सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष बलौदा बाजार, सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष पलारी, ललिता यादव अध्यक्ष खोंगापानी, प्रतिमा यादव मनेन्द्रगढ, रिमा यादव झगराखाड, भुनेश्वरी यादव सुकमा, जागृति यादव राजनांदगांव, लिखीराम यादव गरियाबंद, महेश यादव राजिम, गोविन्द यादव खरौद, महेश यादव खरौद, जितेन्द्र यादव दुर्ग, महेन्द्र यादव राजनांदगांव, बद्री यादव बलरामपुर, गोविन्द यादव बिलासपुर, निर्मला यादव बिश्रामपुर, सरोज यादव लेदरी, गीता कृष्ण यादव तखतपुर, त्रिलोक यादव भाटापारा, विजय यादव धर्मजयगढ़, जगन्नाथ यादव धर्मजयगढ़, सुशीला यादव देवभोग, मोहन यादव जांजगीर, भरत यादव शक्ति, उत्तम यादव कांकेर, ओमप्रकाश यादव मंदिर हसौद, सतीश यादव फिंगेश्वर, मोती यादव गुंडरदेही, आशीष यादव बैकुंठपुर, बालेश्वर यादव कुनकुरी, नरेंद्र यादव सूरजपुर सहित विभिन्न जिलों से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि तथा समाज प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

सभी समाज प्रमुखों ने शिक्षा व सामाजिक एकता पर दिया जोर

नगर भवन मे आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम मे सभी समाज प्रमुखों ने यादव समाज को समृद्ध व उनके जीवन स्तर को ऊचा उठाने के लिये सामाजिक एकता व शिक्षा के पर विशेष जोर दिया व रुढिवादिता को बढावा नही दिया जाये इसकी अपील किया गया।

यादव समाज भगवान कृष्ण का वंशज

खल्लारी के विधायक द्वारकाधीश यादव ने आयोजित भव्य सम्मान समारोह मे कहा कि हमारा समाज भगवान कृष्ण के वंशज है जिसके कारण यादव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है, समाज को आगे बढाने के लिये हमे एकजुटता का परिचय देना चहिये। प्रदेश मे जो भी यादव समाज के विधायक चुनकर आये है उसमे समाज कि महत्वपूर्ण भूमिका है। वही चन्द्रपुर के विधायक रामकुमार यादव ने उक्त आयोजन के कर्ता धर्ता सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु कि सराहना किया, जिन्होंने समाज को एक मंच मे लाकर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि कोई भी पद छोटा बडा नही होता जो जवाबदारी मिला है, उसे कुशलता से करे तो आगे बढने से कोई नही रोक सकता। यादव समाज का जीवन स्तर उठ चुका है और लोगों कि पुरानी मिथ्या धारणा अब खत्म हो चुकी है। यादव समाज को जनसंख्या घनत्व के आधार पर राजनीति व अन्य क्षेत्रों मे मौका मिलना चाहिये। विधायक गजेन्द्र यादव ने भी सामाजिक एकता व शिक्षा पर बल दिया, तभी हमको सफलता मिलेगी जब हमको मौका ही नहीं मिलेगा तो हम कहां से सफल होंगे।

ग्राम कुर्रा में सीसी रोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम कुर्रा में विकास की नई शुरुआत हुई। जब मेन रोड से स्कूल भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस सड़क निर्माण की अनुमानित लागत 20 लाख है, जिससे गांववासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नारियल फोड़कर और पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। अपने उदबोधन में महापौर रोहरा ने कहा- हमारी सरकार का संकल्प है कि गांव हो या शहर, हर क्षेत्र में समान रूप से विकास हो। सबका साथ, सबका विकास, इसी सोच की बुनियाद है और हम गांव-गांव तक इस भावना के साथ विकास की रोशनी पहुंचा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम कुर्रा जैसे क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। यह सड़क न केवल विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाएगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी बड़ी राहत साबित होगी। ग्रामवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए महापौर एवं प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस कार्य से गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी। अमन राव, मुरारी यदु, देहुती साहू, दमयंती साहू, खम्हन साहू, गोपाल साहू, पितेश ठंडन, परमेश्वर साहू, प्रभूराम, धनीराम, पुना राम, जनक बांसकर, मदन साहू, खिलेश्वर, यशवंत, नरेन्द्र, देवव्रत साहू, अजब देवांगन, रिखम राव, गोपीराम, भीषम साहू, एकनाथ साहू, केशव निर्मलकर, ओशक साहू, अमरसिंह, अर्जुन साहू, सहदेव साहू, प्रेमनारायण साहू, श्यामसुदुंर, सरोज साहू आदि उपस्थित थे।

घर–घर रेन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने के लिए निगम चलाएगा अभियान

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में भूमि का जलस्तर बढ़ाने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जो मकान बना रहे हैं, उन्हें रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगवाना अनिवार्य होगा। नियमानुसार जो व्यक्ति मकान बनाने के लिए बिल्डिंग परमिशन भवन अनुज्ञा लेता है, उससे एफडी.आर के रूप में राशि निगम कोष में जमा करना पड़ता है। जब वह व्यक्ति भवन पूर्णता प्रमाण पत्र लेता है तो उसे अपने घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगवाना अनिवार्य रहता है निगम के अधिकारी जाकर निरीक्षण करते है, उसके उपरांत ही उसे भवन पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को सामाजिक संस्थाओं के लोगो ने बताया कि शुरू में भवन पूर्णता प्रमाण पत्र लेते समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग लोगो द्वारा करवा लिया जाता है। जिसका फोटो निगम में जमा कर देते है, बाद में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को स्लैब डालकर बंद कर दिया जाता है। जबकि नियम यह है कि छत का पूरा पानी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के अंदर जाना चाहिए, अतिरिक्त पानी ही बाहर निकलना चाहिए। नागरिक इसके प्रति संवेदनशील नहीं है। आयुक्त पाण्डेय ने भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा को निर्देशित किए हैं भवन पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान करने से पहले प्रत्येक घर का रेनवाटर हार्वेस्टिंग अच्छे से चेक किया जाए। कोई लापरवाही इसमें नहीं चलेगी अगर कोई व्यक्ति सिस्टमैटिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं बनवा पा रहा है। तो उसके जमा एफडी.आर से निगम भिलाई द्वारा नियमानुसार रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाकर दिया जावे, इसके लिए बराबर सर्वे किया जाए। सभी भवन स्वामी जिन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु राशि जमा कर निगम से भवन अनुज्ञा प्राप्त की है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सूचित किया जाता है कि 15 दिवस के भीतर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घर पर नहीं करवाया गया तो उनके एफ.डी.आर. की राशि जप्त कर लिया जाएगा। उसी राशि से उनके घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाकर दिया जावेगा। इसके लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने वाली एजेंसी से संपर्क किया जा रहा है, जो गुणवत्तापूर्वक रेन वाटर हार्वेस्टिम सिस्टम को लगाने की योग्यता रखता हो। शासन का निर्देश है सभी शासकीय भवनों, कार्यालय एवं अन्य जगहों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अवश्य लगाया जाए और उसका बराबर देखरेख की जाए। ठीक ढंग से काम कर रहा है कि नहीं निगम के जोन की टीम अपने-अपने वार्डों में जाकर इसकी जांच करेगी और आवश्यकता अनुसार कार्रवाई करेगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग धरती के जलस्तर को बढ़ाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग अवश्य लगाएं अपने घरों में। यह हम सबके लिए एवं आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही आवश्यक है, पानी को बचाने के लिए।

सुशासन समाधान शिविर में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार

कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार किट एवं बालिकाओं को सेनेटरी पैड किया गया वितरित

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई
www.dailypioneer.com

समाधान शिविर राम जानकी मंदिर वार्ड क्रमांक 30 में आयोजित किया गया, जिसमें वार्ड के नागरिक उपस्थित हुए। नागरिकों ने पूर्व में सुशासन समाधान शिविर में आवेदन किए थे। उस आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी के लिए अच्छा उत्साह था। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन समाधान शिविर में पहुंचकर 8 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, 12 कुपोषित बच्चों को सुपोषित किट एवं 22 बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरण किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई कि साफ - सफाई कैसे रखे, स्वास्थ्य के अनुसार कब-कब क्या-क्या भोजन करना चाहिए। भोजन करते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए। उम्र के अनुसार दिनचर्या के बारे में आदि जानकारी दी गई। शिविर के दौरान मांग एवं शिकायत से संबंधित 145 आवेदनों का निराकरण करने जोन आयुक्त सतीश यादव ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए हैं कि प्राप्त आवेदन को वर्गीकृत करके सभी विभाग शीघ्रता से निपटान करेगें। आगामी सुशासन तिहार 2025 शिविर 23.05.2025 दिन शुक्रवार को जोन 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रं 37 शीतला मंदिर डोम शेड में रखा गया है। इसमें सम्मिलित वार्ड 35 शारदा पारा, वाडर्द्य 36 श्याम नगर, वार्ड 37 संत रविदास नगर, वार्ड 52 सेक्टर 03, वार्ड 53 सेक्टर 01 उत्तर, वार्ड 54 सेक्टर 01 दक्षिण, वार्ड 55 सेक्टर 02 पूर्व, वार्ड 56 सेक्टर 02 पश्चिम। 26.05.2025 दिन मंगलवार को वार्ड क्रं. 42 डोम शेड पोस्ट आफिस ग्राउण्ड में शिविर आयोजित है। इसमें सम्मिलित वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर, वार्ड 39 चंद्रशेखर आजाद नगर, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर, वार्ड 41 इण्डस्ट्रीयल एरिया छावनी, वार्ड 42 गौतम नगर, वार्ड 43 बापू नगर, वार्ड 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में रखा गया है। जहां वार्ड के नागरिक शिविर स्थल पर निर्धारित समय सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे के अंदर जाकर अपने समस्या की पुरी जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर में जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड पार्षद महेश वर्मा, संतोष मोर्या, सत्या देवी जयसवाल, भोला साहू, पीयूष मिश्रा, धर्मेंद्र, लक्ष्मी दिवाकर, शैलजा राजू, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, रमेश चौधरी, राजकुमार जायसवाल, रामानुज प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

खुले स्थानों में बिजली प्रवाहित करना कानूनन अपराध है, पुलिस ने बताया और इससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर की जाएगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खुले स्थानों में बिजली प्रवाहित करना कानूनन अपराध है, पुलिस ने बताया और इससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर की जाएगी कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा एवं डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा आम जनता से महत्वपूर्ण अपील की गई है। आपको बता दे कि हाल के समय में यह देखने में आया है कि कई नागरिक खेतों, बाड़ियों और अन्य खुले स्थानों में झटका तार अथवा तार जालियों में बिजली प्रवाहित कर रहे हैं। इससे गौवंश और मानव जीवन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है, जिससे कई बार जानमाल की हानि भी हो चुकी है। बेमेतरा पुलिस की महत्वपूर्ण निर्देश खेत, बाड़ी एवं खुले स्थानों में झटका तार अथवा तार जालियों में विद्युत प्रवाह कदापि न करें। इस प्रकार की विद्युत प्रवाहित तारें दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं, जिससे गौवंश एवं मानव जीवन संकट में पड़ सकता है। खुले स्थानों में बिजली प्रवाहित करना कानूनन अपराध है, और इससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बेमेतरा पुलिस आमजन से अपील करती है कि सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और इस दिशा-निर्देश का पालन करें। नागरिकों की जागरूकता एवं सहभागिता से ही समाज में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ शासन ने बढ़ाई कलाकारों की पेंशन राशि, रुका हुआ भुगतान भी होगा जल्द

छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ के प्रदेशाध्यक्ष और लोककलाकार, नवलदास मानिकपुरी ने जताया शासन का आभार

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ के संस्थापक व प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार नवल दास मानिकपुरी ने शासन द्वारा वयोवृद्ध कलाकारों की पेंशन राशि बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व समूची सरकार का आभार जताया है। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2023-2024 और 2024-25 का लोक कलाकारों का रुका हुआ भुगतान करवाने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर भी संतोष जताया किया है। उल्लेखनीय है कि ख्याति प्राप्त कबीर भजन लोकगीत गायक, गीतकार-संगीतकार, आकाशवाणी दूरदर्शन एवं फिल्म कलाकार नवल दास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ के माध्यम से प्रदेश के लोक कलाकारों की आवाज छत्तीसगढ़ शासन तक पहुंचाते रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार व मौजूद विष्णुदेव साय सरकार को लोक कलाकारों की दशा को लेकर 14 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा था। जिसमें कलाकार की पेंशन को दो हजार रुपए से बढ़ाकर पांच हजार रुपए करने भी निवेदन किया गया था। इसके साथ ही ज्ञापन में इस बात का भी उल्लेख था कि वर्ष 2023-2024 और 2024-25 में संस्कृति विभाग द्वारा करवाए गए आयोजनों के भुगतान नहीं होने से लोक कलाकारों के समक्ष आर्थिक संकट की स्थिति आ गई है।

नवल दास मानिकपुरी ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलाकारों की पेंशन राशि को दो हजार रुपए से बढ़ाकर पांच हजार रुपए करने की घोषणा की है। इसी तरह एक और मांग वर्ष 2023-25 के लंबित भुगतान की थी। नवल दास मानिकपुरी ने बताया कि संघ की इस मांग पर पूर्व संस्कृति मंत्री व वर्तमान में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कलाकारों की मानदेय राशि का तत्काल भुगतान करने आग्रह किया गया है। इस पहल के लिए समस्त छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। नवलदास मानिकपुरी ने उम्मीद जताई है कि सांसद अग्रवाल की पहल और मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर अब जल्द ही भुगतान हो जाएगा। छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ की अन्य मांगों में सभी 33 जिलों में पंचायत/समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कला पथक योजना के अंतर्गत रिक्त पदों की भर्ती, संस्कृति विभाग की चिन्हारी योजना में पंजीकृत कलाकारों/लोककला दल को पंजीयन प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र देने और केन्द्र सरकार/राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को कला जत्था के माध्यम से प्रचार प्रसार करने के लिये छत्तीसगढ कलाकार विकास संघ के कलाकारों से पूरे 33 जिलों में कराने की मांग छत्तीसगढ़ शासन से की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पिछले दिनों ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ से परमेश्वर मरकाम, कन्हैयालाल, यशवंत कुमार पाण्डे, लखन लाल चौहान, ब्यास नाथ योगी, जीवन लाल कुंभकार, कृष्णा साहू, टीका राम सारथी, बलिदास मानिकपुरी, संतोष थापा और मनोज आदि मौजूद थे। सभी ने महासंघ की पेंशन बढ़ोत्तरी और लंबित भुगतान पर सकारात्मक पहल करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ शासन का आभार जताया है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बोंदा में निकली गई तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता ≺ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द्र मांझी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एन दीवान एवं बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल के मार्गदर्शन में भारतीय सेवा के सम्मान में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय सुरक्षा नगरिक के लिए ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार द्वारा चलाया गया। इसमें भारत को सफलता मिली। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर की जीत पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना करतूत का बदला भारतीय सेना,वायु सेना एवं नौ सेना ने साझा रूप से ऑपरेशन सिंदूर चलाया भारतीय सेना ने पाकिस्तान की आतंकी लॉच पैड और आतंक के प्रशिक्षण देने वाले जगह को चुन- चुन कर मिट्टी में मिला दिया। पाकिस्तान के हवाई पट्टी पर भी हमला कर उनके राडार और हवाई तकनीक को ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर जहां एक ओर पाकिस्तान के सारे हथियारों ने घुटने टेक दिए।वहीं भारत की उन्नत सुरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान की एक गोली को भी भारत की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया।आज का भारत सीमा सुरक्षा के मामले में कहीं आगे पहुंच चुका है और यह बात ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया तक पहुंची है इसी खुशी में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र-छात्राओं ने तिरंगा लहराते हुए भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। ग्राम बोंदा नवा पाली में सभी शिक्षक के उपस्थिति में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि, संस्था प्रमुख, प्राचार्य, प्रधान पाठक, व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, शिक्षिका, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

महापौर नीरज पाल ने सभी के लिए दुआओं की गुजारिश की, मस्जिद कमेटियों के ओहदेदार भी रहे मौजूद

■ हज पर जा रहे लोगों का सम्मान हम सबका सौभाग्यः रिकेश

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई
www.dailypioneer.com

शहर से हज्जे बैतुल्लाह जा रहे जायरीनों का इस्तकबाल जुनवानी रोड के एक सभागार में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल और महापौर परिषद सदस्य इंजीनियर सलमान सहित तमाम मस्जिद कमेटियों के ओहदेदार, मस्जिदों के इमाम-मुअज्जिन और जायरीने हज मौजूद थे। शुरुआत में जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम इकबाल अंजुम हैदर ने कुरआन की तिलावत की। उन्होंने इस दौरान कहा कि हज कोई मामूली सफर नहीं बल्कि खास इबादत का सफर है और हमारे बुजुर्गों का तरीका यह रहा है कि इस मुबारक सफर पर जाने वालों का इस्तकबाल करें। उन्होंने हज के दौरान अदा किए जाने वाले अराकान के बारे में बताया और कहा कि वहां आप जितनी और जिस हद तक की कुर्बानी पेश करेंगे उसका उतना ही इनआम आपको मिलेगा। आयोजन में पहुंचे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सभी जायरीनों को मुबारकबाद पेश की और सभी का इस्तकबाल किया। उन्होंने कहा कि यह भिलाई का सौभाग्य है कि इतनी बड़ी तादाद में लोग इस पवित्र यात्रा पर जा रहे हैं और हम इनका सम्मान कर रहे हैं। उन्होंने सभी जायरीनों से अपील की कि वहां जाने पर हम सबके लिए, अपने देश और प्रदेश के लिए खूब दुआएं कीजिए, जिससे हम सभी आपके इस पुण्य में भागीदार बन सकें। इस दौरान शहर महापौर नीरज पाल ने भी जायरीनों का इस्तकबाल किया। उन्होंने कहा कि यह हम सबकी खुशकिस्मती है कि इतनी पवित्र यात्रा पर जा रहे लोगों का सम्मान कर रहे हैं। उन्होंने हज के दौरान दुआएं करने अपील की। मुख्य आयोजक हजरत बिलाल मस्जिद हुडको के सदर शाहिद अहमद रज्जन ने सभी मेहमानों और जायरीनों का इस्तकबाल करते हुए हज के दौरान दुआओं की अपील की। इस दौरान हज पर जा रहे जिन आजमीने हज का इस्तकबाल किया गया, उनमें शब्बीर अहमद, अब्दुल अलीम खान, वहीद उद्दीन, अब्दुल माजिद, जुल्फिकार अली, अब्दुल फैयाज, अकीक उल्ला, अब्दुल फरीद निजामी, एजाज उद्दीन अहमद, याकूब अहमद, अब्दुल जहूर, मो मुंशीर, ए.के एच बाशा बेग, अब्दुल जहूर, फु जैल अहमद, अली अकबर, आसिफ बेग, तहसीन अख्तर, मुनव्वर बेग और मोहतरमा सरवरी, गजाला परवीन, तहमीना खान व अकबरी बेगम सहित अन्य लोग शामिल हैं।

रिसाली में 4 करोड़ के विकास कार्य को विधायक ने जनता को किया समर्पित, नेवई-पाटन मुख्य मार्ग होगा रोशन

पायनियर संवाददाता ≺ रिसाली
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम क्षेत्र में तीन करोड़ सत्यासी लाख बैसठ हजार का भूमिपूजन किया। उन्होंने लोकार्पण और भूमिपूजन कर विकास कार्य को जनता को समर्पित किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में कहा कि उनके लिए जनता सर्वपरि है। दुर्ग ग्रामीण विधायक और केन्द्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। विकास कार्य के लिए हमेशा वे नागरिकों के साथ खड़े है। उन्होंने संबोधन में कहा कि प्रदेश की विष्णू सरकार ने जो वादा किया उसे निभाया है। जो कार्य करने का वादा किया था उसे आज मूर्त रूप देने भूमिपूजन कर रहे है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने 5 घंटे से भी अधिक समय तक नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के अलग-अलग वार्डो में भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने भी विधायक के प्रयासों की सराहना कर उन्हें साधूवाद दी। कायक्रम को सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया। अतिथि के रूप में एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद हरीशचंद्र नायक, खिलेन्द्र चंद्राकर, ममता सिन्हा, गजेन्द्री कोठारी, टिकम साहू, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, आदि उपस्थित थे। अब रोशन होगा नेवई-पाटन मार्ग-दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नेवई-पाटन मुख्य मार्ग में ट्यूबलर पोल लगाने भूमिपूजन किया। अम्बेडकर स्कूल से रिसाली निगम की शरहद तक कुल 185 डिजाइनर पोल लगाकर सड़क के दोनो दिशाओं में रोशन किया जाएगा। विधायक ने जनसभा में कहा कि इस कार्य से सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। उन्होंने उचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य कर जनता को समर्पित किया है।

सांसद ने कहा अब राष्ट्रीय मैच होंगे रिसाली में

प्रदेश का पहला रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर रिसाली में

पायनियर संवाददाता ≺ रिसाली
www.dailypioneer.com

प्रदेश का पहला रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर का लोकार्पण रिसाली के आत्मानंद गार्डन में रविवार को देर शाम किया गया। इसके निर्माण में 16 लाख 10 हजार राशि खर्च की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्टेट रोल बॉल एसोशिएसन के अध्यक्ष व दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा के आतिथ्य वाले लोकार्पण कार्यक्रम में रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर पर 25 से भी अधिक बच्चों ने प्रदेशन भी किया। स्केटिंग फ्लोर के लोकार्पण अवसर पर दुर्ग सांसद और एसोशिएसन के अध्यक्ष विजय बघेल ने कहा कि रिसाली में बने प्रदेश स्तर के पहला स्केटिंग ग्राउण्ड सम्यक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने विधायक की सक्रियता और उनकी सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि रिसाली भले ही छोटा है, किन्तु यहां उल्लेखनीय कार्य के लिए चिन्हित है। उन्होंने आत्मानंद गार्डन के निर्माण और संचालित गतिविधिया के लिए निगम के सभापति केशव बंछोर को बधाई दी। सांसद ने कहा कि अब रिसाली में भी राष्ट्रीय स्तर व फेडरेशन के खेल आने वाले वर्षो से कराए जाऐंगे।

रिसाली बनेगा रोल मॉडल-दुर्ग ग्रामीण विधायक ने ललित चंद्राकर ने लोकार्पण अवसर पर कहा कि इस ग्राउण्ड से अभ्यास कर बच्चे राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर रिसाली का नाम रोशन करे। यही उनकी इच्छा है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत् प्रक्रिया है। प्राथमिकता के आधार पर कार्य को स्वीकृत कर विकास की कड़ी को जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने रिसाली निगम क्षेत्र को प्रदेश में रोल मॉडल बनाकर प्रस्तुत करने की बात कही। वहीं माहापौर शशि सिन्हा ने अपने उद्बोधन में आत्मानंद गार्डन में बने स्केटिंग फ्लोर के लिए सांसद और विधायक को धन्यवाद ज्ञापित की। महापौर ने सांसद के प्रयास से मिली सौगात को गौरव पूर्ण सौगात होना बताया। लोकार्पण समारोह में स्वागत भाषण सभापति केशव बंछोर व आभार प्रदर्शन आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, माया यादव, शीला नारखेड़े, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

विद्युतीकरण का लोकार्पण-दुर्ग ग्रामीण विधायक ने 18.98 लाख के वार्ड क्र. 23 प्रगतिनगर रिसाली बी.एस.एन.एल. से आशीर्वाद भवन मोड़ तक और वार्ड क्र. 05 एच.एस.सी.एल. कालोनी सियाराम शॉप से ब्लाक ए तक लागत 5.44 लाख से विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

(3rd Call)

NIT NO.:-06/ ZONE 07/ 2025 RAIPUR DATED : 16/05/2025

Online bids are invited for the following works up to 26/05/2025 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/ Description of work	Probable amount of contract (in Lacs)
1	168687	अधोसंरचना मद से शहीद चूड़ामणी नायक वार्ड क्रमांक 38 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सामुदायिक भवन निर्माण तथा पूर्व निर्मित भवनों का जीर्णोद्धार कार्य।	25.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.inform 16.05.2025, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE :-

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement Portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electrocnic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.erpoc@cgswan.gov.in

ZONE COMMISSIONER
ZONE 07
MUNICIPAL CORPORTATION
RAIPUR (C.G.)

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

संपादकीय

बड़बोले बयान भारतीयता पर हमला

बड़बोले बयान भारतीयता की भावना पर हमला तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अपमान हैं। कर्नल सोफिया कुरेशी पर विजय शाह का बयान हाल में अनेक नेताओं द्वारा दिए ऐसे बड़बोले बयानों में शामिल है। ऐसे देश में जहां सशस्त्र बलों को एकता, बलिदान और राष्ट्रीय गौरव का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है, वहां उनकी गरिमा पर हमला न केवल व्यक्तियों पर, बल्कि गणतंत्र के ढांचे पर ही हमला है। जब यह हमला एक राज्य सरकार के मंत्री की ओर से होता है तो यह राजनीतिक निष्ठा से आगे बढ़ कर 'संविधान के अपमान' के क्षेत्र में आ जाता है। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की सम्मानित अधिकारी कर्नल सोफिया कुरेशी पर दिए भड़काऊ तथा अपमानजनक बयान से यही हुआ है। सांप्रदायिक रंग और दुष्टतापूर्ण अपशब्दों वाले उनके बयान में कर्नल कुरेशी को पहलगाम हमले में संलिप्त 'आतंकियों की बहन' बताया गया था। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने इसे 'गंदा', 'निंदनीय' और 'खतरनाक' कहा है। मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए जस्टिस अतुल श्रीधरन और अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने पुलिस महानिदेशक को फौरन इस मामले में एफआईआर दर्ज करने को कहा और चेतावनी दी कि ऐसा करने में विफलता अदालत की अवमानना होगी।

अदालत ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 152-भारत की संप्रभुता और अखंडता पर हमला, धारा 196-1-बी-धार्मिक सामंजस्य विरोधी बयान तथा धारा 197-राष्ट्रीय एकता को संभावित नुकसान पहुंचाने वाले बयान, को इस मामले में लागू किया। अदालत ने सीधे-सीधे कहा कि राष्ट्र की गरिमापूर्ण ढंग से सेवा करने वाली मुस्लिम महिला कर्नल कुरेशी के लिए 'गटर की भाषा' का प्रयोग कर मंत्री ने न केवल सशस्त्र बलों की निष्ठा पर हमला किया, बल्कि धार्मिक विभाजन की भावनायें भड़काईं। यह राजनीतिक मुद्दा न होकर नैतिक एवं संवैधानिक विफलता है। कर्नल कुरेशी भारत के उत्कृष्टतम मूल्यों-कर्तव्य, साहस और प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करती हैं। धर्म के आधार पर उनकी निष्ठा पर हमला न केवल बौद्धिक रूप से दीवालियापन, बल्कि संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य है। धर्म को सेना के क्षेत्र में घसीटना राष्ट्रीय एकता की जड़ों पर प्रहार करना है। इससे न केवल उस अधिकारी का हतोत्साहन होता है, बल्कि सभी आवर्दी लोग प्रभावित होते हैं जो चाहते हैं कि बिना किसी पूर्वाग्रह के उनके बलिदानों को स्वीकार किया जाए और यह आवश्यक भी है। हालांकि, मंत्री ने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है, पर इससे लोगों का गुस्सा ठंडा नहीं हुआ है। कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी दलों ने इसका लाभ उठा कर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। अदालत में कार्यवाही लंबित होने के कारण मध्य प्रदेश सरकार ने अभी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का आधार है, लेकिन भाषण की स्वतंत्रता बदनाम करने, सांप्रदायिकता फैलाने या उकसाने का लाइसेंस नहीं है। भारत का संविधान नियंत्रणों के साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अनुमति देता है जिनमें सार्वजनिक व्यवस्था, गरिमा और राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखना शामिल हैं। विजय शाह का बयान इन सभी आधारों पर गलत लगता है। इस बयान से न केवल मंत्री का निंदनीय व्यवहार सामने आता है, बल्कि इससे एक सीमा निर्धारित करने की आवश्यकता भी सामने आती है। यह सीमा रेखा लोकतांत्रिक ढंग से विरोध व सांप्रदायिक उकसावे तथा नेतृत्व व गैर-जिम्मेदाराना बयानों के बीच होनी चाहिए। किसी को भी ऐसे भड़काऊ बयान देने का अधिकार नहीं है, भले ही उसका राजनीतिक दर्जा कुछ भी क्यों न हो। किसी को भी ऐसे लोगों का अपमान करने या उनका दर्जा गिराने का अधिकार नहीं है जो निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करते हों। ऐसे भड़काऊ बयानों को खारिज किया जाना चाहिए। यदि हम ऐसी 'शाब्दिक हिंसा' के खिलाफ नहीं बोलते हैं तो इस प्रवृत्ति के आम बन जाने का खतरा पैदा हो जाता है। जब ऐसे भड़काऊ बयान सैनिकों और सेना को लक्षित करने लगें तो इनसे भारतीयता को खतरा पैदा हो जाता है जिससे 'भारत का विचार' ही प्रभावित हो सकता है।

आपरेशन सिंदूर: नाम के निहितार्थ

आपरेशन सिंदूर समेत अतीत के अनेक सैन्य आपरेशनों के नामों के गंभीर निहितार्थ हैं। इन नामों ने सेना के इतिहास के साथ ही संप्रभु भारत की सुरक्षा और उसकी भावनात्मक एकता में भी महत्वपूर्ण स्थान बनाया है।

राजदीप पाठक
(लेखक, गांधी दर्शन एवं स्मृति संस्थान से संबद्ध हैं)

पहलगाम में धर्म पूछ कर लोगों की हत्या तथा बहन-बेटियों का सिंदूर मिटाने के जघन्य आतंकी नरसंहार के बाद भारतीय सेना ने 'आपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत अभूतपूर्व कार्रवाई की। इस नामकरण ने भारत की जनता में भावनात्मक एकजुटता पैदा की है। सेना द्वारा किए आपरेशन सिंदूर समेत अतीत के अनेक सैन्य आपरेशनों के नामों के गंभीर निहितार्थ हैं। इन नामों ने सेना के इतिहास के साथ ही संप्रभु भारत की सुरक्षा और उसकी भावनात्मक एकता में भी महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय यात्रा के उज्जवल विमर्श में सैनिक और सुरक्षा आपरेशनों के लिए दिए नामों के गंभीर निहितार्थ हैं। वे राष्ट्रीय भावना, रणनीतिक दृष्टिकोण तथा अडिग प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं। प्रत्येक नाम से उसका उद्देश्य स्पष्ट होता है जिसमें मिशन की आत्मा तथा राष्ट्र की इच्छाशक्ति समाहित है।

स्वतंत्रता के पश्चात अनिश्चितता भरे सवेरे से लेकर आज के संवेदनशील सुरक्षा परिदृश्य तक इन नामों ने लोगों को लामबंद करने का काम किया। ऐतिहासिक संदर्भ में प्रतीकात्मकता के साथ ही इन्होंने प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। वे न केवल भारतीय सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों व पुलिस के टैक्टिकल लक्ष्यों को परिभाषित करते हैं, बल्कि सामूहिक आकांक्षाओं तथा अपनी संप्रभुता की सुरक्षा हेतु दृढ़ प्रतिज्ञ राष्ट्र की भावना भी प्रकट करते हैं। ऐसे प्रत्येक आपरेशन के पीछे असाधारण बलिदान की गाथा छिपी है। इनमें भारत को सुरक्षित रखने और उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध बावर्दी लोगों के योगदान के साथ ही उनके परिवारों का मौन समर्थन भी शामिल है।

समय आ गया है कि हम रील बनाने तथा उड़ती मिसाइलों के वीडियो बनाने के बजाय इन प्रेरणादायक नामों के पीछे छिपी गहरी प्रतिबद्धता समझने का प्रयास करें। समय आ गया है कि हम पिछले 75 वर्षों में जनता की स्मृति को स्वरूप देने और हजारों बावर्दी लोगों के बलिदान में उनकी भूमिका समझें जिन्होंने असाधारण चुनौतियों का सामना करते हुए कठोर परिश्रम से विजय प्राप्त की।

आपरेशनों के कोडनेम अक्सर केवल आपरेशन की पहचान करने से आगे जाते हैं। वे सशक्त भाषाई औजार हैं जो भारतीय सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों तथा राज्य पुलिस बलों के इरादों, रणनीति और प्रतिबद्धता को प्रकट करते हैं। समय-समय पर इन बलों ने देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए अनेक रणनीतिक आपरेशन किए। इन आपरेशनों ने न केवल बाहरी शत्रुओं और आंतरिक विद्रोहों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि उन्होंने जनता की चेतना तथा राष्ट्रीय विमर्श को स्वरूप देने का भी काम किया। 1984 में आतंकवाद-विरोधी कार्रवाई के लिए 'आपरेशन ब्लू स्टार' ने पूरे देश को प्रभावित किया। इसके बाद दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में ऊंचे पहाड़ों पर युद्धक क्षमता प्रदर्शित करने वाले सियाचिन के 'आपरेशन मेघदूत' ने अपनी छाप छोड़ी।

हाल ही में नृशंस आतंकी हमले के जवाब में छेड़े 'आपरेशन सिंदूर' ने भारतीय सैनिक अवस्थापना की शक्ति प्रदर्शित की। इन सभी आपरेशनों के नामों का चयन बहुत सावधानी से किया गया था। इनमें से कुछ नाम प्रकृति से जुड़े थे, अन्य का संबंध भारतीय पुराकथाओं से था, जबकि कुछ सांस्कृतिक पहचान, भावनाओं और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से संबद्ध थे। उदाहरणार्थ, 'आपरेशन सिंदूर' एक गहरी भावनात्मक व प्रतीकात्मक ध्वनि देता है। मीडिया रिपोर्टों ने संकेत किया कि 'सिंदूर' का मूल अर्थ 'स्ट्रेटिजिक इनीशियेटिव फार न्यूट्रलाइजिंग डिस्ट्रक्टिव अपोनेंट्स विध ओवरव्हेल्मिंग रिटेलियेशन' है। वैसे 'सिंदूर' का अर्थ विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा लगाया जाने वाला सिंदूर है जो उनके वैवाहिक स्तर का प्रतीक है। कहा जाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह नाम 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले में विधवा हुई भारतीय महिलाओं के प्रति सम्मान है और इस प्रकार यह आपरेशन उनके प्रति न्याय का प्रतीक है। इससे जवाबी कार्रवाई का औचित्य भी स्पष्ट होता है। सैनिक आपरेशन का नामकरण रणनीतिक संप्रेषण का कृत्य है। इससे नैतिकता प्रभावित होती है, जनता का दृष्टिकोण प्रकट होता है तथा कभी-कभी यह अंतर्निहित संदेश भी स्पष्ट करता है। सैन्य इतिहासकार व लेखक डा. शिव कुनाल वर्मा ने अपनी पुस्तक '1962: द वार दैट वाज़ नाट' में लिखा है, 'हर आपरेशन अपने आप में एक कथा है। इसका शीर्षक संक्षिप्त, आकर्षक और जानबूझ कर चुना गया' जिसमें परंपरागत युद्धों से लेकर आतंकवाद-विरोधी कार्रवाइयां तथा अंतरराष्ट्रीय शांति मिशन तक शामिल हैं।

शुरुआती कार्रवाइयों में 1948 के 'आपरेशन पोलो' जैसे नाम का प्रयोग अपनी व्यापकता छिपाने के लिए किया गया था जो हैदराबाद के एकीकरण के लिए था। 1947-48 में पहले भारत-पाक युद्ध के दौरान जब पाकिस्तान ने कबीलाइयों को कश्मीर में प्रवेश करवा कर 'आपरेशन गुलमर्ग' किया तो इसके जवाब में भारत ने सैनिकों को विमान से उतार कर श्रीनगर बचाने के लिए 'आपरेशन रेस्क्यू' किया। इससे भारतीय सैन्य तैयारियों के लंबे इतिहास की नींव पड़ी जो आक्रमण की त्वरित प्रतिक्रिया से जुड़ा था। इसके बाद गोवा मुक्ति के लिए 1961 में 'आपरेशन विजय' तथा 1971 में भारत-पाक युद्ध के लिए 'आपरेशन कैक्टस लिली' नाम दिए गए। इससे लोकतांत्रिक आंदोलनों, जैसे बांग्लादेश मुक्ति के लिए भारत के समर्थन को रेखांकित किया गया।

बाद के आपरेशनों में समुद्रपारीय हस्तक्षेपों में भारत की रणनीतिक परिवर्तनशीलता स्पष्ट हुई। मालदीव में 1988 में 'आपरेशन कैक्टस' तथा 1987 में श्रीलंका में भारतीय शांति स्थापना बलों-आईपीकेएफ के लिए 'आपरेशन पवन' नाम दिए गए। 1999 के कारगिल युद्ध में 'आपरेशन विजय' नाम का पुन: प्रयोग हुआ जिसमें घुसपैठियों पर विजय मिली। इसे भारतीय वायुसेना के 'आपरेशन सफेद सागर' से सहायता मिली। हालिया दशकों में सेना ने आतंकवाद-विरोधी कार्रवाइयों में सेना की भूमिका पर जोर दिया। कश्मीर में आपरेशन 'आल आउट' तथा 2019 में पुलवामा हमले के बाद 'आपरेशन बंदर' किए गए। ये तेज व निर्णायक हमलों को रेखांकित करते थे। अनेक आपरेशनों के नाम संस्कृत या भारतीय पुराकथाओं से लिए गए। 'पराक्रम', 'मेघदूत' या भगवान हनुमान का प्रतीक आपरेशन 'बंदर' इनमें शामिल हैं। अन्य आपरेशनों, जैसे 'कैक्टस', 'रक्षक' या खाड़ी क्षेत्र में समुद्री परिवहन की सुरक्षा और समुद्री डकैती-विरोधी कार्रवाइयों के लिए 'संकल्प' नाम दिए गए।

नामों से आपरेशनल आवश्यकतायें भी सामने आती हैं जिनका उद्देश्य धोखा देना या रणनीतिक इच्छाशक्ति प्रकट करना हो सकता है। इनमें 4 दिसंबर, 1971 को भारतीय नौसेना द्वारा कराची बंदरगाह पर किया 'आपरेशन ट्राइडेंट' शामिल हैं। 'ट्राइडेंट' का संबंध भगवान शंकर के त्रिशूल से भी है जो शक्ति, सटीकता और विनाश का प्रतिनिधित्व करता है। इसी प्रकार 8 दिसंबर, 1971 को किया 'आपरेशन पाइथन' अजगर का प्रतिनिधित्व करता है जो खामोशी से हमला कर अपने शिकार का दम निकाल देता है। इससे भारतीय नौसेन की सटीकता और आक्रामक क्षमता का प्रतिनिधित्व होता है। इसके साथ ही मानवीय व बचाव कार्रवाइयों के लिए किए गए आपरेशनों के नामों से देखभाल और सहायता की भावना प्रकट होती है।

2015 में नेपाल में भूकंप के दौरान 'आपरेशन मैत्री', 2022 में यूक्रेन से नागरिकों को बाहर निकालने के लिए 'आपरेशन गंगा', 2023 में तुर्की व सीरिया की सहायता के लिए 'आपरेशन दोस्त' सूडान से भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए किए 'आपरेशन कावेरी' उनके सद्भावनापूर्ण उद्देश्यों को प्रकट करते हैं। आज दुनिया में जहां भाषा विमर्शों और दृष्टिकोणों को परिभाषित करती है, वहां सैनिक कार्रवाइयों के लिए आपरेशनों के नाम उनके भावनात्मक और सौंदर्यात्मक अभिप्राय व्यक्त करते हैं।

भारतीय सैनिक आपरेशनों के नाम एक प्रकार से तत्कालीन इतिहास का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनका नामकरण जनता में आत्मविश्वास पैदा करने, राष्ट्रीय पहचान को प्रतीकात्मक ढंग से अभिव्यक्त करने तथा आपरेशन की क्षमता प्रदर्शित करने के लिए होते हैं। इस दृष्टिकोण से नवीनतम 'आपरेशन सिंदूर' ने अधिकांश भारतीयों की भावना को गहराई तक प्रभावित किया है और पूरा भारत आतंकवाद और उसके प्रायोजकों के खिलाफ भारतीय सेना के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर : राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान का संगम

लक्ष्मी पुरी
संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव
एवं भारत की पूर्व राजदूत

ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया है कि भारत वैधता नहीं चाहता है। देश न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी कृत्य के प्रति भारत की जवाबी प्रतिक्रिया - ऑपरेशन सिंदूर, जो अभी भी जारी है, आतंकवाद-रोधी और सैन्य सिद्धांत तथा रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अपने जोशीले भाषण में, जिसकी गूंज पूरे भारत और दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में सुनायी दी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद के किसी भी कृत्य के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की एक नई सामान्य स्थिति स्थापित की गई है। कोई भी देश, जो आतंकवादी अवसंरचना को पनाह देता है, उसे वित्तीय मदद देता है और उसका पोषण करता है, उसे अपने सैन्य बलों के साथ जोड़ता है और निर्दोष नागरिकों के खिलाफकरूर हमलों के लिए भारत को निशाना बनाता है, उसे त्वरित, दंडात्मक और प्रतिशोधी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। सोची-समझी सैन्य कार्रवाई से न केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बीच में भी आतंकवादी नेटवर्क ध्वस्त हो जाएंगे, भले ही राज्य प्रायोजित आतंकवादी ठिकाने आधिकारिक सुरक्षा संरचनाओं के साथ कितने भी जुड़े हुए हों। सिंदूर सिद्धांत, भारत की संप्रभुता और सभ्यतागत लोकाचार को बनाए रखने में निहित है। इसका उद्देश्य इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना, आंतरिक एकता, सद्भाव और शांति सुनिश्चित करना और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए देश को त्वरित आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। यह सीमा-पार आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के रुख की पुष्टि करता है और भारत को अपने सुरक्षा हितों की रक्षा में निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध करता है, जिसे पुनर्परिभाषित और विस्तृत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है: भारत के खिलाफ किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई युद्ध मानी जायेगी, अब कोई संदेह की स्थिति नहीं है, किसी दूसरे तरीके से युद्ध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, आतंकवाद से होने वाले नुकसान के आगे हार नहीं मानी जाएगी। ऑपरेशन के बाद राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रधानमंत्री का संबोधन सफलता की पुष्टि से कहीं अधिक था। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिए गए इस संबोधन ने एक नई रणनीतिक व्यवस्था का अनावरण किया, दृढ़, गरिमापूर्ण और भारत के सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित। इसने एक सरल लेकिन दृढ़ संदेश दिया: भारत शांति में विश्वास करता है, लेकिन शांति को शक्ति का समर्थन होना चाहिए। अपने मूल में, प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर सिद्धांत तीन अलग सिद्धांतों पर जोर देता है, जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहला, भारत उन देशों के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा, जो आतंक को बढ़ावा देते हैं; जब बातचीत फिर से शुरू होगी, तो यह द्विपक्षीय होगी तथा इसमें केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर चर्चा होगी। दूसरा, भारत आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है तथा व्यापार और राष्ट्रीय सम्मान के बीच एक सुदृढ़ रेखा खींचता है। अंत में, भारत अब परमाणु धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा- ऑपरेशन सिंदूर ने निर्णायक रूप से उन सभी भ्रमों को तोड़ दिया है कि परमाणु खतरे, आतंकी कृत्यों के ढाल बन सकते हैं। सिंदूर नाम का चयन गहन सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता को रेखांकित करता है। विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला लाल सिंदूर, पीड़ित होने के रूपक के रूप में नहीं, बल्कि पवित्र कर्तव्य और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया। आतंकवादियों ने इस सम्मान को अपवित्र करने की कोशिश की, भारत ने पूरी ताकत के साथ जवाब दिया। व्यक्तिगत राजनीतिक हो गया, सांस्कृतिक रणनीतिक हो गया। चूंकि आतंकी हमला कश्मीर में हुआ था, जो भारत माता का भौगोलिक और प्रतीकात्मक सिर है, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर भारत माता की रक्षा करने और उसे सलाम करने के लिए है। भारत की प्रतिक्रिया एक सैद्धांतिक विरासत का अनुसरण करती है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर 1980 के दशक के इंदिरा सिद्धांत तक तथा 1998 में पोखरण-2 परीक्षणों के जरिए वाजपेयी के साहसिक परमाणु दावे से लेकर जिसने वैश्विक दबावों और प्रतिबंधों के बावजूद भारत के आत्मरक्षा के संप्रभु अधिकार की पुष्टि की और विश्वसनीय न्यूनतम अवरोध की नीति स्थापित की से लेकर उरी और बालाकोट में प्रदर्शित मोदी सिद्धांत तक, भारतीय शासन नीति ने लंबे समय से संकट के समय और राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण मामलों में संप्रभु निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर दिया है। सिंदूर सिद्धांत इसे आगे बढ़ाता है, आत्मविश्वास से भरे भारत ने इसका समर्थन किया है। देश अपने मूल हितों तथा अपने नागरिकों की संरक्षा और सुरक्षा के लिए स्वतंत्र व मजबूती से काम करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भू-राजनीतिक रूप से, इस ऑपरेशन ने क्षेत्रीय उम्मीदों को फिर से स्थापित किया है। आतंकवाद के लिए ढाल के रूप में परमाणु शक्ति का इस्तेमाल करने के आदी पाकिस्तान का सीधे सामना किया गया है। दंड से मुक्ति का भ्रम टूट गया है। चीन, हालांकि औपचारिक रूप से तटस्थ है, उसे अपने सहयोगी की कमज़ोरी को समझना होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका से लेकर रूस तक, वैश्विक शक्तियाँ भारत को बाहरी संकेत या समर्थन की प्रतीक्षा किए बिना कार्रवाई करते हुए देख रही हैं। अन्य पड़ोसियों को अब अपनी दुर्भावना और भारत विरोधी कार्रवाइयों के परिणामों का आकलन करना चाहिए। पिछले 11 वर्षों में, भारत ने कई भौगोलिक क्षेत्रों में और प्रमुख शक्तियों के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी का एक सघन और मजबूत नेटवर्क सफलतापूर्वक निर्मित किया है। इसने बहुपक्षीय और लघुपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग व्यवस्थाओं में भाग लिया है और मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, प्रमुख शक्तियों और इन साझेदारियों से जुड़े भारत के कई रणनीतिक और रक्षा संबंध अग्नि परीक्षा से गुजरे। पहलगाम के बाद, संतोषजनक बात यह थी कि हमारे भागीदारों द्वारा आतंकवादी हमलों की सार्वभौमिक निंदा की गयी। हालाँकि, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान की तीव्र कार्रवाई के बाद, परमाणु-संपन्न पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ने के बारे में चिंताएँ व्यक्त की गईं। प्रतिक्रियाएँ इस बात से भी प्रभावित थीं कि इस सैन्य संघर्ष में उनके हथियार प्रणालियों ने कैसा प्रदर्शन किया या कि क्या प्रदर्शन करने में विफल रहे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें न केवल अपने रणनीतिक साझेदारों को सावधानी से चुनना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ये साझेदारियाँ सिंदूर सिद्धांत को शामिल करती हों। इसका मतलब यह है कि उन्हें पाकिस्तान पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके उसके आतंकी ठिकानों को खत्म करना चाहिए और राज्य-नीति के रूप में आतंकवाद का परित्याग करना चाहिए। यदि हमें पाकिस्तानी आतंकवादी-सैन्य ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करना पड़ता है, तो उन्हें हमारे साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। दुष्टों के लिए कोई शरणस्थली नहीं, कोई बचाव नहीं। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जिस आतंकी ढांचे को निशाना बना रहा है, वह न सिर्फ भारत और लोकतंत्र के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि और विकास के इंजन के रूप में देश की भूमिका के लिए भी खतरा है। पाकिस्तान से आतंकवाद को वैश्विक स्तर पर निर्यात किया जाता है, यूरोप, यूके, संयुक्त राज्य अमेरिका और उससे आगे। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय समुदाय का अधिकांश हिस्सा आंखें मूंद कर बैठा है, जबकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी समूह पाकिस्तान में खुलेआम काम करते हैं। पाकिस्तान पहले भी आतंकवादी समूहों की शरणस्थली था और अब भी है। ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान, पाकिस्तान के रक्षा और विदेश मंत्रियों ने सार्वजनिक रूप से इतना स्वीकार किया। भारत ने आतंक के इस असंख्य सिर वाले राक्षस के खिलाफ कार्रवाई करके वैश्विक सेवा की है। यह अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम पंक्ति के योद्धा के रूप में खड़ा है। दुनिया को कार्रवाई करने के लिए जागरूक होना चाहिए और आतंक के अपराधियों और इसके खिलाफ काम करने वालों के बीच नैतिक समानता स्थापित करना बंद करना चाहिए चाहे उनके संकीर्ण, अल्पकालिक, दिखावटी विचार कुछ भी हों। सिंदूर सिद्धांत का आर्थिक आयाम भी महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के साथ कोई व्यापार नहीं की स्पष्ट घोषणा करके, भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आर्थिक उपायों को क्रियान्वित किया है।

आप की बात

सिंधु जल संधि

सिंधु जल संधि भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में विश्व बैंक की सहायता से हुई थी जिसका उद्देश्य उनके बीच जल का बंटवारा सुनिश्चित करना था। लेकिन बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण और जलवायु परिवर्तन के कारण जल की माँग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में यह समझौता रद्द कर दिया है। भारत ने कहा है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को पूर्ण रूप से समाप्त नहीं करता तब तक उसे सिंधु जल समझौते के अंतर्गत अतिरिक्त जल देने का कोई प्रश्न नहीं उठता। भारत ने पहले उसे उसके हिस्से से अधिक जल दिया था। यह निर्णय भारत की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के साथ ही यह भी दर्शाता है कि जल अब केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं बल्कि रणनीतिक संपत्ति बन चुका है। भारत को स्वयं सिंधु और चेनाब, आदि नदियों के जल की आवश्यकता है। भारत ने पिछले दशक में सिंधु व अन्य संबंधित नदियों पर अनेक बांध व परियोजनायें बनाई हैं तथा बना रहा है। कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उनकी पार्टी ने हमेशा सिंधु जल संधि का विरोध किया क्योंकि इससे उनके राज्य का हक मारा जाता था। भारत सिंधु व अन्य नदियों का पानी जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तक पहुंचाना चाहता है।

– विभूति बुपक्या, खाचरौद

भारत-विरोधी सोच

पाकिस्तान का भारत विरोधी पागलपन नया नहीं है। 1947 में इसके निर्माण के साथ ही भारत के विरुद्ध विषवमन की नींव रख दी गई थी। इसके बाद जितने भी युद्ध हुए उनमें पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी फिर भी उसका उन्माद कम नहीं हुआ। पहलगाम जैसे आतंकी हमले देश की अस्मिता को ललकारते हैं और हर भारतवासी के हृदय में आक्रोश उत्पन्न करते हैं। आतंक का कोई मजहब नहीं होता, यह बात सिद्धांत रूप में ठीक लग सकती है, पर जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी धार्मिक पहचान के आधार पर निरपराध पर्यटकों की हत्यायें करें तो इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कश्मीर में हिंदुओं का नरसंहार तथा मुंबई, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद और बोधगया में हुए बम धमाके, संसद और अक्षरधाम मंदिर पर हमले सब एक योजना का हिस्सा हैं। पाकिस्तान ने जिहादी मानसिकता को मदरसों में पनपाया और भारत के भीतर आबादी जिहाद, वोट जिहाद और जमीन जिहाद जैसे नए मोर्चे खोल दिए। यह सिर्फ सीमाओं तक सीमित खतरा नहीं है, बल्कि आंतरिक रूप से भी देश को खोखला करने का प्रयास है। सरकार के साथ ही अब देश का हर नागरिक पाकिस्तान की इस भारत-विरोधी सोच के खिलाफ खड़ा हो रहा है।

– सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

रक्षा मंत्री का बयान

पहलगाम में आतंकी नरसंहार के बाद ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये पाक के आतंकियों और उनकी सेना को भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इसके बावजूद वह परमाणु हथियारों की धमकी भारत को दे रहा है। हमारे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ठीक ही कहा है कि दुष्ट के हाथों में परमाणु हथियारों पर दुनिया निगरानी रखे क्योंकि इनके आतंकियों के हाथों में पड़ने का खतरा है जिससे न केवल भारत, बल्कि सारी दुनिया संकट में घिर सकती है। इसके साथ ही राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ जैसी संस्थाओं से पाकिस्तान को मिलने वाली रकम-आतंकवाद की फंडिंग है। उनका यह बयान साफगोई की पराकाष्ठा है क्योंकि इसके पहले शायद ही इतने उच्च पदस्थ किसी भारतीय नेता ने ऐसा बयान दिया होगा। इसका प्रमाण पाकिस्तान सरकार द्वारा भारतीय सेनाओं द्वारा मारे गए आतंकियों को भारी-भरकम मुआवजे तथा ध्वस्त मदरसा फिर बनवाने की घोषणा है। इससे स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान सरकार और आतंकियों में कोई अंतर नहीं है। ऐसे में राजनाथ सिंह का यह कहना भी पूर्ण सत्य है कि पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है और परमाणु आयुधों के कारण सारी दुनिया को सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है।

शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

ट्रंप की विश्वसनीयता

डोनाल्ड ट्रंप दुनिया में जितना रोब दिखा रहे हैं वह उतने मजबूत नहीं है क्योंकि बयान बदलने की उनकी एक आम प्रवृत्ति बन गई है। इससे उनकी विश्वसनीयता पर बार-बार सवाल उठते हैं। चाहे भारत में एप्पल के आईफोन उत्पादन की बात हो या भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का प्रस्ताव, ट्रंप ने अपने बयानों से बार-बार पलटी मारी है। भारत-पाक संघर्ष में खुद को शांति दूत बताने वाले ट्रंप फिर इस भूमिका से मुकर गए। उन्होंने मध्यस्थ की भूमिका को बजाय अब दोनों देशों के बीच तनाव खत्म करने में सहायता की बात कही है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ट्रंप के अच्छे संबंध रहे हैं और उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने का समर्थन भी किया था। लेकिन ट्रंप अच्छे बिजनेसमैन भी हैं और उनके परिवार के बिजनेस सारे दुनिया में फैले हैं, ऐसे में दीवालिया पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत-विरोध में ट्रंप को खुश करने के लिए कुछ बिजनेस समझौते कर सकते हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था कि अमेरिका उनसे एक टापू मांग रहा था।

– अमृतलाल मारू, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

युक्तियुक्तकरण के नाम पर सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर गिरेगा

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नये सेटअप के तहत शिक्षकों की न्यूनतम संख्या में कटौती और युक्तियुक्तकरण के नए नियम को जन विरोधी निर्णय करार देते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ने कहा है कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है, जिससे छत्तीसगढ़ के लगभग 5000 स्कूल बंद हो जाएंगे। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्याह्न भोजन बनाने वाली महिला स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित हैं। महामंत्री मेघनाथ साहू ने कहा है कि नए सेटअप में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है? मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे? इसके अतिरिक्त मध्याह्न भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी। भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके, इसीलिए निजी शिक्षण संस्थानों को लाभ पहुंचाने, सरकारी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का षड्यंत्र रचा गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही 5484 स्कूल ऐसे हैं जो केवल एक शिक्षक के भरोसे हैं, 297 स्कूल पूरी तरह से शिक्षक विहीन है, पिछले सवा साल से भाजपा की सरकार है। इस दौरान एक भी पद नियमित शिक्षा की नियुक्ति नहीं की गयी। विधानसभा में 33000 शिक्षक के पदों पर भर्ती की घोषणा करके वह प्रक्रिया भी दुर्भावना पूर्वक रोक दी गई, अब युक्तियुक्तकरण और नए सेटअप के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद करके शिक्षकों के पद को खत्म करने का अव्यवहारिक फैसला थोपा जा रहा है। सरकार पहले शिक्षकों को प्रमोशन दे, उनके लिये ट्रांसफर पालिसी तय करे उसके बाद ही युक्तियुक्तकरण का फैसला ले। नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों मे कटौती का आदेश तत्काल वापस ले सरकार।

शिक्षक संघटन और शिक्षाविदों के अनुसार

यह रिपोर्ट प्रदेश में लगभग 4000 स्कूल बंद करने और 35,000 शिक्षकों के पद समाप्त करने के फैसले पर सवाल उठाती है। सरकार का तर्क है कि स्कूलों का एकीकरण (मर्ज) शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएगा, लेकिन हकीकत में इससे ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में शिक्षा व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचेगा। शिक्षक संघों का कहना है कि 2008 के सेटअप का पालन नहीं हो रहा और एक-एक शिक्षक पर कई-कई कक्षाओं का बोझ डाला जा रहा है।

प्राइवेट विद्यालय और निजीकरण को सिर्फ बढ़ावा

यह फैसला न सिर्फ शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देगा, बल्कि जनता के मन मे सरकारी विद्यालय से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निजी विद्यालय की ओर जाएँगे साथ ही गरीब हजारों बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी। पद समाप्त होने से युवाओं के लिए शिक्षक बनने के अवसर भी घटेंगे। सवाल यह है कि जब खुद सरकार शिक्षकों की कमी स्वीकार रही है, तो फिर पदों को समाप्त कर किस आधार पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधरेगी? यह नीति शिक्षा का अधिकार कानून की भावना के भी खिलाफ है।

शिक्षिका का अपहरण कर जंगल में जबरदस्ती की शादी मुख्य आरोपी युवक, फरार, दो सहयोगी युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल के भेजराटोला समीप एक प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका युवती को अपहरण कर जंगल ले जाकर दबावपूर्वक शादी करने के मामले में पुलिस ने 2 सहयोगी युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटनाक्रम में प्रयुक्त वाहन टाटा नेक्सान सीजी 04 क्युई 5442 सहित शादी करने में प्रयुक्त चुनरी, कपडा, मंगलसूत्र को भी किया है। हालांकि अपहरण के मुख्य आरोपी फ़रार है। पुलिस द्वारा मीडिया में जारी आधिकारिक विवरण मुताबिक टीआई अवनीश श्रीवास ने बताया कि 16 मई को प्रार्थिया द्वारा डोंगरगांव थाना पहुंचकर शिकायत की। प्रार्थिया ने उनकी शिक्षिका बेटी को सुबह 10 बजे भेजराटोला समीप कुछ युवक जबरदस्ती अपहरण कर कार में ले गए हैं। इस पर पुलिस ने 137 बी, बीएनएस के तहत विवेचना में लिया था। युवती को रात्रि 8 बजे तक समीप के जंगल मे ही रखकर प्रताड़ित कर जबरदस्ती शादी की। शादी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस में आरोपी के खिलाफ पूर्व में हुए शिकायत वापस लेने पीड़ित के शरीर मे पेट्रोल डालकर जान से मारने की धमकी दी। रात्रि में एक बजे पीड़िता को उनके मामा के घर ग्राम अंडा, जिला दुर्ग छोड़ फरार हो गया। तब पुलिस ने शिक्षिका युवती को टीम भेजकर ग्राम अंडा से बरामद कर कथन लिया गया। तब पीड़िता ने अपने कथन में आरोपी युवक अनूप चंद्राकर, साकिन भर्रेगांव, राजनांदगाँव एवं उनके सहयोगियों द्वारा किये गए करतूतों को साझा किया। तब पुलिस ने प्रकरण में धारा 138, 140(2), 140(3), 296, 115(2), 351(3), 3(5) जोड़कर कार्रवाई की है। पुलिस ने फिलहाल 2 सहयोगी युवकों रोशन निषाद, रोशन निषाद पिता संतोष निषाद, 20 वर्ष, ग्राम भर्रेगांव, सुरगी, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव तथा तामेश्वर निषाद पिता अश्वनी निषाद, 24 वर्ष, ग्राम भर्रेगांव, सुरगी, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि मुख्य आरोपी अनूप चंद्राकर फरार है। राजनांदगाँव पुलिस ने मुख्य आरोपी अनूप चंद्राकर को शीघ्र गिरफ्तार कर लेने की बात कही है।

पूर्व विधायक के साथ आई पीड़िता

उल्लेखनीय है कि इस मामले में 17 मई को पूर्व विधायक छन्नी साहू के साथ पीड़िता युवती ने मीडिया से मुखातिब होकर अपनी आपबीती सार्वजनिक की थी। पीड़िता शिक्षिका ने अपनी आपबीती में मीडिया को बताया है कि घटनाक्रम के मुख्य आरोपी युवक अनूप चंद्राकर, साकिन भर्रेगांव, राजनांदगाँव द्वारा 2 सहयोगी युवकों के साथ छुरिया ब्लॉक के भेजराटोला समीप शिक्षिका को सुबह 10 बजे स्कूल जाते समय अपहरण कर जंगल में ले गए। आरोपी ने रात्रि 8 बजे तक जंगल में रखकर प्रताड़ित किया। जंगल मे अनूप ने युवती के शरीर मे ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल डालकर जान से मारने की धमकी देते हुए जबर्दस्ती चुनरी ओढ़ाकर, मांग में सिंदूर भरते हुए मंगलसूत्र पहनाकर शादी करने की कोशिश की।

देवरी में समाधान शिविर संपन्न, जनसमस्याओं का हुआ निराकरण, हितग्राहियों को मिला लाभ

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आज जिले के बेरला विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल, क्लस्टर ग्राम देवरी में सुशासन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें देवरी सहित कुल 12 ग्राम पंचायतें–खर्रा, लावातरा, भिलौरी, लेंजवारा, तारालीम, भांड, सोरला, कुम्ही, देवरी, बहेरा, जामगांव और पाहंदा शामिल रहीं। शिविर में कुल 49,758 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से अनुविभाग बेरला से 45,441 और देवरी क्लस्टर से 4,317 आवेदन शामिल रहे। प्राप्त आवेदनों में से 49,062 आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया गया, जबकि केवल 696 आवेदन लंबित हैं, जिनमें 692 आवेदन बेरला और 4 आवेदन देवरी क्लस्टर से संबंधित हैं। खाद्य, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि, पीएचई , विद्युत, रक्षा, जल संसाधन, पशुपालन, और मृत्यु प्रमाणन विभागों में सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू द्वारा किया गया। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं भीषण गर्मी में औचक निरीक्षण कर रहे हैं और जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे इन शिविरों में भाग लें और महतारी वंदन योजना, बोनस वितरण, और पक्के मकानों के निर्माण जैसी योजनाओं का अधिकतम लाभ लें। विधायक ने शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित सामग्री जैसे राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासबुक, वय वंदन कार्ड और मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अपने संबोधन में शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को मिले लाभों की जानकारी दी और कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं को सुगमता से आम जनता तक पहुँचाना है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजक बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, जिला पंचायत सदस्य प्रीतम चंदेल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, एसडीएम दीप्ती वर्मा, और क्षेत्र के पंच, सरपंच, एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, गौरव दिवस के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी द्वारा मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विगत दिनों सरस्वती शिशु मंदिर, कुम्हारी विद्यालय परिवार ने शिक्षा सत्र 2024-25 की प्रमुख उपलब्धियों को साझा करते हुए मेधावी छात्रों को सम्मानित करने एक भव्य बधाई एवं उत्साहवर्धन समारोह का आयोजन किया। विद्यालय के अनुसार इस वर्ष 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 80% छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। वहीं कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में 91% विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता अर्जित की। इन उपलब्धियों पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देने और उनका उत्साहवर्धन करने हेतु आयोजित इस विशेष कार्यक्रम समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता वी वाय हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ आनंद जोशी, सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रांतीय सचिव विवेक सक्सेना, कार्यक्रम में कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्षा मीना वर्मा विशिष्ट अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र एवं सीएसईबी के पूर्व अध्यक्ष डॉ शैलेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। डॉ आनंद जोशी ने बच्चों को अपने अनुभव सुनाए एवं शाला परिवार व विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। अध्यक्षीय उद्बोधन सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रांतीय सचिव विवेक सक्सेना ने सगर्व जानकारी देते हुए बताया कि विशेष उपलब्धि यह रही कि वर्ष 2024 में आयोजित यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिरों के 22 पूर्व विद्यार्थियों ने आईएएस बनकर विद्यालय और समाज का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में शाला समिति से निश्चय वाजपेयी, हरिदास वैष्णव, रामबिहारी मिश्रा, अश्वनी साहू, अरिंद्र वर्मा, गीतेश्वर साहू, प्राचार्या मनीषा साहू, दीदी जागेश्वरी देवांगन, पार्षद ओंकार मार्कंडेय सहित बड़ी संख्या मे पूर्व छात्रा अंजना त्रिपाठी, मनोज साहू, पूर्व छात्रा पूजा यादव, गणमान्य नागरिकों एवं अभिभावकों ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। सभी ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धि केवल विद्यालय ही नहीं, अपितु नगर के लिए गर्व का विषय है।

सोरला के गंगाराम को सुशासन शिविर में मिला मछली पकड़ने का जाल

बेमेतरा। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत बेरला विकासखंड के ग्राम देवरी में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम सोरला निवासी गंगाराम, पिता सुकालू साहू को मत्स्य पालन विभाग द्वारा मछली पकड़ने का जाल प्रदान किया गया। यह सहायता

गंगाराम की आजीविका को मजबूती देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गंगाराम ने शासन की इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री और प्रशासन का आभार जताया और कहा कि यह जाल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में सहायक सिद्ध होगा। इस प्रकार के संसाधनों की उपलब्धता ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने में मददगार साबित हो रही है। समाधान शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे ज़मीनी स्तर तक पहुँचाया गया, जिससे गंगाराम जैसे अनेक हितग्राहियों को त्वरित और प्रभावी सहायता प्राप्त हुई।

रेवे सरपंच रघुवीर 'पिंटू' सिन्हा को सरपंच संघ अध्यक्ष निर्वाचित होने पर विधायक दिपेश साहू ने दी बधाई

बेमेतरा। ग्राम पंचायत रेवे के सरपंच रघुवीर 'पिंटू' सिन्हा को जनपद पंचायत बेरला सरपंच संघ का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बेमेतरा विधायक दिपेश साहू ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधायक दीपेश साहू ने शुभकामनायें देते हुए

कहा की रघुवीर 'पिंटू' सिन्हा का सरपंच संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होना उनकी मजबूत नेतृत्व क्षमता, निरंतर जनसेवा और कार्य के प्रति समर्पण का प्रमाण है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सरपंच संघ और अधिक सक्रियता तथा प्रभावशीलता के साथ जनहित में कार्य करेगा। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर मजबूत नेतृत्व ग्रामीण विकास की नींव होता है, और सिन्हा का चयन निश्चित ही जनप्रतिनिधियों के बीच विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी सिन्हा को अध्यक्ष निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश प्रमुख जिला मुख्यालय में बैठक लिया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय स्थानीय विश्राम गृह में पार्टी के प्रदेश प्रमुख डॉ आनंद मल्होत्रा एवं प्रदेश महासचिव संतोष पांडे ने बैठक लिया उक्त बैठक में पार्टी से संबंधित जानकारियां दिया एवं पार्टी के विस्तार व सदस्यता अभियान को लेकर बेमेतरा नगर से लेकर जिला के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सदस्य अभियान पर जोर दिया गया है एवं पार्टी के विस्तार के लिए विधानसभा व नगर में पदाधिकारी नियुक्ति कर जिम्मेदारी दी गई है इन्हीं के बेमेतरा जिला के विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की उक्त बैठक में प्रदेश सचिव दाऊ राम चौहान जिला प्रमुख गिरवा रजक की उपस्थिति में बैठक संपन्न रहा पार्टी की बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने जिला एवं नगर ग्रामीण क्षेत्रों के पदाधिकारी आदेशित किया गया है की 3 महीने का अंतर्गत जिला के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक ग्रामों शिवसेना का सदस्य जोड़ने को कहा गया है एवं जिले में आम जनता के मूल भूत व विभिन्न समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन को अवगत कराने की बात कही गई एवं जरूरत पड़ने पर धरना प्रदर्शन कर शासन प्रशासन को ज्ञापन देने के बात कही गई। उक्त बैठक में जिला महासचिव डोमेन्द्र राजपूत, जिला उप प्रमुख रामचरण वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राजपूत, नवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष नारायण वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप आ डिल, रुक्मणी जांगड़ा, लोकेश्वरी मानिकपुरी, शांति यादव, रोहित यादव, दानी यादव, तीजन पटेल, चोला जोशी, द्रोपती यादव, नाम बती, चंदा जांगड़े, राजकुमार, वीरेंद्र, साजा विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर साहू सहित शिव सैनिक उपस्थित रहे।

धोबी समाज पवित्र और संगठित समाज है : विधायक ईश्वर साहू

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

झेरिया धोबी समाज बीजागोड़ राज का एक दिवसीय वार्षिक सम्मेलन ग्राम पिपरिया साजा किसान भवन प्रांगण में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू, अध्यक्षता धोबी समाज के जिला अध्यक्ष अनिल रजक, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रीति गोवेन्द पटेल, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, युवा प्रदेश महासचिव पोषण निर्मलकर, जिला महासचिव राजेंद्र निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर राम निर्मलकर, महिला जिला अध्यक्ष कविता रजक, आईटीसेल जिला अध्यक्ष हरिराम निर्मलकर,देवरबीजा राज अध्यक्ष बुधराम निर्मलकर, सचिव संतु निर्मलकर, कोषाध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, शांता निर्मलकर, जनपद सदस्य नंदकुमार साहू, साजा मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, खम्हरिया मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, नेतराम साहू एवं सरपंच हेमलता धर्मेंद्र साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि धोबी समाज एक पवित्र निर्मल समाज है और संगठित समाज है बेमेतरा जिला में धोबी समाज का संगठन बहुत ही सक्रिय है क्योंकि जिला अध्यक्ष युवा और सक्रिय हैं, अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने कहा कि गरीब हो या अमीर सामाजिक आचार संहिता नियमावली का पालन करना सभी स्वजातीय को करना अनिवार्य है एवं समाज के युवाओं एवं महिलाओं को सामाजिक संगठन में सक्रिय होकर शिक्षा का अलख जगाते हुए नशे का विरोध कर सामाजिक सेवा करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रीति गोवेन्द्र पटेल ने कहा कि सामाजिक एकता ही राज्य व देश की एकता है एवं जनपद अध्यक्ष सहित धोबी समाज के जिला पदाधिकारीयों ने भी अपने उद्बोधन दिये। ग्राम बीजागोड़ धोबी समाज भवन निर्माण के लिए विधायक ईश्वर साहू ने 10 लाख रुपए की घोषणा की एवं कक्षा 10वीं के प्रतिभावान श्रेया निर्मलकर को उच्चतम अंक प्राप्त करने पर प्रतीक चिन्ह देकर एवं वरिष्ठ बुजुर्गों का जिला अध्यक्ष अनिल रजक द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन धनेश रजक ने किया। इस अवसर पर राज अध्यक्ष रामगोपाल निर्मलकर, उपाध्यक्ष रामनाथ निर्मलकर रोमन निर्मलकर, सचिव दुलार निर्मलकर, सहसचिव रामजी निर्मलकर संयोजक धनेश रजक, युवा जिला उपाध्यक्ष परमानंद रजक, संदेश वाहक लीलूराम निर्मलकर, सोनू निर्मलकर, श्रीराम रजक, वेदराम निर्मलकर, पंचू निर्मलकर, मेलु रजक, लीलाधर निर्मलकर, सूरित रजक, किसुन रजक, भोलाराम निर्मलकर, तारन निर्मलकर, कमलेश रजक, गयाराम रजक, घसिया निर्मलकर, भगेला निर्मलकर, दिनेश्वर निर्मलकर, बलराम निर्मलकर, गौतरिहा निर्मलकर, रामाधार निर्मलकर, मनोज निर्मलकर, तुलाराम निर्मलकर, लक्ष्मी निर्मलकर,सुरूजकली निर्मलकर सहित अनेक सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

ऑपरेशन सिंदूर के वीर सैनिकों के पराक्रम को सम्मान देने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन

दल्लीराजहरा। दल्लीराजहरा में ऑपरेशन सिंदूर के वीर सैनिकों के पराक्रम को सम्मान देने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा से शुरू होकर जैन भवन चौक से बस स्टैंड चौक, गुप्ता चौक से होते हुए वापस नगर पालिका परिषद पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने यात्रा को संबोधित किया। इसके पश्चात सौरभ लूनिया ने कहा कि सेना के पराक्रम पर हमें गर्व है। राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने कहा भारत के वीर सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना को जिस प्रकार से धूल चटाई है उस पर हर भारतीय को गर्व है। मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ जितने बार भी युद्ध किया हमेशा उसे हार का सामना करना पड़ा। ये हमारे हिंद की सेना की ताकत है। कार्यक्रम के समापन में आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया। इस तिरंगा यात्रा में दल्ली राजहरा नगर के पार्षदगण, नगर के व्यापारीगण, नगर के समाज प्रमुख, सर्व समाज दल्लीराजहरा के प्रतिनिधि गण, भूतपूर्व सैनिकों के साथ सैकड़ों की संख्या में दल्ली राजहरा नगर के गणमान्य नागरिक लोग शामिल होकर अपना समर्थन दिए।

अपचारी नहीं, भविष्य के नागरिक हैं ये बच्चे, बेमेतरा में किशोर न्याय पर सार्थक पहल

किशोर न्याय अधिनियम पर बेमेतरा में महत्वपूर्ण कार्यशाला सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं सह अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति महिला एवं बाल विकास रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, न्यायपीठ के अध्यक्ष निवेदिता जोशी, सदस्य प्रफुल शर्मा, किशोर न्याय बोर्ड सामाजिक कार्यकर्ता शेषनारायण मिश्रा, मनीष तिवारी, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.पी. शर्मा एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव सहित जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, नवा बिहान, मिशन शक्ति, सखी वन स्टाप सेंटर के समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों की उपस्थित थे। कार्यशाला का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा किया गया। इसमें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बच्चों के सर्वोत्तम हित में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु संवेदीकरण है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यशाला का शुभारंभ किया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम न केवल एक कानूनी दस्तावेज है, बल्कि यह हमारे समाज की उस संवेदनशील सोच का प्रतीक है, जो बालकों के अधिकारों, उनके संरक्षण और पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमें अपचारी बच्चों को अपराधी नहीं, बल्कि सुधार और स्नेह की आवश्यकता वाले बालक के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लघु एवं गंभीर अपराधों के मामलों में बच्चों पर बिना सोचे समझे स्वढ्क दर्ज करना, उनके जीवन को पूरी तरह बदल सकता है। इसके स्थान पर हमें संवेदनशीलता, परामर्श और पुनर्वास के माध्यम से न्याय देना होगा। कलेक्टर शर्मा ने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों का शीघ्र निपटारा हो, ताकि बालकों को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरना न पड़े और उनका बचपन संरक्षित रह सके। उन्होंने प्रत्येक विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है कि हम हर बच्चे को एक सुरक्षित, सम्मानजनक और उज्ज्वल भविष्य दें। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग की भूमिका न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशील और जिम्मेदार सहयोगी के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, जब हम एक बच्चे से बात करते हैं, तो हमें एक अधिकारी नहीं, एक संरक्षक की तरह व्यवहार करना चाहिए। साहू ने सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में तत्काल और मानवीय दृष्टिकोण से कार्यवाही करें। एफआईआर दर्ज करने से पहले हर केस की गंभीरता, बच्चे की मानसिक अवस्था, पारिवारिक पृष्ठभूमि आदि को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन कानून का पालन करते हुए मानवीय संवेदनाओं का सम्मान करे, जिससे बालकों में व्यवस्था के प्रति विश्वास बना रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा और ऐसी कार्यशालाएं समय-समय पर आयोजित कर अधिकारियों को प्रशिक्षित करती रहेंगी। कार्यशाला में बाल अधिकारों की रक्षा हेतु सामूहिक भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि बाल संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी विभागों को निर्देशित किया कि बालकों के हित में परस्पर तालमेल और समयबद्ध कार्रवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

शिव संस्कार धाम परिसर वार्ड नंबर 8 में स्थित है हिंदू धर्म संबंधित विभिन्न संस्कार किए जाते हैं

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शिव संस्कार धाम परिसर वार्ड नंबर 8 में स्थित है, जहां पर भगवान शिव मंदिर एवं पंचमुखी हनुमान जी का मंदिर ह। इस मंदिर परिसर में हिंदू धर्म संबंधित विभिन्न संस्कार किए जाते हैं। जिसमें मुंडन संस्कार, नामकरण संस्कार है साथ ही हिंदू धर्म के परंपरा अनुसार किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर तीज नहावन, पंच नहावन दसकरम एवं तेरहवीं शिव संस्कार धाम परिसर मे निःशुल्क संपन्न होता है। यहां पर महिलाएं एवं पुरुषों के द्वारा इस संस्कार को संपन्न करवाया जाता है, जो कि पूरे दल्लीराजहरा में एक ही जगह स्थित है। वर्तमान मे शिव संस्कार धाम के महिला एवं पुरुष दोनों ही स्नानागार के टाइल्स क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। जिसके लिए शिव संस्कार धाम सेवा समिति के द्वारा तोरण लाल साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा को ज्ञापन सौंप कर टूटे हुए टाइल्स को उखाड़ कर फिर से नई टाइल्स लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। शिव संस्कार धाम संरक्षक हेमशंकर साहू ने बताया कि शिव संस्कार धाम एक ऐसा धाम है जहां पर सभी कार्यक्रम निःशुल्क किए जाते हैं। किसी तरह का भी शुल्क नहीं लिया जाता है। शिव संस्कार धाम सभी कार्य के लिए स्थल निःशुल्क सेवा भाव से उपलब्ध कराते हैं, लेकिन स्नान वगैरह आदि के लिए उपयोग होने वाले का बाथरूम अत्यधिक जर्जर हो गया है। इसलिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शिव संस्कार धाम समिति चाहती है कि उसे अति शीघ्र इस जनमानस के सेवा कार्य को किया जाए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष निलेश श्रीवास्तव, संरक्षक सोमिल साहू, संगठन सचिव संजय सिंह, उपकोषाध्यक्ष रमेश रावटे, सह सचिव मदनलाल देवांगन, सांस्कृतिक सचिव जे आर यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

6 महीने मे पैसा डबल कर के वापस देने का झांसा देकर ठगी करने वाले पिता पुत्र के खिलाफ एसपी से हुई शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी शंकर इन दिनों ठगों का ठिकाना बना हुआ है यहां के युवा से लेकर बुजुर्ग तक इस ठगी के मास्टर माइंड है। ठग लोगों को ट्रेनिंग में अधिक मुनाफा देकर उनसे ठगी कर रहे हैं । इसी तरह से यहां के ठगों ने बम्हनीडीह के एक युवक को अपने जाल में फंसाकर उससे दो लाख रुपए ठग लिये जिसकी शिकायत नवीन सराफ निवासी बम्हनीडीह ने पुलिस अधीक्षक से की अपनी शिकायत में बताया है की पोड़ीशंकर थाना बम्हनीडीह निवासी अभिषेक नामदेव पिता तपेश्वर उर्फ बुल्लू नामदेव के द्वारा उससे 6 महीने में पैसा डबल कर वापस करने के नाम से पैसा लेकर ठगी करने का आरोप लगाया है प्रार्थी का आरोप है कि पिता पुत्र ने मिल कर पहले तो उसे तरह तरह के लालच और प्रलोभन दिया और 200000 लाख रुपए ले लिये प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत में आरोप लगाया है कि अभिषेक नामदेव और तपेश्वर नामदेव उर्फ बुल्लु उसके पास अपने मारूति सुजुकी स्विफ्ट वाहन क्रमांक CG 11 B J 3516 में फरवरी 2024 को उसके घर गये और कहने लगे की भैया आज कल मैं ट्रेडिंग का व्यवसाय कर रहा हूं और 6 महीने में पैसा डबल कर के वापस दे देता हूं।

साथ ही कहने लगा कि आप भी मुझे पैसा दो मै दिये रकम को ट्रेडिंग में लगाऊंगा। तब प्रार्थी ने बोला कि मैं इसके बारे में घर में बात करेगा उसके बाद फिर बताऊंगा फिर अभिषेक नामदेव अपने पिता तपेश्वर उर्फ बुल्लू नामदेव फिर से प्रार्थी से मिले और कहने लगे, पैसा लगा दो भैया मैं सबको 6 महीने में डबल कर के देता हूं आप विश्वास रखो आपको भी दूंगा। पर समय पूरा होने के बाद से दोनों प्रार्थी से लिये रकम वापस करने में आनाकानी कर रहे हैं जिले लेकर प्रार्थी ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए दोनों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। दोनों व्यक्ति के द्वारा प्रार्थी से लिये रकम के बदले में उसे एक्सीस बैंक का चेक दिया है।

झारखंड के जामताड़ा की तरह छत्तीसगढ़ का छोटा सा गांव पोड़ीशंकर भी ठगों का गढ़

जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के एक छोटे से गांव पोड़ीशंकर में दर्जनों ठगों का ठिकाना है यहां के युवा भी झारखंड के जामताड़ा के साइबर ठगों की तरह मशहुर है यहां के दर्जनों ठग लोगों को 6 महीने में बडल कर पैसा रिटर्न करने के नाम से पुरे छत्तीसगढ़ में अपना जाल फैला कर अरबों रुपए की ठगी कर के बैठे हैं यहां पीयूष जायसवाल अभिषेक नामदेव तपेश्वर नामदेव उर्फ बुल्लु नामदेव जैसे बड़े ठग लोगों से लाखों करोड़ों की ठगी कर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं वहीं पीयूष जायसवाल वर्तमान में जेल में ठगी के मामले बंद है तो वहीं पिता पुत्र अभिषेक नामदेव और तपेश्वर नामदेव लोगों से ठगी करने के बाद आराम से अपना जीवन जी रहे हैं इनके अलावा यहां और भी बहुत सारे ठग इस गांव में बैठे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर तहत चांपा में निकाली गई तिरंगा यात्रा, देशभक्ति और एकता का संदेश

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका चांपा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और देश की सुरक्षा में तैनात भारतीय सेना के प्रति आभार प्रकट करना था। इस ऐतिहासिक आयोजन में चांपा की देशभक्ति एक बार फिर से जनमानस के सामने मुखर रूप से दिखाई दी। प्रातः 7 बजे नगर पालिका कार्यालय से यात्रा की शुरुआत की गई, जो परशुराम चौक होते हुए शहीद स्मारक चौक तक पहुँची। यह यात्रा जिला कलेक्टर जन्मे जय मोहबे के दिशा-निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुमित बघेल के मार्गदर्शन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोलाशंकर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। यात्रा का संचालन कार्यपालन अभियंता योगेश राठौर के निर्देशन में हुआ। इस गौरवमयी रैली में नगर पालिका परिषद के अधिकारी, कर्मचारी, चांपा तहसीलदारों एवं चांपा नगर के जनप्रतिनिधि, एवं सामुदायिक संगठक राजकुमारी सिंह एवं सुनीता प्रधान, स्वच्छता दीदीयाँ, एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ रैली को उत्साहपूर्वक सफल बनाया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया, बल्कि यह भी संदेश दिया गया कि चांपा के नागरिक देश की रक्षा और अखंडता के प्रति सदैव सजग और कृतज्ञ हैं। यह रैली भारत की एकता और सामूहिक चेतना का प्रतीक बनी, जिसमें सभी वर्गों की भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आयोजन युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं और समाज को एकजुट करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हैदराबाद के गुलजार हाउस में हुई भीषण आगजनी की घटना में काल कलवित हुए लोगों को अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

तेलंगाना राज्य के हैदराबाद शहर में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में हुई भीषण आग दुर्घटना में अग्रवाल मोदी परिवार की 17 जिंदगियों के असामयिक निधन से संपूर्ण अग्रवाल समाज का मन बेहद व्यथित है। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार तेलंगाना राज्य के पदाधिकारी मनोज अग्रवाल द्वारा संपूर्ण घटना की जानकारी अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल को दी गई,जिस पर अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने गुलजार हाउस की इस घटना पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस हृदयविदारक दुखदाई घटना से परिवार की खुशियां कुछ ही समय में राख में बदल गईं। सहारे के लिए अपनों की चीखें, परिवार की वेदनाएं और दर्द भरे आंसुओं नें आज समूचे देश के नागरिकों के दिलों को झकझोर कर रख दिया है, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार इस भीषण त्रासदी में मोदी परिवार के लिए गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता है, एवं इस बेहद मुश्किल की घड़ी में अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के सभी सदस्य शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़े हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवार की सभी दिवंगत आत्माओं को चिर शांति व अपने चरणों में स्थान दें तथा परिवार के अन्य घायल पीड़ितों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें, साथ ही शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करें। गुलजार हाउस की उपरोक्त घटना पर अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल सहित सभी केंद्रीय पदाधिकारियो ने कहा है कि इस त्रासदी की घड़ी में पूरा राष्ट्र एकजुट होकर मोदी परिवार के इस घोर दुःख में सहभागी है।

करोड़ो रूपयें लेकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चंपा
www.dailypioneer.com

करोड़ो रूपयें लेकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार। आरोपियों द्वारा लोगो को रकम दुगुना करने के लालच देकर रकम लेकर करता था धोखाधड़ी। आरोपी रामनारायण वस्त्रकार एवं उसकी पत्नी सुनिता वस्त्राकार के द्वारा लोगों को लुभावने प्रलोभन देकर धोखे से पैसा लेते थे और उसे ट्रेडिंग डलकर उन्हे अधिक ब्याज देते थे बाद में धीरे धीरे जब लोगो कर विश्वास हो जाता था तब आरोपी उनके पैसे वापस नही करता था। आरोपियों द्वारा अगल-अलग किस्तों में पैसा दुगना करने का प्रलोभन देकर अलग अलग लोगो से कुल 1,02,54,000/ रूपया लियें जाने की सूचना रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अधिकारीयों के मार्गदर्शन में पूछताछ करने पर अलग-अलग लोगो से लुभावने प्रलोभन देकर पैसा दुगुना करने का लालच देकर रकम लेकर धोखाधड़ी करना जुर्म स्वीकार किये जाने से आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी चौकी प्रभारी नैला एवं प्रआर रूद्रनारायण कस्यप का सराहनीय योगदान रहा।

शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाला 03 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

माईनर एक्ट के तहत 12 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 18 मई 2025 को थाना बेमेतरा में 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना परपोडी 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, कुल 03 प्रकरण में 03 आरोपी त्रिलोक डेहरे उम्र 29 साल साकिन फरी, मैथली शरण बांधे उम्र 28 साल साकिन फरी थाना व जिला बेमेतरा, ईतवारी डेहरे उम्र 25 साल साकिन रानो थाना परपोडी जिला बेमेतरा, उक्त आरोपियों के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने पर कार्यावाही की गई हैं। इसी क्रम में 18 मई 2025 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा में 02 प्रकरण में 06 व्यक्ति, थाना परपोडी में 01 प्रकरण में 03 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा 01 प्रकरण में 03 व्यक्ति के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत 04 प्रकरण में 12 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की महिला इकाई महासमुंद जिले का हुआ गठन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश संरक्षक द्वय कन्हैया अग्रवाल रायपुर, हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर की स्वीकृति से रायपुर मंच के प्रदेश अध्यक्ष नितेश अग्रवाल रायपुर एवम महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष संध्या अग्रवाल रायपुर ने महिला इकाई महासमुंद जिले का गठन किया है, जिसमें मंच के महासमुंद महिला जिला इकाई की जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी पिंकी अग्रवाल बसना एवं जिला सचिव की जिम्मेदारी सपना अग्रवाल बसना को दी गई है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पिंकी अग्रवाल ने कहा है कि मंच के प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार शीघ्र ही महासमुंद जिले के सभी शहरों में महिला इकाई का गठन कर कार्यो को गति दी जाएगी एवं मंच के प्रदेश संगठन द्वारा आगामी जनवरी 2026 में प्रस्तावित अखिल भारतीय अग्रवाल युवक युवतियों के एजुकेटेड वैवाहिक परिचय सम्मेलन को लेकर भी पूरे जिले में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाएगा एवं अग्रवाल समाज के बन्धुओ तक इस सम्मेलन का प्रचार प्रचार कर अधिक से अधिक संख्या में परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी, वहीं छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश संगठन ने भी महासमुंद जिला महिला इकाई के नव नियुक्त सभी पदाधिकारियो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

साथ ही प्रदेश संगठन की सक्रियता से सभी स्थानों पर जिला इकाई एवं स्थानीय स्तर पर शाखाओ के गठन कार्य को गति दी जा रही है, तथा मंच के प्रदेश अध्यक्ष नितेश अग्रवाल रायपुर एवं मंच की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष संध्या अग्रवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच छत्तीसगढ़ राज्य में अग्रवाल समाज के सबसे सशक्त संगठन के रूप में कार्य कर रहा है।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की नवम प्रांतीय कार्यकारिणी का हुआ गठन

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

एक मंच – एक लक्ष्य
सशक्त युवा – सशक्त राष्ट्र

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी भाटापारा ने अपनी नवम प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन करते हुए मंच के राष्ट्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार 26 प्रकल्पों की अहम जिम्मेदारी मंच के सक्रिय सदस्यों को सौंपी है, साथ ही प्रदेश अध्यक्ष गांधी ने अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुए सभी सक्रिय सदस्यों को जहां महत्वपूर्ण दायित्व सौपा है तो वहीं गांधी ने कहा है कि आने वाले समय में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी मंच के संगठन को एवं मंच के राष्ट्रीय स्थाई- अस्थाई कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से सफलतापूर्वक शाखा स्तर पर क्रियान्वन हो सके इस दिशा में काम किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की नवम प्रदेश कार्यकारिणी सत्र-2025-2027 में युवा प्रशांत गांधी प्रांतीय अध्यक्ष, निवर्तमान प्रान्तीय अध्यक्ष युवा मनीष अग्रवाल दर्री कोरबा, कार्यकारी प्रान्तीय अध्यक्ष युवा रीना केडिया अकलतरा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष मुख्यालय युवा राजकुमार अग्रवाल बसना,प्रान्तीय महामंत्री युवा शलभ अग्रवाल चाम्पा, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष युवा विक्रांत अग्रवाल जांजगीर. प्रान्तीय उपाध्यक्ष मंडल- युवा शुभम अग्रवाल, प्रान्तीय उपाध्यक्ष मंडल- युवा सुमीत अग्रवाल, प्रान्तीय उपाध्यक्ष मंडल युवा पायल अग्रवाल, प्रान्तीय उपाध्यक्ष मंडल युवा दीपक सिंघानिया, प्रान्तीय उपाध्यक्ष मंडल युवा संदीप अग्रवाल, प्रान्तीय उपाध्यक्ष मंडल युवा आनंद अग्रवाल, प्रान्तीय संयुक्त मंत्री युवा सुधीर अग्रवाल, प्रान्तीय संयुक्त मंत्री युवा गुंजा सुल्लानियाँ, प्रान्तीय सहायक मंत्री- युवा शुभम निगानियाँ,प्रान्तीय सहायक मंत्री, युवा अंकित मोदी, प्रान्तीय सहायक मंत्री, युवा रासबिहारी गुप्ता प्रान्तीय सहायक मंत्री, युवा ललित अग्रवाल प्रान्तीय सहायक मंत्री, युवा कंचन अग्रवाल, प्रान्तीय सहायक मंत्री, युवा नितिन अग्रवाल, प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य गण- युवा मुकेश भोपालपुरिया, प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य युवा रजत शर्मा,प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य युवा गोपाल शर्मा, प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य युवा नीरज अग्रवाल, प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य युवा ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य युवा रीना अग्रवाल, प्रान्तीय निदेशक युवा सुनीता मोदी, प्रान्तीय निदेशक युवा सीमा अग्रवाल,प्रान्तीय निदेशक युवा नारायण अग्रवाल प्रान्तीय निदेशक युवा रश्मि अग्रवाल, प्रान्तीय निदेशक युवा अनिता फरमानिया, प्रान्तीय निदेशक युवा शुभम चौधरी होंगे।

मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा ने लगाया समर कैंप

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

गर्मी की छुट्टी को देखते हुए बच्चों के मनोरंजन हेतु एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला-जांजगीर ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन-4 अमर सुल्तानिया के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया।

शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल के नेतृत्व मे बच्चों की गर्मी छुट्टी को देखते हुए अग्रवाल महिला मंडल सत्संग भवन पुराना श्याम मंदिर में एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया जिसके चलते बच्चों को गर्मी की छुट्टी में कुछ सीखने का मौका मिल सके इसके तहत ड्राइंग क्लास का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उक्त कार्यक्रम का आनंद उठाया उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चों को उपहार भी दिया गया साथ ही साथ सभी बच्चों के लिए चॉकलेट चिप्स की व्यवस्था की गई थी। शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कहा कि हमारी शाखा द्वारा लगातार ऐसे जनहित कार्य किया जा रहा है जो समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इसी के तहत हमारे द्वारा इस समर कैंप का आयोजन किया गया है जिससे गर्मी छुट्टी में बोर हो रहे बच्चों को कुछ सीखने का मौका मिल सके इसके अंतर्गत हमारे द्वारा ड्राइंग क्लास लगाया गया था जिसमें ड्राइंग की टीचर नेहा शर्मा द्वारा उक्त कार्यक्रम का संचालन किया गया और बच्चों की योग्यता के आधार पर उन्हें उपहार वितरण किया गया इस प्रकार का कार्य कर कर हमने बच्चों के एक दिन को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ करने का प्रयास किया है शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शाखा के समस्त सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया उक्त कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, सचिव मनीषा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूनम जगनी, नेहा शर्मा पिंकी शर्मा सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

घट सकती है सक्ती जिले के मालखरौदा जैसी बड़ी घटना

तेज नुकीली मशीनों के साथ सड़कों पर दौड़ रही हार्वेस्टर, प्रशासन मौन

पायनियर संवाददाता ➤ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

गांव में इन दिनों धान की कटाई का कार्य जोरों पर है और गांवों में बाहर से हार्वेस्टर मशीनें मंगाई जा रही हैं। लेकिन इन मशीनों का उपयोग जिस तरीके से किया जा रहा है, वह न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। बम्हनीडीह के नागरिकों द्वारा धान काटने के लिए बुलवाई गई हार्वेस्टर मशीनों को मेन रोड पर खुलेआम चलाया जा रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि इन हार्वेस्टरों में आगे-पीछे तेज और नुकीली मशीनें लगी हुई हैं, जिन्हें बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। नियमों के अनुसार, हार्वेस्टर जैसे भारी और नुकीले औजारों वाली मशीनों को मुख्य मार्गों पर चलाने के लिए विशेष सावधानियां बरतना आवश्यक होता है, जिनमें सुरक्षा कवर, चेतावनी संकेत और ट्रॉली व्यवस्था शामिल है। परंतु इन नियमों की अनदेखी करते हुए मेन रोड पर बेधड़क मशीनें दौड़ाई जा रही हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

नियम: खेतों में जाकर लगाए नुकीले मशीन, बाहर के लोगों एक पूरा ब्यौरा थाने में जमा हो

दरअसल नियम अनुसार देखे तो हार्वेस्टर में धान काटने के लिए जो आगे और पीछे नुकीले मशीन लगती है उसे खेत में जाने के पश्चात ही लगाए जाना चाहिए लेकिन एक जगह से दूसरे जगह जाकर पुनः मशीन निकाल कर लगाकर समय और पैसे दोनों खर्च होते हैं जिसके कारण गाड़ी मालिक गाड़ी को वैसे ही नुकीले मशीन लगे हुए में रोड से एक जगह से दूसरे जगह लाना ले जाना करवा देते हैं जिससे गांव में रहने वाले नागरिकों के जान में जान खतरे में है। हार्वेस्टर को चलने के लिए बाहर बाहर के लोगों को बुलाया जाता है जिनकी आई डी प्रूफ थाने में जमा करना होता है पर यहां सारे नियमों को तोड़ कर खुले कम कम किया जा रहा है।

हो सकती है मालखरौदा जैसी घटना

बीती रात जिला सक्ती के मालखरौदा मैं मैं हार्वेस्टर मालिक द्वारा गाड़ी के आगे नुकीले मशीन लगाकर हार्वेस्टर एक जगह से दूसरे जगह ले जाया जा रहा था तभी सामने से तेज रफ्तार में तीन युवक बाइक में आ रहे थे जो कि सीधे जाकर हार्वेस्टर के आगे नुकीले मशीन में घुस गए इसके पश्चात उन युवकों को का मौके पर ही मौत हो गई जिसमें एक युवक का सिर धड़ से अलग हो गया । गांव में भी इस प्रकार की घटना न हो इसलिए बम्हनीडीह के नागरिक प्रशासन से इस प्रकार के गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

सकरेली कलां स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट, छात्राओं ने मारी बाजी

जन भागीदारी अध्यक्ष रोशन लाल पटेल ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बारहवीं एवं दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष निकटवर्ती ग्राम सकरेली कलां के हायर सेकंडरी स्कूल के छात्राओं ने शानदार परीक्षा परिणाम दिया है। बारहवीं में नम्रता यादव 82 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही, इसी प्रकार दसवीं में तनिषा पटेल 93 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही। इस वर्ष परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है।बारहवीं में आरती पटेल 77 प्रतिशत, हेमलता 75 प्रतिशत, सन्ध्या कुमारी 73 प्रतिशत, हेमलता साहू 73 प्रतिशत, सुमित्रा कुमारी 71 प्रतिशत, हेमा 70 प्रतिशत, पूनम पटेल 70 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसी प्रकार दसवीं में आकांक्षा 82 प्रतिशत, सरस्वती 81 प्रतिशत, शीतल कुमारी 78 प्रतिशत, मधु पटेल 73 प्रतिशत, सुहानी 72 प्रतिशत, सुष्मिता 71 प्रतिशत, कुमकुम 70 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किये है। इस वर्ष परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है, बारहवीं में 96 प्रतिशत तथा दसवीं में 94 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने सफलता अर्जित किए हैं।

सभी सफल छात्र छात्राओं को शाला विकास समिति के अध्यक्ष रोशन लाल पटेल ने तथा स्कूल के प्राचार्य विरेश चक्रवर्ती सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है, रोशन लाल पटेल ने बताया कि सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को माह जूलाई में सम्मानित किया जाएगा।

कबीरधाम में अवैध रेत खनन: हाफ नदी बनी माफियाओं का गढ़

सरकारी कार्यों में भी मिटटी युक्त घटिया रेत एवं बजरी का उपयोग, प्रशासन मौन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में अवैध रेत खनन एक विकराल समस्या का रूप ले चुका है। खासकर पण्डरिया ब्लाक के हाफ नदी में यह गतिविधि चरम पर है। बकेला, खैरझिटी पुराना, घोघरा, मड़मड़ा, लडूवा, रोहरा और धोबटटी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियां बेधड़क रेत का परिवहन कर रही हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि जिन ट्रैक्टर-ट्रालियों से अवैध परिवहन किया जा रहा है उस परिवहन को कृषि कार्य के उददेश्य से पंजीयन कराया गया है किंतु स्थानीय प्रशासन और खनिज विभाग की अनदेखी से माफ्रियाओं के हौसले बुलंद हैं। खामियाजा यह हुआ कि अवैध खनन एवं परिवहन से पूरे क्षेत्र के जल स्तर में भारी गिरावट आ गया है। जानकारों के मुताबिक, शासकीय निर्माण कार्यों में भी इसी अवैध रेत और बजरी का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है, जिससे न केवल निर्माण की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है बल्कि जिला खनिज न्यास मद में भी राजस्व की भारी क्षति हो रही है। परिवहन में लगें ट्रैक्टरों के दिन-रात आवागमन से भयंकर ध्वनि प्रदूषण भी होता है। गली-सड़क में छोटे-छोटे बच्चों का खेलना भी दुश्वार हो गया है।

प्रशासनिक चुप्पी सवालों के घेरे में-ग्रामीण क्षेत्र में हाफ नदी सहित अन्य नदियों से भी रेत एवं बजरी का अवैध खनन एवं परिवहन का कार्य वर्षों से जारी है जो कि अब यह पूर्णतः माफिया संचालित व्यवसाय बन चुका है। पंडरिया और बोडला विकासखंड के कई गाँवों से प्रतिदिन अवैध रेत का खुलेआम परिवहन हो रहा है। लेकिन संबंधित विभागों–विशेषकर खनिज, राजस्व और वन विभाग–की कार्यवाही नगण्य है। इस नगण्यता से यह प्रतीत होता है जैसे रेत माफियाओं को शासन-प्रशासन का संरक्षण प्राप्त हो। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें यह भी ज्ञात नहीं होता कि खनिज विभाग इस विषय में प्रमुख जिम्मेदार है। वे जानकारी लेकर केवल पटवारी, तहसीलदार या एसडीएम तक ही पहुंच पाते हैं, जिनकी प्राथमिकताएं अन्य राजस्व कार्यों में होती हैं।

खानापूर्ति मात्र की कार्यवाही, माफिया अछूते-ब-तब खानापूर्ति के तहत कुछ ट्रैक्टर जब्त कर लिए जाते हैं, लेकिन ऐसे मामलों में कार्यवाही अक्सर गरीब ग्रामीणों पर होती है, जो रेत को निजी उपयोग के लिए रखते हैं। वहीं माफिया तत्वों पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया जाता। हाफ नदी में सबसे ज्यादा खनन, पर्यावरण को खतरा, भू-जल में गिरावट, ध्वनि प्रदूषण के साथ साथ हाफ नदी की पारिस्थितिकी पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। अवैध खनन से पूरे नदी में जगह-जगह गढ्ढा हो गया है जिससे बरषात के दिनों में बाढ़ का पानी पूरा गांव में घुस जाता है जिससे पूरा जन-जीवन प्रभावित रहता है। पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है नदी किनारे की जमीन धंसने लगी है। पर्यावरणविदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सख्त कार्यवाही नहीं की गई, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भयावह हो सकती है।

समाधान की राह: संयुक्त टीम गठित करने की मांग-जिले में रेत, ईट, गिटटी जैसे निर्माण सामग्रियों के अवैध उपयोग और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त जांच टीम गठित करने की आवश्यकता है। यदि प्रशासन निष्पक्षता से जांच करे तो न सिर्फ माफियाओं की पोल खुल सकती है बल्कि जिला खनिज न्यास मद में करोड़ों की राशि की वसूली भी सुनिश्चित हो सकती है।

कलेक्टर, बिलासपुर ने एनटीपीसी सीपत में जीईएम 2025 कार्यशाला का किया उदघाटन

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी सीपत ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल, गर्ल एम्पावरमेंट मिशन का शुभारंभ किया, जिसका उददेश्य आस-पास के आठ गांवों की 45 बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, जीवन कौशल प्रशिक्षण और मेंटरशिप के माध्यम से सशक्त बनाना है। इस कार्यशाला का उदघाटन संजय अग्रवाल, आईएएस, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बिलासपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विजय कृष्ण पाण्डेय, कार्यकारी निदेशक, सभी महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्षगण, संगवारी महिला समिति की सदस्याएं, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के सदस्य तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वर्तमान एवं पूर्व जीईएम प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत उत्साही सांस्कृतिक कार्यक्रमों को दर्शकों द्वारा अत्यंत सराहा गया। संजय अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, एनटीपीसी इन बालिकाओं को बड़े सपने देखने का अवसर प्रदान कर रहा है। जीईएम जैसे कार्यक्रम मानव संसाधन निर्माण और देश की क्षमता को उजागर करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने जीईएम प्रतिभागियों के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की और एनटीपीसी सीपत द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने शिक्षा, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में और अधिक पहल करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन में विजय कृष्ण पांडे ने कहा, एक बालिका को शिक्षित करना पीढ़ियों को सशक्त बनाना है।

जीईएम केवल व्यक्तियों को ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज को मजबूत कर रहा है। इस एक महीने की आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा, योग, स्वच्छता, व्यक्तित्व विकास, सामान्य ज्ञान, कला और प्रदर्शन कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गर्ल एम्पावरमेंट मिशन 2025 एनटीपीसी सीपत की समावेशी और दीर्घकालिक सामाजिक परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।

जी के इलेक्ट्रिक ने अपने 3000+ वाहनों की डिलीवरी के उपलक्ष्य में मनाया, 3 दिन का फ्री मेगा सर्विस कैम्प

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

3000+ खुशहाल ग्राहको के उपलक्ष्य में जी के इलेक्ट्रिक की रायपुर डीलरशिप, भाटागांव में 18 मई से 20 मई 2025 मनाया गया सर्विस कैम्प एवम लोन एक्सचेंज मेला। इस मौके पर जी के मोटर्स की रायपुर डीलरशिप के सीईओ संजय पंजाबी ने बताया की यह उन्होंने अपने 3000+ खुशहाल ग्राहको के लिए निःशुल्क बैटरी चेकअप, जनरल चेकअप, इलेक्ट्रिकल चेकअप एवम निःशुल्क डिस्टिल्ड वाटर टॉप अप प्रदान किया। इस मौके पर ग्राहको ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया।

इस अवसर पर कंपनी ने स्पेयर पार्ट्स पर 5% और लेबर चार्ज पर 25% की छूट भी दिया। जी के मोटर्स अपने ग्राहको को रूटीन मेंटेनेंस के अनेक फायदे बताए और गाड़ी के रखरखाव का भी जनरल टिप्स दिया गया। जी के मोटर्स अपने ग्राहको के प्रति समर्पण और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। हमें अपने 3000+ ग्राहकों के विश्वास और निष्ठा पर गर्व है, जिसने हमें इस उपलब्धि तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। संजय पंजाबी ने बताया की यह आयोजन हमारे ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने और उन्हें बेहतर सेवा प्रदान करने का अवसर था।

सैनिकों के सम्मान में हुई गोष्ठी, ऋतंभरा साहित्य समिति ने अर्पित की शहीदों को श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

ऋतंभरा साहित्य समिति के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन प्रेस क्लब सभागार कुम्हारी में किया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता और ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अंचल के प्रसिद्ध जस गीतकार उभयराम साहू बहती दरिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि मीना वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका कुम्हारी ने देश की सेना के सम्मान में आयोजित इस गोष्ठी की सराहना करते हुए सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन किया। उन्होंने कहा कि देश और समाज को दिशा देने वाले रचनाकारों और पत्रकारों के लिए बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा और पालिका की ओर से उनकी समस्याओं का हर संभव निदान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने तीन कवियों संस्था अध्यक्ष नारायण वर्मा, कोषाध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य ओमवीर करन को जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। ऋतंभरा साहित्य समिति की ओर से तीनों कवियों के जन्मदिन पर केक काटा गया तथा उन्हें शाल, श्रीफल, स्मृति चिह्न, कलम, साहित्य सामग्री भेंटकर सम्मानित किया गया। ऋतंभरा साहित्य समिति के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने भारत माता को समर्पित अपनी मार्मिक और संवेदनशील कविता 'माँ' का पाठ किया। कविता के माध्यम से उन्होंने भटके हुए नौजवानों को मुख्यधारा में शामिल होने का संदेश दिया कि हम ऐसा कोई कार्य न करें जिससे माँ को शर्मिन्दा होना पड़े। प्रेस क्लब के सहयोग से आयोजित इस गोष्ठी को क्लब के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने संबोधित करते कहा कि साहित्य और पत्रकारिता एक दूसरे के पूरक हैं। ऋतंभरा साहित्य समिति तीन दशकों से रचनाकारों को मंच प्रदान कर सतत् साहित्य सेवा कर रही है। इस संस्था ने कई रचनाकारों को हीरे के रुप में तराशा है और उन्हें पहचान दी है। विशेष अतिथि रंगकर्मी और लोकमया संस्था के अध्यक्ष महेश वर्मा ने सामयिक छत्तीसगढ़ी कविता 'टघलत डामर रोड' की प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ी गीतकार हेमलाल साहू 'निर्मोही' ने गोष्ठी को संबोधित कर मंच को ऊंचाई दी। उन्होंने देश के अनेक शहरों में छत्तीसगढ़ी कविताओं का पाठ कर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। सियान सदन के अध्यक्ष, साहित्यकार मुरारीलाल साव ने रचनाकारों से आह्वान किया कि आप अपनी लेखनी से देश और समाज की पीड़ा को उकेरें। सुरेश वाहने ने व्यंग्य कविता 'डूब डूब जाओ' का पाठ करते हुए दिशाहीन नेताओं को आइना दिखाया। गीतकार जागृति मिश्रा ने देश की सेना के सम्मान में गीत 'मेरी हिन्द की सेना सदा आबाद रहेगी' तरन्नुम में प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। मधु तिवारी और भगवती बाई कुर्रे ने भी अपनी छत्तीसगढ़ी गीतों से खूबसूरत माहौल बनाया। रघुनाथ देशमुख ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए 'कश्मीर हमारा है' कविता की धारदार प्रस्तुति दी। रविन्द्र कुमार थापा ने अब तो पत्तों की सरसराहटों में भी साज़िश का अंदेशा होता है। वर्तमान परिदृश्य में असहज परिस्थिति को व्यक्त किया। मंच से कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले कवियों में लखनलाल साहू, बैकुंठ महानंद, राजेन्द्र साहू, कामता प्रसाद दिवाकर, जगन्नाथ निषाद, नंदलाल यादव आदि मुख्य रूप से शामिल थे। क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक और समाज सेवी रामाधार शर्मा, अशोक दीवान ने भी इस आयोजन में अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। गोष्ठी के अंत में संस्था द्वारा देश के सैन्य अभियान में शहीद हुए वीर सैनिकों, निर्दोष नागरिकों, आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों तथा संस्था के दिवंगत रचनाकार मोतीलाल श्रीवास्तव को दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी में साहित्यकार, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं सुधि श्रोतागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे, मुख्यरूप से डॉ.आनंद मोहन, जितेन्द्र कुशवाहा, शैलेन्द्र खरे, ऋषि साहू, ध्रुव नायक, महेन्द्र अग्रवाल, नवीन दुबे आदि इस भावमय अभिव्यक्ति के गरिमापूर्ण गोष्ठी में सम्मिलित हुए। प्रेस क्लब के सहयोग से आयोजित इस गोष्ठी का संचालन सुरेश वाहने तथा आभार प्रदर्शन प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी सचिव रविन्द्र कुमार थापा ने किया।

डॉ. हर्षा मुकेश पाटिल को डॉक्टरेट की उपाधि

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. हर्षा मुकेश पाटिल को मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में डॉक्टर ऑफ फिलॉसाफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। उनका डॉक्टरेट शोध प्रबंध, जिसका शीर्षक महाराष्ट्र के नागपुर शहर के विश्वविद्यालयों में पुस्तकालय सेवाओं पर कोविड-19 महामारी का प्रभावः एक अध्ययन है। उन्होंने मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस की प्रोफेसर डॉ. कल्पना चंद्राकर के मार्गदर्शन में मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर में पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में डॉक्टरेट (पीएचडी) पूरी की। डॉ. पाटिल के पास एक मजबूत शैक्षणिक पृष्ठभूमि है, उन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में एमकॉम (2005), एमलिबआइएससी (2007), और एमफिल (2009) प्राप्त किया है। उनकी शैक्षिक प्रगति विद्वानों की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और क्षेत्र के प्रति गहन समर्पण को दर्शाती है। अकादमिक खोज और नवाचार के समर्थक के रूप में, डॉ पाटिल ने प्रतिष्ठित यूजीसी-केयर-सूचीबद्ध पत्रिकाओं में तीन शोध पत्र और दो पुस्तक अध्याय प्रकाशित करके इस क्षेत्र में योगदान दिया। इस अकादमिक उपलब्धि को हासिल करने पर, डॉ पाटिल ने अपनी शोध पर्यवेक्षक, प्रोफेसर डॉ कल्पना चंद्राकर के साथ-साथ अपने पति और परिवार के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया, जिनके अटूट समर्थन ने उनकी विद्वतापूर्ण यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मानवीय कर्तव्यों का निर्वहन कर रही शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति, निःशुल्क कोटना एवं सकोरे का किया वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति (पंजीयन क्रमांकः 122202367818) द्वारा भीषण गर्मी में गौवंश एवं पक्षियों के लिए सेवा कार्य के रूप में निःशुल्क कोटना (गायों के चारे के लिए पात्र) एवं सकोरे (पक्षियों के पानी पीने के लिए बर्तन) का वितरण किया गया। समिति की अध्यक्ष वर्षा शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम समिति की सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारियों के निर्वहन की भावना से प्रेरित है। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा देवी गौराहा उच्च. माध्यमिक विद्यालय, कसडोल में किया गया।

इस पुनीत कार्य में समिति की उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, सचिव डिगेश्वरी नामदेव, (पार्षद) कोषाध्यक्ष कुमुदिनी मिश्रा, सह सचिव कलाराव, मीडिया प्रभारी वर्षा पंजवानी, सांस्कृतिक प्रभारी राजिम साहू, तथा कार्यकारिणी सदस्य अंजनी साहू, विनिता मिश्रा, वंदना बंजारे, संध्या तिवारी, सरोज मिश्रा एवं नेहा मिश्रा, रुखमणि साहू, भावना साहू, मोनिका साहू, लक्ष्मी पैकरा कंचन बंजारे संतोषी साहू परमेश्वरी राव की विशेष सहभागिता रही।

कैंसर अस्पताल में वाटर कूलर का आज लोकार्पण

रायपुर। संस्था देर ना हो जाए द्वारा मेकाहारा के कैंसर विभाग में मरीजों के लिए ठंडे पानी की मशीन लगाई जा रही है। इसका लोकार्पण मंगलवार को दोपहर 12 बजे कैंसर विभाग के भूतल में किया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष शीलू लुनिया ने बताया कि इस अवसर पर मेकाहारा व कैंसर विभाग के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी द्वारा अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति में फीता काटकर इसका लोकार्पण किया जाएगा। इसके बाद मरीजों के परिजनों के लिए शर्बत का वितरण किया जाएगा।

ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने सुशासन तिहार समर कैम्प का आयोजन शुरू

जिला प्रशासन की पहल से युवाओं को मिल रही जीवन कौशल की ट्रेनिंग

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का समाधान व मांगो की पूर्ति होने के साथ ही स्कूली बच्चों को निःशुल्क मार्शल आर्ट्स, योगा, साइबर क्राइम एवं कैरियर काउंसिलिंग की जानकारी देने की पहल जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के 6 ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। 10 दिवसीय सुशासन तिहार समर कैम्प के प्रत्येक स्थल में कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के लगभग 100 छात्र छात्राओं को प्रातः काल में 2-2 घण्टे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह समर कैम्प 16 मई से 31 मई 2025 तक चलेगा। जिले के 6 चयनित ग्राम पंचायतों विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया एवं सिंगारपुर, सिमगा के ग्राम पंचायत नवापारा, बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत अर्जुनी, पलारी के ग्राम पंचायत सकरी प एवं कसडोल के ग्राम पंचायत बल्दाकछार में 10 दिवसीय ग्रामीण समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्व-रक्षा, फिटनेस, जुम्बा, योग एवं ध्यान, करियर काउंसलिंग, साइबर सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता जैसे विषयों पर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर में स्कूल शिक्षा एवं खेल विभाग का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह शिविर ग्रामीण युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, जीवन कौशल और डिजिटल एवं कानूनी साक्षरता को बढ़ावा दे रहा है। यह समर कैंप गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के लिए एक सुरक्षित, रचनात्मक एवं प्रेरणादायक मंच के रूप में कार्य कर रहा है। शिविर में स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस एंड लीज़र स्किल काउंसिल इस मुख्य क्रियान्वयन एजेंसी है जो काउंसिल फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के सहयोग से इसे संचालित कर रही है। सीईओ एवं सलाहकार डॉ. मयूर गुप्ता, तहसीन जाहिद के नेतृत्व में शिविर का संचालन किया जा रहा है। साथ ही श्गगनदीप ओबेरॉय और सुप्रिया कुकरती की सक्रिय भूमिका भी रही है।

3175 धार्मिक स्थलों का कराया जीर्णोद्धार, सनातन संस्कृति को दी मजबूती

भाटापारा में अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

गोविन्द सारंग स्मृति परिसर भाजपा कार्यालय भाटापारा में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रुपकुमारी चौधरी, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में हुआ था। उन्होंने अपने शासनकाल में काशी, अयोध्या और केदारनाथ सहित पूरे भारत में 3175 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। वह परम शिवभक्त थीं। मात्र 10 वर्ष की आयु में मल्हार राव होल्कर के पुत्र से उनका विवाह हुआ। पति और पुत्र के निधन के बाद अहिल्याबाई ने राज्य को न केवल संभाला बल्कि समृद्ध भी बनाया। उन्होंने गरीब बेटियों की शादी करवाई। भोजनालय और तालाब का निर्माण कराया। जनकल्याण के अनेक कार्य दान के माध्यम से संपन्न कराए। कार्यशाला को सांसद रुपकुमारी चौधरी ने भी सम्बोधित कर बताया कि 26 वर्षों के शासनकाल में अहिल्याबाई ने राज-व्यवस्था, न्याय और सुशासन को एक मील की पत्थर की तरह स्थापित किया अहिल्यादेवी के शासनकाल में कभी अकाल नहीं पड़ा। 300 वर्ष के बाद हमें पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में जानने का अवसर मिला है, यह पार्टी कार्यकर्ताओं के नाते हमारे लिए और सभी परिवारों के लिए सौभाग्य का विषय है। सम्बोधन की कड़ी में शिवरतन शर्मा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित कर कहा कहा कि अहिल्याबाई ने धर्म रक्षति रक्षितः के वैदिक उद्घोष को न केवल जिया, बल्कि उसे मूर्त रूप भी दिया। अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि वे भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थीं। जब देश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था, मंदिर विध्वंस किए जा रहे थे, तब अहिल्याबाई ने बिना भय के, बिना किसी राजनीतिक समर्थन के, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का कार्य अपने हाथों में लिया था। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश और सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित हो जाना चाहिए. उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम् तक तीर्थस्थलों का पुनरुद्धार कराया, वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई केवल काशी तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने केदारनाथ धाम, रामेश्वरम, सोमनाथ, हरिद्वार, महिष्मति और देश के अनेक तीर्थस्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य किया। उन्होंने नदियों, घाटों, कुओं और बावड़ियों का निर्माण करवाया ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनीं रहे। शिवरतन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार देश में नारी शक्ति के सम्मान और उनके स्वालंबन की कई योजनाओं का संचालन कर रही है। उक्त कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक द्वय प्रमोद शर्मा, सनम जांगड़े, महामंत्री राकेश तिवारी, भाजपा नेता अनिल पाण्डेय, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, जिलापंचायत आकांक्षा जायसवाल, महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जनपद अध्यक्ष द्वय सुलोचना यादव, सविता अनंत, केजूराम बघेल, हेम सिंह चौहान, कृष्णा अवस्थी, सहित पाचो मंडल अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय रक्तचाप दिवस के दौरान डॉक्टर अरविंद ने पुलिसकर्मियो के लिए लगाया कैंप

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय रक्तचाप दिवस पर डॉक्टर अरविंद नाथ तिवारी ने देवभोग थाना में शिविर आयोजित कर थाना प्रभारी फैजुल ओदा शाह उप निरीक्षक कुमार महिलांगे हवलदार तुलाराम साहू पूरे स्टॉप का रुटीन चेकअप किया। खासकर शुगर बीपी हार्ट डीसीस के अलावा अन्य की जांच पड़ताल किया। साथ ही लगातार बढ़ती तापमान को देख डॉक्टर अरविंद नाथ तिवारी ने सतर्कता बरतने और लू से बचाव के नुक्सा भी बताया। खासकर उन पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने का आग्रह की जो फील्ड का जिम्मा संभाले दिन रात सेवा दे रहे हैं। इस बीच डॉक्टर अरविंदनाथ तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय रक्तचाप दिवस के दौरान हमेशा ऐसे कैंप लगाया जाता हैं, ताकि सरकारी कर्मचारियों की चेकअप के अलावा स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दिया जा सके। खासकर उन कर्मचारियों के बीच यह कैंप आयोजित किया जाता हैं जहां कर्मचारी आम लोगों की ड्यूटी के लिए 24 घंटा उपलब्ध होते। इसलिए इस बार थाना में यह कैंप आयोजित किया गया ताकि पुलिसकर्मियों की जांच पड़ताल के साथ साथ स्वास्थ संबंधित जानकारी देते बचाव और सतर्कता के लिए सुझाव दिया जाएं। इसके साथ डॉक्टर अरविंदनाथ ने यह बताया कि आगामी दिनों में यह कैंप को व्यापक तौर बढ़ाकर क्षेत्र के लोगो की हेल्थ जांच पड़ताल करते स्वास्थ संबंधित जानकारी देने के लिए रणनीति बनाई जा रही है। बकायदा इसके लिए रायपुर और उड़ीसा के डॉक्टरों की टीम बनाई जा रही है ताकि हर छोटी बड़ी जांच करते इलाज के लिए सुझाव दिया जा सके।

ग्राम गुडेलिया बना छत्तीसगढ़ का मॉडल विकसित गांव : बृजमोहन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विकसित गांव गुडेलिया में समाधान शिविर 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिविर मेंअपनी सहभागिता देते हये ग्राम गुडेलिया के शिविर में आए ग्रामीणों द्वारा रखे गये मांगों पर विकास की अनेक घोषणायें करते हुये अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। ग्राम गुडेलिया में उपवन गार्डन निर्माण तथा पुस्तकालय एवं सुसज्जित लाईब्रेरी के अलावा अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र का उन्होंने लोर्कापण किया। उक्त अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़राज्य में सरकार की विभिन्न योजनाओं केरियान्वयन में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया ग्राम पंचायत के अधीन हुए कार्यो यएवं क्रियान्वयन का यह प्रदर्शन प्रदेश में सरकार की योजनायें मॉडल स्वरूप की परिकल्पना को दर्शाती है, जहां हर वर्ग के लिये शासन की विकास योजनाओं को सुसज्जित ढंग से जनता तक पहुंचाया जा रहा एवम शहरों जैसे कार्य ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में किया जा रहा है सांसद ने कहा कि मैं आए हुए सभी सरपंचों से निवेदन करता है कि आप सभी भी गुड़ेलिया गाव के जैसे अपने गाव को विकसित करने का प्रयास करे , सभी सरपंचों के लिए गुड़ेलिया सरपंच संकेत अग्रवाल को एक रोल मॉडल बताया उक्त अवसर पर बड़ी तादाद में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहंचे यही सुशासन त्यौहार की मंशा है। उन्होंने गांव, गरीब, किसान का सच्चा हितैषी विष्णुदेव सरकार को बताते हये कहा कि ब्लाक के गुडेलिया गांव में इतने अधिक विकास कार्य कराये गये हैं कि पूरे प्रदेश में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया की ही चर्चा है। यह गांव मॉडल गांव के रूप में पूरे प्रदेश में लोगों को प्रेरणा देने का कामकर रहा है। उक्त अवसर पर सरपंच एवम सरपंच संघ अध्यच संकेत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

232 पदों के लिए 23 मई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

कवर्धा। कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 23 मई 2025 दिन शु वार को 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अलर्ट एस.जी.एस. प्राईवेट लिमिटेड, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव प्वाईंट, फन्न मार्केट के पास, लालपुर, रायपुर द्वारा पद सिक्यूरिटी गार्ड (पुरूष) के 212 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 02 पद, मार्केटिंग (पुरूष) के 03 पद और सुपरवाईजर के 15 पद पर भर्ती किया जाना है। उक्त समस्त पदों हेतु कार्यक्षेत्र रायपुर, नया रायपुर, सिलतरा है। यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, 1 पासपोर्ट साईज फोटो व अन्य प्रमाण पत्रों (जो पद हेतु आवश्यक हो) की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

मां खारुन नदी में बृहद सफाई अभियान प्रारंभ अब हर रविवार को चलेगा निरंतर स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

माँ खारुन गंगा महाआरती परिवार एवं ग्रीन आर्मी, नो टियर फाउंडेशन, तथा पर्यावरण प्रेमी संगठन एवं पर्यावरण प्रेमियों के सौजन्य से महादेव घाट, रायपुर में माँ खारुन नदी की स्वच्छता हेतु बृहद सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नदी तट पर फैले प्लास्टिक, कचरे एवं अन्य प्रदूषक तत्वों को साफ किया गया। माँ खारुन गंगा आरती महादेव घाट समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि अब यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि न केवल खारुन नदी को स्वच्छ रखा जा सके बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी व्यापक संदेश समाज तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि समिति का संकल्प केवल खारुन नदी तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व की समस्त नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने का संकल्प लिया गया है। यह पहल आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरक कदम है। इस अभियान में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, एवं युवा स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता की इस पवित्र पहल में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। समिति की ओर से आम नागरिकों से अपील की गई कि वे हर रविवार को इस अभियान में भाग लें और स्वस्थ, स्वच्छ एवं हरित रायपुर के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दें।

अमेजन फैशन ने अपने जेन जी ऑनलाइन स्टोर को 'सर्व' के रूप में किया रीब्रांड

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन फैशन ने जेन ज़ी को खास तौर पर ध्यान में रखते हुए अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट को एक बार फिर से लॉन्च किया है। इस स्टोरफ्रंट को इससे पहले नेक्स्ट जेन स्टोर के नाम से जाना जाता था। अब इसे नए स्टाइलिश स्वरूप में 'सर्व' के नाम से पेश किया गया है। 'सर्व' की बात करें तो इस शब्द का अर्थ खुद को पूरे कॉन्फिडेंस और स्टाइल के साथ पेश करना, वो भी इस अंदाज़ में कि लोग देख कर इंप्रेस हो जाएं। ये शब्द जेन ज़ी की ज़ुबान में खूब इस्तेमाल होता है, और अब हर उम्र के लोग इसे अपनाने लगे हैं। ये शब्द फैशन, ब्यूटी और अपनी पहचान को खुलकर दिखाने वाले पूरे एटीट्यूड को दिखाता है, यानी ऐसा स्टाइल जो भीड़ में अलग नजर आए। 'सर्व' सिर्फ एक ऑनलाइन स्टोर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां हमेशा लेटेस्ट ट्रेंड, स्टाइल और खुद को एक्सप्रेस करने के नए तरीके मिलते हैं। इसका मकसद है फैशन और ब्यूटी के जरिए अपनी पहचान को बेझिझक दिखाना। इस ऑनलाइन स्टोर पर जेन ज़ी ग्राहकों की संख्या में 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है। वहीं चंडीगढ़, कोच्चि, पटना, नागपुर, जयपुर और सूरत जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों से शॉपिंग करने वालों की संख्या 4 गुना तक बढ़ी है। 'सर्व' युवा ग्राहकों के लिए फैशन से जुड़ने का तरीका पूरी तरह से बदलने वाला है जहां स्टाइल सिर्फट्रेंड नहीं, खुद को एक्सप्रेस करने का जरिया बनता जा रहा है। 'सर्व' 2 मिलियन से ज़्यादा प्रोडक्ट्स और 350 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स का बेहतरीन कलेक्शन पेश करता है, जिनमें बारसीनो, टोक्यो टॉकीज, हाईलैंडर, द बियर हाउस, दिलजीत एक्स लिवाइस, मोकोबारा, कैसियो, चुंबक, कोसर्कस्स और मॉक्सी जैसे नए ब्रांड शामिल हैं।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कबीरधाम जिले में प्रत्येक जनपद से एक-एक मॉडल ग्राम होगा विकसित

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

शासन के दिशा-निर्देश एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड से एक-एक मॉडल ग्राम चयनित कर उन्हें विकसित किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत विकासखंड पंडरिया से मोहगांव, विकासखंड कवर्धा से बिरकोना, विकासखंड लोहारा से राजपुर और विकासखंड बोड़ला से बेन्दरची को चयनित किया गया है। इन ग्रामों को आदर्श मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास किए जाएंगे। इन कार्यों में विशेष रूप से विभिन्न गतिविधियाँ की जाएगा। जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत घर-घर कचरा संग्रहण के लिए महिला स्वच्छग्राही का चयन, कचरा संग्रहण के लिए ट्रायसाइकिल की व्यवस्था, महिला समूहों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना, सामुदायिक शौचालय एवं उनके समुचित उपयोग की व्यवस्था, सामुदायिक सोख्ता गड्ढा, नाडेप, सेग्रीगेशन शेड का निर्माण एवं रख-रखाव, ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देना, शौचालय विहीन बड़े परिवारों हेतु शौचालय निर्माण और कचरा प्रबंधन से संबंधित जागरूकता कार्य किए जाएंगे। मनरेगा योजना के तहत सेग्रीगेशन शेड, रेट्रोफिटिंग कार्य, सोख्ता गड्ढा एवं कंपोस्ट पिट का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करना, अन्य समन्वित कार्य ग्राम सभा के एजेंडे में ओडीएफ मॉडल ग्राम की घोषणा की जाएगी। 15वें वित आयोग की स्वच्छता टाइड फंड राशि का स्वच्छता कार्यों में उपयोग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सामुदायिक शौचालयों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना, स्कूल शिक्षा विभाग के तहत बच्चों को शौचालय उपयोग की शिक्षा, स्कूलों में हाथ धुलाई एवं सूखा/गीला कचरा पृथक रखने हेतु डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी।

सैमसंग 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' ने भूटान के टीचर्स के लिए लॉन्च किया शानदार प्रोग्राम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग, भूटान के दूरस्थ क्षेत्रों के उत्साही शिक्षकों का अपनी बढ़ती कम्युनिटी 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' में स्वागत कर रहा है। यह एक अनूठा कम्युनिटी-नेतृत्व वाला प्रोग्राम है, जिसे शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रशासकों को सशक्त बनाकर शिक्षा को बदलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' कार्यक्रम, जो शिक्षकों को भविष्य की कक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण आयोजित करता है, दिसंबर 2024 में भारत में शुरू हुआ था। अब, भूटान के शिक्षक भी कार्यशालाओं और सहयोगी शिक्षण के जरिए उस आंदोलन में शामिल हैं, जो तकनीक और नए विचारों से कक्षाओं को बेहतर बना रहा है। सैमसंग ने भूटान के दूरस्थ और वंचित समुदायों में सेवा देने वाले इन शिक्षकों के लिए गुरुग्राम में अपने एक्जीक्यूटिव बिजनेस सेंटर (ईबीसी) में 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' इमर्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस प्रोग्राम के दौरान, शिक्षकों ने गैलेक्सी इकोसिस्टम, जिसमें गैलेक्सी स्मार्टफोन, गैलेक्सी बुक, टैबलेट, फ्लिपबोर्ड और डिस्प्ले शामिल हैं, का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। साथ ही, उन्हें सैमसंग के शिक्षा में नए आविष्कारों, जैसे कि आधुनिक और सभी के लिए उपयुक्त गैलेक्सी डिवाइसेस और गैलेक्सी एआई ऐप्स के बारे में बताया गया। यह कार्यक्रम भूटान के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा विभाग और शिक्षक नेतृत्व प्रभाग (टीईएलडी) के साथ मिलकर आयोजित किया गया। वांगदुए प्राइमरी स्कूल के शिक्षक खांडू ने कहा, मैंने पहले कभी इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड का उपयोग नहीं किया था। इसे कार्य करते देखकर मुझे अपने छात्रों के लिए पाठों को और आकर्षक बनाने के लिए कई विचार मिले। सैमसंग क्षेत्रीय मुख्यालय में आयोजित इमर्शन प्रोग्राम में भूटान के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया, जिनमें खांडोथांग प्राइमरी स्कूल (सैम्त्से), पेलरिथांग हायर सेकेंडरी स्कूल (गेलेपू, सरपांग), लोबेसा लोअर सेकेंडरी स्कूल (पुनाखा ढोंगखाग), योएचेन सेंट्रल स्कूल (पेमा गत्शेल), फुंत्शोलिंग प्राइमरी स्कूल (फुंत्शोलिंग थ्रोम्डे), और छुखा जोंगखाग शामिल हैं। पेलरिथांग हायर सेकेंडरी स्कूल (गेलेफू, सरपांग) के शैक्षणिक प्रमुख घाना श्याम ढुंगाना ने कहा, हमने जो तकनीक देखी, उसने बताया कि कक्षाएँ कितनी रोमांचक और स्टूडेंट-फ्रेंडली हो सकती हैं। मैं सोच रहा हूँ कि हम अपने स्कूलों में छोटे-छोटे बदलाव कैसे लागू कर सकते हैं। टेक्नोलॉजी में दुनिया की प्रमुख कंपनी होने के नाते, सैमसंग भविष्य के लिए तैयार कक्षाएँ विकसित करके पढ़ाई के भविष्य को बदलने के लिए समर्पित है।

होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने ऑल-न्यू रिबेल 500 लॉन्च की 'बुकिंग्स ओपन'

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने भारतीय बाजार में बहुप्रतीक्षित रिबेल 500 मोटरसाइकल लॉन्च की, जो ब्रांड के प्रीमियम मोटरसाइकल पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस नई क्रूज़र मोटरसाइकल की बुकिंग्स चुनिंदा बिगविंग टॉपलाइन डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी हैं। ऑल-न्यू 2025 होंडा रिबेल 500 की एक्स-शोरूम (गुरुग्राम) कीमत 5.12 लाख रखी गई है। यह मोटरसाइकल केवल गुरुग्राम, मुंबई और बेंगलुरु में उपलब्ध होगी, और इसकी डिलीवरी जून 2025 से शुरू की जाएगी। रिबेल 500 पारंपरिक डिज़ाइन और आधुनिक इंजीनियरिंग का अनूठा संगम प्रस्तुत करती है, जो भारतीय मोटरसाइकल प्रेमियों को एक खास राइडिंग अनुभव प्रदान करती है। लॉन्च की घोषणा करते हुए होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हम भारत में विश्व स्तर पर प्रशंसित रेबेल 500 को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। इस बहुप्रतीक्षित क्रूज़र मोटरसाइकल को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, और हमें विश्वास है कि यह भारतीय राइडर्स को भी उतना ही पसंद आएगी। रेबेल 500 केवल एक मोटरसाइकल नहीं है, यह स्टाइल, परफॉर्मेंस और स्वतंत्रता का प्रतीक है। अपने अनूठे डिज़ाइन, दमदार प्रदर्शन और होंडा की विश्वसनीय इंजीनियरिंग के साथ यह देशभर के अनुभवी व नए राइडर्स के साथ गहराई से जुड़ाव बनाएगी। इस घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के निदेशक, सेल्स एवं मार्केटिंग श्री योगेश माथुर ने कहा, हम रेबेल 500 को भारतीय बाजार में लाकर बेहद रोमांचित हैं। यह वह मोटरसाइकल है जिसका दोपहिया प्रेमी वर्षों से बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे, और अब आखिरकार वह सपना साकार हुआ है।

सपनों से समाधान तक : सैमसंग की 'सॉल्व फॉर टूमॉरो 2025' पहल से युवाओं को नवाचार का मौका, 1 करोड़ रूपए का अनुदान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर) पहल 'सॉल्व फॉर टूमॉरो' के चौथे संस्करण की शुरुआत कर दी है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देशभर के युवाओं को प्रौद्योगिकी के ज़रिए सामाजिक चुनौतियों का हल खोजने के लिए प्रेरित करना है। 14 से 22 वर्ष के छात्रों के लिए खुली इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 रखी गई है। चुनी गई टॉप चार टीमों को उनके नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए आईआईटी दिल्ली में इंक्यूबेशन सपोर्ट के साथ कुल एक करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा, टॉप 40 टीमों को 8 लाख और टॉप 20 टीमों को 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। प्रतिभागियों को 82,000 घंटे का विशेष प्रशिक्षण और मेंटरशिप भी दी जाएगी। इस साल के प्रतिभागियों को चार महत्वपूर्ण थीमों पर समाधान बनाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है: अधिक सुरक्षित, स्मार्ट एवं समावेशी भारत के लिये एआई; भारत में स्वास्थ्य, आरोग्य तथा तंदुरुस्ती का भविष्य; शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिये खेलों तथा तकनीकी के माध्यम से सामाजिक बदलाव; और टेक्नोलॉजी के जरिये पर्यावरण की स्थिरता। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, 'सॉल्व फॉर टूमॉरो' के ज़रिए हम भारत के हर कोने के युवा इनोवेटर्स को बड़े सपने देखने, असल ज़िंदगी की चुनौतियों से निपटने और तकनीक के ज़रिए एक स्मार्ट और समावेशी भविष्य गढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस साल की प्रतियोगिता और भी बड़ी और व्यापक होगी।

ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मियों का सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने अपने अधिकारियों - कर्मचारियों का सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पालिसी कराई है। मानव संसाधन विभाग ने परिपत्र जारी कर सूचित किया कि बीमा अवधि 06.05.2025 (00.00 बजे) से 1 वर्ष के लिए प्रभावशील है। वर्ष 2025-26 के लिए ट्रांसमिशन कंपनी ने 1431 अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए बीमा करवाया है। योजना के तहत कार्य अवधि में मृत्यु होने पर जोखिम राशि रुपए 15 लाख एवं कार्य अवधि के अलावा अन्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर राशि रुपए 5 लाख प्रति कार्मिक का प्रावधान किया गया है। संबंधित कार्यालय द्वारा दुर्घटनावश मृत्यु की जानकारी अनिवार्य रूप से बीमा कंपनी को 24 घंटे के अंदर देना सुनिश्चित करना होगा। साथ ही 30 दिन के अंदर निर्धारित दावा प्रपत्र एवं समस्त वांछित दस्तावेजों की 3 प्रतियां व्यक्तिगत रूप से उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी कार्यालय से परीक्षण कराके बीमा कंपनी को भेजना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों को वरिष्ठ व्यावसायिक प्रबंधक, मेसर्स दि ओरियंटल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, प्रमुख व्यावसायिक कार्यालय, एमआईजी 15, शंकर नगर ,सेक्टर 3,रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन नं. - 492004, दूरभाष क्रमांक 9425540156 को प्रेषित करना होगा।

CSPTCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक बन रही 11 करोड़ रूपए की सड़क का किया निरीक्षण

गुणवत्ता के साथ हो सड़क निर्माण, कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सब्बल से खुदाई कर जांची कार्य की मजबूती

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक 11 करोड़ रूपए की लागत से बन रही 4.20 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क एवं नाली निर्माण की गुणवत्ता की गहन जांच की तथा स्वयं सब्बल से खुदाई कर निर्माण सामग्री की मजबूती परखी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने एक टीम गठित कर कार्य की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

समृद्ध और सुव्यवस्थित कवर्धा की दिशा में अग्रसर शहर - कबीरधाम जिले का प्रमुख नगर कवर्धा अब समृद्ध कवर्धा - सुव्यवस्थित कवर्धा मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में शहर को सुव्यवस्थित, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं में ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक चौड़ी और पक्की सड़क निर्माण एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

यातायात, व्यापार और जीवनशैली को मिलेगा नया आयाम - सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने से शहरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी, साथ ही हाईटेक बस स्टैंड तक सुगम पहुँच भी सुनिश्चित होगी। यह मार्ग स्कूली छात्रों, व्यापारियों, यात्रियों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से न केवल शहर का यातायात तंत्र सुदृढ़ होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य शहरों से जुड़ने वाले मार्गों की प्रभावशीलता भी बढ़ेगी।

टाटा प्ले बिंज और बीबीसी प्लेयर का गठबंधन भारत में दिलचस्प ब्रिटिश मनोरंजन लेकर आया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

टाटा प्ले बिंज ने बीबीसी प्लेयर के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी द्वारा टाटा प्ले बिंज के ग्राहक दुनियाभर में मशहूर ब्रिटिश मनोरंजन प्राप्त कर सकेंगे। वो पुरस्कार विजेता फिल्में और कार्यक्रम देख सकेंगे। यह साझेदारी भारतीय दर्शकों की पसंद का मनोरंजन पेश करने की ओर टाटा प्ले बिंज की एक महत्वपूर्ण पहल है। बीबीसी प्लेयर पर ड्रामा, कॉमेडी, डॉक्युमेंट्री, बच्चों और परिवारों के लिए एनिमेटेड सीरीज़, रोमांचक थ्रिलर और प्रेरणाप्रद कार्यक्रम उपलब्ध हैं। दर्शक बीबीसी के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम जैसे लूथर, प्राईड एंड प्रेज्युडिस, डॉक्टर हू और टॉप गियर के साथ आलोचकों द्वारा सराही गई सीरीज़, जैसे ग्रांड इंडियन होटल, सिटिजन खान, मि. बीन और द ग्रेट ब्रिटिश बेक ऑफ भी देख सकेंगे। खाने-पीने के शौकीनों के लिए मशहूर शेफ निगेला लॉसन का निगेलाज़ कुक, ईट, रिपीट और जेमी ओलिवर का जेमी ओलिवरः कुकिंग फॉर लेस है। बीबीसी प्लेयर पर प्लैनेट अर्थ 3 जैसे विशेष ऐतिहासिक कार्यक्रम भी हैं। युवाओं के लिए एंडीज़ एक्वेटिक एडवेंचर, जोजो एंड ग्रैन ग्रैन और जूनियर बेक ऑफ जैसे दिलचस्प कार्यक्रम हैं। इसलिए यहाँ पर परिवार के हर सदस्य को कुछ न कुछ मिलेगा। इस साझेदारी के बारे में टाटा प्ले की चीफ कमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, पल्लवी पुरी ने कहा, ''यह साझेदारी एक ही जगह दर्शकों को सम्पूर्ण मनोरंजन प्रदान करने का हमारा उददेश्य प्रदर्शित करती है। हमारी पेशकशें बीबीसी स्टूडियो की शानदार कहानियों और कार्यक्रमों के साथ और ज्यादा मजबूत होंगी। हमें विश्वास है कि दर्शकों को यह साझेदारी बहुत पसंद आएगी। स्टेनली फर्नांडिस, वाईस प्रेसिडेंट डिस्ट्रीब्यूशन, साउथ एशिया, बीबीसी स्टूडियोज़ ने कहा, ''हमें टाटा प्ले बिंज के साथ बीबीसी प्लेयर को और ज्यादा घरों तक पहुँचाने की खुशी है। हम बेहतरीन ब्रिटिश मनोरंजन प्रदान करते हैं। हमारे पास दिलचस्प ड्रामा, आकर्षक लाईफस्टाईल शो और बच्चों के पसंदीदा कार्यक्रम एक ही जगह उपलब्ध हैं। टाटा प्ले के साथ साझेदारी ने हमारा एक नया सफर शुरू किया है। अपने इस मजबूत गठबंधन के साथ हमने ओटीटी एग्रीगेशन की दुनिया में अपना विस्तार किया है।

समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से आमजनों तक योजनाओं को पहुंचाना सुशासन का उद्देश्य : विधायक मोहले

पायनियर संवाददाता ✍ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पंडरभट्ठा क्लस्टर अंतर्गत 02 हजार 578 आवेदनों का हुआ गुणवत्तापूर्ण निराकरण

सुशासन तिहार अंतर्गत मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पण्डरभट्ठा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय शामिल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण हुए। उन्होंने शिविर का विधिवत शुभारंभ किया और 14 ग्राम पंचायतों के 177 लोगों को शौचालय व 05 को पीएम आवास का प्रतिकात्मक चाबी, 04 हितग्राहियों को पशु एवं बकरी शेड निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही 05 कृषकों को पौधा वितरण, 05 हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि, 15 कृषकों को केसीसी योजना के तहत ऋण व 04 को एटीएम कार्ड वितरण, 02 बच्चों को श्रवण यंत्र, 01 हितग्राही को आईस बॉक्स, 10 को आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 07 को राशनकार्ड, 15 को पेंशन स्वीकृति पत्र, 12 को जॉब कार्ड, 04 स्व सहायता समूहों को सी.आई.एफ व आर.एफ का चेक तथा 07 महिलाओं को लखपति दीदी प्रमाण पत्र और 07 हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 10वीं व 12वीं के 16 विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोक कला संगीत के माध्यम से बूंद-बूंद पानी बचाना हैं का संदेश दिया गया और विष्णु के सुशासन में चलाई जा रही जनहितैषी और जन कल्याणकारी योजनाओं की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहले ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के लिए समाधान तिहार का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में शासन-प्रशासन की सक्रियता और प्रतिबद्धता से आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। उन्होंने आमजनों को योजनाओं की जानकारी दी और लाभ उठाने प्रेरित करते हुए कहा कि विष्णु के सुशासन में सांय-सांय काम हो रहा है। विधायक ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के मामले में मुंगेली जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होंने शिविर में मोर गॉव, मोर पानी अभियान अंतर्गत प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग बनाने, जल के अपव्यय को रोकने, कुआॅ, बावड़ी, तालाब आदि की सफाई के साथ भविष्य के लिए जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने आयुष्मान महाभियान में आमजनों से की सहभागिता की अपील

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार में जिले के अधिकारी-कर्मचारी आप लोगों की मांगों एवं समस्याओं के समाधान करने में लगातार जुटे हुए हैं। वे स्वयं सभी शिविरों में जाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि जिले की समस्याओं को वे बारीकी से समझ सकें और उसका गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा 21 मई को ''आयुष्मान महाभियान'' आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत जिले में 01 लाख प्लस कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रशासन की टीम द्वारा घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने लोगों को 21 मई को इस महाभियान में अधिक से अधिक सहभागिता निभाते हुए अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि 14 ग्राम पंचायतों में कुल 02 हजार 585 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें 02 हजार 578 आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर लिया गया है। सबसे ज्यादा पीएम आवास में 01 हजार आवेदन प्राप्त हुए, इनका नाम जोड़ लिया गया है।

नपं पथरिया में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए बिल्हा विधायक कौशिक

अटल परिसर का लोकार्पण एवं आकांशौचालयों का किया गया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ✍ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन संकल्प को मूर्त रूप देने हेतु नगर पंचायत पथरिया में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक शामिल हुए। कौशिक ने नगर पंचायत क्षेत्र में 19.95 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया, साथ ही 16.92 लाख रुपए की लागत से बनने वाले दो नग आकांशौचालयों का भूमिपूजन कर नगरवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने समाधान शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत 36 हितग्राहियों को लाभान्वित किया। इनमें 07 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 05 को आयुष्मान व वय वंदना कार्ड, 08 को नोनी सुरक्षा योजना अंतर्गत बॉन्ड पेपर, 09 को नवीन राशन कार्ड, 05 को हाफबिजली बिल प्रमाण पत्र एवं 02 हितग्राहियों को बैटरी चलित स्प्रेयर प्रदान किया गया। इससे पहले उन्होंने भक्त कर्मा माता चैक से अटल चैक तक आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लेकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। विधायक कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सुशासन तिहार का आयोजन हो रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का मौके पर समाधान और योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान करना है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का विशेष उल्लेख करते हुए देश की रक्षा में लगे वीर जवानों और सुरक्षा जागरूकता फैलाने वाले नागरिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि वार्ड क्रमांक 09 से 15 तक के लिए मंगल भवन में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें राजस्व, नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास, खाद्य तथा विद्युत विभाग से संबंधित कुल 522 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में सभी आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए।

समाधान शिविर में व्हीलचेयर मिलने से दिलीप के खिले चेहरे

पायनियर संवाददाता ✍ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली विकासखंड के ग्राम पंडरभट्ठा में आयोजित समाधान शिविर में एक दृश्य ऐसा भी था, जिसने जनकल्याण की भावना को जीवंत कर दिया। ग्राम चिरहूला के 65 वर्षीय दिलीप चतुर्वेदी, जो पिछले कई वर्षों से नस संबंधी गंभीर समस्या से जूझ रहे थे, व्हीलचेयर की आवश्यकता लेकर शिविर में पहुंचे। जैसे ही उन्होंने अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी, जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता और तत्परता की मिसाल पेश करते हुए तत्काल उन्हें व्हीलचेयर प्रदान किया। यह मानवीय पहल एक साधारण सहायता से कहीं अधिक थी। यह आत्मसम्मान, राहत और सहारे की वह भावना थी, जिसकी उन्हें वर्षों से तलाश थी। कार्यक्रम में उपस्थित मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वयं अपने हाथों से दिलीप चतुर्वेदी को व्हीलचेयर सौंपते हुए उन्हें पुष्पाहार पहनाकर शुभकामनाएं दीं। व्हीलचेयर पाकर भावविभोर दिलीप चतुर्वेदी की आंखों में आभार की चमक और चेहरे पर सच्ची मुस्कान देखने को मिली। उन्होंने बताया कि वे कई वर्षों से नसों की बीमारी से पीड़ित हैं, जिससे चलने-फिरने और दैनिक कार्यों में कठिनाई होती थी। लेकिन अब, व्हीलचेयर मिलने से उनकी परेशानियां काफी हद तक दूर हो गई हैं। दिलीप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और जनसेवा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और इस पहल को सच्चे जनसेवक की पहचान बताया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक मौजूद रहे।

''आयुष्मान महाअभियान'' को सफल बनाने अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

कलेक्टर ने किया निरीक्षण, कहा लक्ष्य को हासिल करने गंभीरता से लें प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ✍ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में आयुष्मान महाअभियान का आयोजन किया जाएगा। इस महाभियान अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर सुबह से शाम तक हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाएगी। इसके लिए जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल दाउपारा, जनपद पंचायत और शासकीय हाईस्कूल करही में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना शासन की जनहितैषी योजना है। जिले में 01 लाख प्लस कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य को प्राप्त करने प्रशिक्षण में गंभीरता से कार्य सीखें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति तथा कार्यक्रम की रूपरेखा की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण की बारीकियों के साथ प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिविरों एवं घर-घर संपर्क के माध्यम से अधिकतम लोगों तक पहुंच बनाकर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षण में प्रभावी ढंग से जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी और प्रशिक्षणार्थीगण मौजूद रहे।

बी.एड. एवं डी.एल.एड. परीक्षा 22 मई को, पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

मुंगेली। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा 22 मई को जिले के 22 केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार केंद्राध्यक्षों, नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं समन्वयक अधिकारियों को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने प्रशिक्षण में परीक्षा के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को निर्धारित समयानुसार पूर्ण करने और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में परीक्षा के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव अब्दुल हक ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ✍ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने विगत दिवस जिले के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की और प्रगतिरत 3333 योजनाओं को पूर्ण करने की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा किया गया। उन्होंने योजनाओं को समय-सीमा पर पूर्ण करने हेतु योजनावार कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त सचिव द्वारा जिले में प्रस्तावित समूह जलप्रपात योजनाओं के अंतर्गत बड़ाबनाई के समीप प्रस्तावित शंख नदी, ग्राम कदमटोली, घोलेंग, लोरो, मायली, देवबोरा, भंडरी और बगिया में संचालित योजनाओं का अवलोकन कर कार्य स्थल पर पाइप लाइन स्ट्रक्चर पूर्ण किए गए कार्य में प्रगति लाने और योजनाओं अंतर्गत् स्रोत विकसित कर जल प्रदान करने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि कार्य में प्रगति नहीं दिखने पर योजनाओं में किया गया भुगतान की वसूली सब इंजीनियर, एसडीओ और ठेकेदारों से किए किया जाएगा।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने पीएम जनमन मॉडल आवास छतौरी का किया निरीक्षण

- बिजली, पानी एवं पंखा की सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✍ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में संचालित सुशासन तिहार के तृतीय चरण में आवेदनों का समाधान के अवसर पर रविवार को आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करदना में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बस्ती पहुंचकर पीएम जनमन मॉडल आवास छतौरी का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप सचिव बी.के. राजपूत, सहायक आयुक्त अंबिकापुर ललित शुक्ला, सहायक आयुक्त जशपुर संजय सिंह, अनुविभागीय अधिकारी जशपुर ओकार यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा रघुनाथ राम, पी.ओ. मनरेगा नमिता, सब इंजीनियर संजय दिवाकर, सरपंच पटवारी और छात्रावास अधीक्षक उपस्थित थे। प्रमुख सचिव ने निरीक्षण के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों से उनकी सुविधाओं के संबंध में चर्चा किया और मंगरा राम, बिसानी बाई और अरविंद राम के आवासों का भ्रमण किया गया। प्रमुख सचिव के द्वारा पहाड़ी कोरवाओं से आवास निर्माण और उनके आवास के लिए आबंटित राशि के संबंध में जानकारी ली उन्होंने पूछा की आवास के लिए किसी के द्वारा पैसों की मांग तो नहीं की गई है। उसके जवाब में मंगरा राम के द्वारा बताया गया कि किसी के द्वारा पैसे की मांग नहीं किया गया है, साथ ही प्रमुख सचिव के द्वारा राशन कार्ड एवं महतारी वंदन योजना के संबंध में मंगरा राम एवं बिसनी बाई से चर्चा किया गया। उनके द्वारा राशन कार्ड से चावल लेने एवं महतारी वंदन की राशि निकालने में कोई परेशानी नहीं है बताया गया। पीएम जन मन आवास निर्माण छतौरी में कुल 13 आवास एवं शौचालय निर्मित है निर्माण के संबंध में प्रमुख सचिव के द्वारा संतुष्टि जाहिर की गई। पहाड़ी कोरवा झमा राम के द्वारा आवास में गर्मी के कारण पंखा एवं पानी हेतु नल कनेक्शन का मांग किया गया। जनपद सीईओ के द्वारा मुर्गी एवं बकरी शेड निर्माण, आंगनवाड़ी निर्माण एवं आवास स्थल में पेवर ब्लॉक लगाने संबंधी जानकारी दी गई। प्रमुख सचिव के द्वारा बिजली, पानी एवं पंखा लगाने के संबंधी में विभाग से

ऑपरेशन शंखनाद जारी -11 नग गौ वंशों को मुक्त कराया तस्करों के चंगुल से

पायनियर संवाददाता ✍ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश व नेतृत्व में ऑपरेशन शंखनाद के तहत लगातार गौ वंश तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है, जशपुर पुलिस के द्वारा ऑपरेशन शंखनाद जारी होने दिनांक से अब तक 850 से अधिक गौ वंशों को सकुशल, तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है, इसी क्रम में 18 मई को थाना बागबहार क्षेत्रांतर्गत पुलिस ने 11 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराने में सफलता पाई है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना बागबहार पुलिस को मुखबीर के जरिए सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति ग्राम माँकरचुआ, जंगल के रास्ते ,11 नग गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक मारते पीटते हुए, हांक कर शब्दमुंडा की ओर से होते हुए झारखंड ले जा रहे हैं। जिस पर थाना बागबहार पुलिस के द्वारा सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए, पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए स्थान माँकरचुआ जंगल पर जाकर देखा, तो पाया कि कुछ व्यक्ति जल्दी जल्दी 11 नग गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक मारते पीटते हुए ले जा रहे हैं,जिस पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी की गई, परंतु आरोपी तस्कर पुलिस को आता देख, जंगल का फायदा उठा कर भाग गए, पुलिस के द्वारा तस्करों के चंगुल से सभी 11 नग गौ वंशों को सकुशल मुक्त करा लिया गया है व सभी गौ वंशों का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। पुलिस के द्वारा आरोपी तस्करों के विरुद्ध छ ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है। मामले में फरार तस्करों की पता साजी जारी है, जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

वन नेशन, वन इलेक्शन पर जशपुर में सर्व समाज एवं सर्व संगठन द्वारा जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✍ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

श्री श्याम पैलेस में सर्व समाज एवं सर्व संगठन के संयुक्त तत्वावधान में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर एक भव्य जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जिले भर से सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मंच को संबोधित करते हुए अहिवारा के पूर्व विधायक साँवला राम डहरे ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे देश की प्रशासनिक क्षमता में वृद्धि होगी और संसाधनों की बचत होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि बार-बार चुनाव कराने की प्रक्रिया में जनता, प्रशासन और संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, जिससे बचाव हेतु यह व्यवस्था आवश्यक है।जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह पहल देश में विकास की रफ्तार को तेज करने में सहायक होगी, क्योंकि इससे राजनीतिक स्थिरता और निर्णय लेने की प्रक्रिया में निरंतरता सुनिश्चित होगी। वहीं, पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन से ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में जागरूकता बढ़ेगी और मतदाता भ्रमित नहीं होंगे। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक सुधार की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा ने किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी। संगोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक भरत साय, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश नंदे, जिला प्रभारी रामकिशुन सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा, नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, नपा उपाध्यक्ष युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष गंगा राम भगत, उपेन्द्र यादव, गोपाल राय, शांति भाग, राजकपूर भगत, गोविंद राम भगत, शंकर गुप्ता, रूपेश सोनी, संतोष सिंह, राजू गुप्ता, शरद चौरसिया, रीना बरला, ममता कश्यप, पिंकी गुप्ता, अंजू टोप्पो, असलम आज़ाद, हदीस अंसारी, पंकज जायसवाल, सुदाम पंडा, राजकुमार गुप्ता, आकाश वाजपेयी, बॉबी ताम्रकर, सुधीर भगत, कृपा भगत, शारदा प्रधान, तुलाधर यादव, नटवर मूंदडा, संतोष सहाय, दीपक गुप्ता, अंकित बंसल, राहुल गुप्ता, भुनेश्वरी बेहरा, नसरुल्लाह सिददीकी, इम्तियाज़, जुनैद अहमद, मनव्वर आज़ाद, सीताराम गुप्ता, विकास नाग, आकाश गुप्ता, अमित साय, अभिषेक मिश्रा, दीपू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, महिलाएं, युवा, बुद्धिजीवी वर्ग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विषय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी ने इस विचार का समर्थन किया।

अवैध रेत परिवहन पर सख्ती : दो हाइवा वाहन जब्त, चालकों पर कार्रवाई जारी

मुंगेली। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध सघन अभियान जारी है। इसी कड़ी में मुंगेली जिले में खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध रेत का परिवहन कर रहे दो हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन क्रमांक सीजी 04 पीसी 7002, जिसे चालक राजू निषाद चला रहा था, और सीजी 28 आर 6531, जिसे चालक लालू ध्रुव चला रहा था, दोनों ही वाहनों द्वारा मुंगेली क्षेत्र में बिना वैध अनुमति के रेत का परिवहन किया जा रहा था। खनिज विभाग की त्वरित कार्रवाई में दोनों वाहनों को रोककर रक्षित केंद्र मुंगेली में जब्त कर रखा गया है, और चालकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

छिपाए मशीन को फिर उतारा भैंसमुड़ी रेत खदान में, धड़ल्ले से जारी रेत का अवैध उत्खनन, सरकार की मंशा और खनिज सचिव के आदेश की उड़ रही धज्जियां

■ भाजपा नेताओं के संरक्षण में चल रहा रेत का काला कारोबार, अपनी ही सरकार की कर रहे हैं फजीहत

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में खनिज माफिया मुख्यमंत्री के विभाग के सेंधमारी करने में उतारू हो गए हैं। जिले के भैंसमुडी रेत खदान में फिर से अवैध रूप से रेत का उत्खनन शुरू हो गया है। छिपाए गए मशीन को रेत माफियाओं ने फिर से खदान में उतार दिया है, और महानदी का सीना छल्ली कर दिन रात जोरो से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। माफियाओं के गुर्गे हाइवा संचालकों को बकायदा फोन कर खदान शुरू होने की सूचना दे रहे है, वाट्सएप में भैंसमुडी खदान चालू है, ऐसी सूचना प्रसारित की जा रही है। 6 हजार 7 हजार में हाइवा लोडिंग की जा रही है। सरकार की मंशा और खनिज सचिव के आदेश की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। अभी कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद ने रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्ती के निर्देश दिए थे, पी.दयानंद ने कलेक्टरों एवं जिला खनिज अधिकारियों की बैठक लेकर कड़े निर्देश दिए थे। रेत से संबंधित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। खनिज सचिव पी. दयानंद ने निर्देश देते हुए कहा था कि रेत के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के माध्यम से निरंतर निगरानी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने तल्ख शब्दो में कहा था कि खनिज राजस्व की हानि रोकना शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। बावजूद मुख्यमंत्री के सचिव आदेश निर्देश का पालन होता जिले में नही दिखाई दे रहा हैं।

नियम कायदों को ताक पर रख किया जा रहा महानदी का सीना छल्ली - उल्लेखनीय हो कि जिले में रेत का अवैध काला कारोबार जोरो से जारी हैं। मोढी की गारंटी और साय की सुशासन वाली सरकार की उन्ही के नेता व कार्यकर्ता धज्जियां उड़ा रहे हैं। राज्य सरकार जहाँ अवैध कामों और भ्रष्टाचार को रोकने प्रतिबद्ध है, तो वही उन्ही के नेता व कार्यकर्ता सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। यहां यह कहना गलत नही होगा कि खनिज विभाग के जिम्मेदारों की संलिप्ता है। बालोद जिला प्रशासन के नाक के नीचे खनिज माफिया महानदी का सीना छलनी कर रहे हैं। बीते दिनों पायनियर ने लगातार खबर का प्रकाशन किया था। जिसके बाद खनिज माफियाओं द्वारा चैन माउंटेन मशीन को खदान से हटाकर छिपा दिया गया, और जब खनिज विभाग के अधिकारी कार्यवाही करने खदान पहुचे, तो उन्हें कुछ मौके पर कुछ नही मिला था। जिसके बाद अब पुनः खनिज माफियाओं द्वारा चैन माउंटेन मशीन को उतार धड़ल्ले से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सारे नियम कायदों को ताक पर रख चैन माउंटेन मशीन से महानदी का सीना छल्ली किया जा रहा है। एनजीटी के नियमो की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। 10-12 चक्का हाइवा से लोडिंग का 6 हजार और 7 हजार लिया जा रहा है। बता दे कि बालोद जिला इन दोनों खनिज माफियाओ के जकड़ में हैं और खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी खनिज माफियाओं के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं। इन सब के चलते राज्य सरकार की जमकर किरकिरी और फजीहत ही रही है। भाजपा के छुटभइया नेता व कार्यकर्ता अपने ही सरकार को बदनाम करने में लगे हुए है। जो पद और सरकार के नाम का धौंश दिखाकर अवैध कार्यो को अंजाम दे रहे है।

सरकार को करोड़ो की राजस्व की क्षति : अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर खनिज माफिया सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रविवार से भैंसमुडी में रेत का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। इन सब के पीछे भाजपा के छुटभइया नेता एवं कार्यकर्ताओं का बड़ा हाथ है, जो सीएम हाउस का नाम बता कर यहां पर अवैध रूप से कामों को अंजाम दे रहे हैं। जिसके चलते बालोद खनिज को करोड़ो रूपये की राजस्व की क्षति हुई हैं। जबकि खनिज सचिव ने खनिज राजस्व की हानि रोकने और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरतने के निर्देश दिए थे। बावजूद खनिज विभाग के अधिकारी अपने ही विभाग के सचिव के आदेश निर्देश की अवहेलना कर रहे है।

सरकार की हो रही फजीहत : जिन लोगो के द्वारा रेत का अवैध काले कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है वे अन्य जिलों के भाजपाई है, जिन्हें जिले के कुछ नेता संरक्षण दे रहे हैं। जो अपने ही सरकार की फजीहत करने में लगे हुए है। खुद को सीएम हाउस और एक मंत्री व सांसद से जुड़ा हुआ बताकर सरकार को बदनाम करने का काम कर रहे है। जबकि राज्य सरकार की कतई भी मंशा नही है कि अवैध कामो को बढ़ावा दिया जाए। स्वंय साय की सुशासन सरकार अवैध कामों और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने प्रशासन को कार्यवाही के लिए निर्देशित करती रहती है।

एनजीटी के नियमो की उड़ाई जा रही धज्जियां : भारत सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की नोटिफिकेशन और इसमें किए गए संशोधनों के मुताबिक रेत खदानों में खनन संचालन के लिए दी गई पर्यावरणीय अनापत्ति में, रेत का खनन मानव श्रम से किया जाना चाहिए। जिसमें मशीनों से रेत उत्खनन पूर्णता प्रतिबंधित है। लेकिन रेत उत्खनन में खनिज माफिया द्वारा राष्ट्रीय हरित न्यायालय (एनजीटी) के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और बालोद एवं कांकेर जिले का खनिज विभाग मौन साधे बैठा है।

टीबी मरीजों के लिए निःक्षय मित्र बने राज्यपाल डेका

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य के बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के 30 टी.बी. मरीजों की मदद के लिए निःक्षय मित्र बनते हुए 1 लाख 80 हजार रूपये की राशि अपने स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की है। इस सहायता से मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जायेगा जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राज्यपाल डेका ने बिलासपुर जिले के 10 टी.बी. मरीजों को एक वर्ष के लिए 60 हजार रूपये की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी है। इसी तरह सारंगढ़-बिलाईगढ़ और कोरिया जिलों के 10-10 टी.बी. मरीजों को भी प्रति माह पांच सौ रूपये के मान से एक वर्ष के लिए 60-60 हजार रूपये आर्थिक सहायता राशि दी गई है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की फ्लैगशीप योजना प्रधानमंत्री टी.बी मुक्त भारत अभियान के तहत देश एवं प्रदेश को वर्ष 2025 तक टी.बी मुक्त बनाना लक्ष्य है। डेका ने राज्य को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए समुदाय की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए जन सहयोग पर बल दिया है। जिलों के दौरों के दौरान वे स्वयं मरीजों की जानकारी लेते हैं और उनके लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाती है।

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संविदा पदों की प्रारंभिक चयन सूची जारी, दावा-आपत्ति 28 मई तक आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत राज्य बाल संरक्षण समिति एवं राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण में रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति के लिए प्रारंभिक चयन सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में 25 अक्टूबर 2024 को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके तहत प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक जांच उपरांत पात्र और अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है। जारी सूची में राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण के कार्यक्रम अधिकारी का एक पद, राज्य बाल संरक्षण समिति के सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर का और लेखा सहायक का एक-एक पद शामिल है। कुल तीन पदों पर चयन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रारंभिक सूची महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट एवं कार्यालय में उपलब्ध है।

आमजन के दुख-दर्द दूर करने व जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कटिबद्ध है प्रदेश सरकार : लखनलाल देवांगन

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि आमजनता विशेषकर समाज के अंतिम छोर तक खड़े व गरीब निर्धन व्यक्ति के दुख-दर्द को दूर करने एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से कटिबद्ध है और समूचे प्रदेश में चलाया जा रहा सुशासन तिहार इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में सुशासन स्थापित करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रही है, इसी कड़ी में राज्य के ग्रामीण व शहरी सभी क्षेत्रों में एक साथ सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य व कोरबा जिले के साथ-साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है, आयोजन के तीसरे चरण में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम कोरबा के पं.रविशंकर नगर जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विभागों निर्माण, जल प्रदाय, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास योजना, सम्पत्तिकर, संपदा, अतिक्रमण, स्थापना, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, सहित जिले के विभिन्न विभागों यथा राजस्व विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, कौशल विकास योजना सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से आमनागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न शिकायतों, समस्याओं व मांगों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। उद्योग मंत्री देवांगन ने शिविर में पहुंचकर वहाँ पर स्थापित विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया।

चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा की अध्यक्षता में समाज प्रमुखों की बैठक संपन्न

रायपुर। छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष, ध्रुव कुमार मिर्धा की अध्यक्षता में राजधानी रायपुर स्थित कार्यालय में समाज प्रमुखों की सामाजिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बोर्ड के सचिव संकल्प साहू सहित कृष्ण कुमार रायकर बिलासपुर, धर्मेन्द्र चौरे, गरियाबंद, विजय मेहरा, बिलासपुर, खेमराज बाकरे रायपुर, बुद्धेश्वर सोनवानी महासमुन्द, के. एल. टान्डेकर राजनांदगांव एवं समाज के अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे। बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा ने बोर्ड के कार्य एवं उददेश्यों पर चर्चा करते हुए बताया की राज्य में चर्म शिल्पकार को शासन की योजनाओं के माध्यम से स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, उन्नत प्रशिक्षण एवं उन्नत तकनीकी उपकरण प्रदान करना, चर्म शिल्पकार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग करना, स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों से ऋण स्वीकृत करवाना है। मिर्धा द्वारा पूर्व में मूलरूप से परंपरागत कार्य को छोड़ चुके व्यक्ति के लिये पुनः कार्य पुनर्जीवित करने के संबंध में समाज प्रमुखों से सुझाव मांगा गया।

महापौर मीनल चौबे काशीराम नगर पहुंची, व्यवस्थापन को लेकर रहवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने काशीराम नगर आवासीय परिसर में पहुंचकर वहाँ निवासरत परिवार के लोगों से व्यवस्थापन को लेकर चर्चा की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। महापौर ने अधिकारियों से व्यवस्थापन को लेकर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड पार्षद महेश ध्रुव, जोन 3 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता योगेश यदु, नरेश साहू की उपस्थिति रही।

राज्य सरकार की बड़ी पहल : आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रदायित सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष समिति गठित

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और महिलाओं को दी जा रही सामग्री की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों पर छत्तीसगढ़ शासन ने सख्त रुख अपनाया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस संबंध में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जांच के लिए विशेष समिति के गठन का आदेश दिया है। विभिन्न समाचार पत्रों और मीडिया में आई खबरों को दृष्टिगत रखते हुए मंत्री राजवाड़े ने विभागीय सचिव शम्मी आबिदी को तत्काल जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों और महिलाओं के लिए प्रदायित सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा ने रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति में संयुक्त संचालक (वित्त), महिला एवं बाल विकास संचालनालय (अध्यक्ष), प्रबंध संचालक, सी.एस.आई. डी.सी. द्वारा नामित प्रतिनिधि (सदस्य), प्राचार्य, जीईसी रायपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि (तकनीकी सदस्य), संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी (सदस्य), सहायक संचालक, आई.सी. डी.एस. (संयोजक), आईआरक्लास सिस्टम एंड सॉल्यूशन प्रा. लि. द्वारा नामित प्रतिनिधि (तकनीकी सदस्य), और एसजीएस इंडिया प्रा. लि. द्वारा नामित प्रतिनिधि (तकनीकी सदस्य) शामिल हैं।

एमआईसी मेंबर गायत्री ने किया मैकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य का निरीक्षण

रायपुर। नगर निगम की एमआईसी मेंबर गायत्री सुनील चंद्राकर ने टाटीबंध चौक से शास्त्री चौक तक शहर की स्वच्छता व्यवस्था हेतु मैकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक मशीनों के माध्यम से की जा रही सड़क सफाई प्रक्रिया को देखा और सफाई कर्मचारियों से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान चंद्राकर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैकेनाइज्ड स्वीपिंग के दौरान गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मशीनों की नियमित देखरेख, समय पर संचालन और कचरा निस्तारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता आवश्यक है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403